निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



षष्ठम विधानसभा के पंचम बजट सत्र-2026 में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन परियोजना के तहत प्रशिक्षण एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम में भाग लेते सीएम हेमंत सोरेन


• बोकारो, गुरुवार 12 फरवरी 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 266 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## आईईडी ब्लास्ट में दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चाईबासा** मंगलवार की शाम सारंडा जंगल में नक्सलियों द्वारा बिछाए गए आईईडी की चपेट में आने से दो ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना जराइकेला थाना क्षेत्र के तिरिलपोसी गांव के पास जंगल में हुई। घायलों की पहचान तिरिलपोसी गांव निवासी जय सिंह चेरोवा (35) और सलाई चेरोवा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह तिरिलपोसी गांव के करीब एक दर्जन ग्रामीण जंगल में सब्जी बनाने में उपयोग होने वाले फूल लाने गए थे। शाम करीब 4 बजे लौटने के दौरान जंगल में पहले से बिछाए गए आईईडी पर पैर पड़ते ही जोरदार विस्फोट हो गया। विस्फोट में जय सिंह और उसके साथ चल रहे सलाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही जराइकेला पुलिस और सीआरपीएफ के अधिकारी व जवान मौके के लिए रवाना हो गए। विस्फोट में घायल दोनों ग्रामीणों को अति-गंभीर स्थिति में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। इधर, संभावित आपात स्थिति को देखते हुए मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) को अलर्ट मोड पर रखा गया है। घटना की पुष्टि करते हुए जिले के एसपी अमित रेनू ने बताया कि सारंडा जंगल के कई इलाकों में नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में आईईडी बिछाई गई है। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी पुलिसिंग के माध्यम से ग्रामीणों को लगातार जंगल के अंदर दूर तक न जाने की सलाह दी जाती है। एसपी ने कहा कि सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों का काफी हद तक सफाया हो चुका है और जो बचे हैं, उनके खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# विधायी कार्य होंगे डिजिटल, बेहतर होगा समन्वय : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को झारखंड विधान सभा में आयोजित षष्ठ्म विधान सभा के पंचम (बजट) सत्र-2026 में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन परियोजना के तहत प्रशिक्षण एवं टैबलेट वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधान सभा में एनईवीए सेवा केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड विधान सभा में नीवा सेवा केंद्र के रूप में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। आज नीवा सेवा केंद्र का यहां विधिवत उद्घाटन हुआ है। राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन के माध्यम से कई चीजें आसान होंगी। इस एप्लीकेशन के माध्यम से विधान सभा के सदस्यगण विधायी कार्यों को सरलता और समयबद्ध तरीके से संपन्न कर सकेंगे। सदस्यों को अब विधान सभा सत्र के दौरान देर रात में यहां पहुंचकर प्रश्नों को डालने सहित अन्य कागजी प्रक्रियाओं के लिए आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। साथ ही साथ विधान सभा कर्मियों को भी ड्यूटी में सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि देश में लगभग 20 राज्यों के विधान सभा में राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन के माध्यम से डिजिटल एवं पेपरलेस तरीके से विधायी कार्यों को सम्पन्न करने की शुरुआत हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज झारखंड विधान सभा में सदस्यों को इस एप्लीकेशन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी से अवगत करा उन्हें टैबलेट भी प्रदान किया जा रहा है ताकि कार्यों का संपादन डिजिटल रूप से सरलता पूर्वक किया जा सके। आगामी विधान सभा सत्र में भी इस एप्लीकेशन के माध्यम से कई कार्य संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन के माध्यम से लोग बैंकिंग सहित कई ऑफिशियल कार्य भी आसानी से संपन्न कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गठन के 25 वर्ष हो चुके हैं, धीरे-धीरे ही सही पर झारखंड अब बेहतर दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। झारखंड विधान सभा अध्यक्ष के प्रयास से विधान सभा में सभी कार्य डिजिटल यानी कि पेपरलेस होने की ओर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब डिजिटल माध्यम से बेहतर कम्युनिकेशन बनेगा जिससे सदस्यों को काफी सुविधा होगी। पहले समन्वय के अभाव से कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन के उपयोग से अब कागजों के बंडलों की ढ़ेर में भी कमी आएगी तथा कार्यों में रफ्तार भी देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि किसी भी डिजिटल एप्लीकेशन का उपयोग करने से पहले कुछ चुनौतियां भी रहती हैं उन चुनौतियों के संदर्भ में आज यहां सदस्यों के लिए प्रशिक्षण सत्र भी रखा गया है। वर्तमान समय में साइबर अपराध एक चुनौती है। सदस्यों के किसी भी प्रश्नों में कोई हेर-फ़ेर न हो, कागजी प्रक्रिया में कोई बाधा न हो इस निमित्त नीवा सिक्योरिटी से संबंधित सारी जानकारी से अवगत रहने की जरूरत है ताकि इन सब चीजों से बचा जा सके।



### संक्षिप्त समाचार

#### फुलकू नदी किनारे से युवती का शव बरामद

**खूंटी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तोरपा प्रखंड अंतर्गत डोडमा गांव के पास फुलकू नदी के पास से बुधवार सुबह एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर तोरपा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में युवती की हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर आवश्यक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

#### दिनदहाड़े फल व्यवसायी को मारी गोली, गंभीर

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोलमुरी थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियों ने एक फल व्यवसायी पर गोली चला फरार हो गए। व्यवसायी का इलाज टाटा मेन हॉस्पिटल में चल रहा है। मामले को लेकर डीएसपी ने बताया कि गोलमुरी थाना अंतर्गत थाना से सटे प्ले ग्राउंड में अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक को गोली मार फरार हो गए हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक गोलमुरी थाना से कुछ दूरी पर अज्ञात अपराधियों ने कन्हैया यादव नाम के युवक को गोली मार दी। गोली लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### भाजपा नेता नागेश्वर दास ने दिया इस्तीफा

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड नगर निगम चुनाव की सरगर्मी तेज होने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी में अंदरूनी कलह थमने का नाम नहीं ले रहा है। दो दिन पूर्व भाजपा समर्थित मेयर प्रत्याशी डॉ. शैलेन्द्र चौधरी को समर्थन देने की घोषणा करने वाले भाजपा नेता सह मेयर प्रत्याशी नागेश्वर दास ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने भाजपा नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन पर दबाव बनाकर जबरन समर्थन की घोषणा करायी गयी थी। उनके इस्तीफ़े से जिले में राजनीति हलचल तेज हो गयी है।

#### झारखंड विधानसभा का बजट सत्र होगा खास

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र इस बार खास होने वाला है। इस बार के बजट सत्र में जहां विधानसभा पेपरलेस की दिशा में कदम बढ़ाता दिखेगा, वहीं सदन की कार्यवाही भी बदली सी दिखेगी। 18 फरवरी से शुरू हो रहे इस बजट सत्र में कुल 17 कार्य दिवस होंगे, जिसकी शुरुआत 18 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो के अनुसार यह सत्र स्वभाविक रूप से अहम होगा, क्योंकि साल भर के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजनाओं को इसी सत्र में पास किया जाता है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह भी इस बजट सत्र को खास मानते हुए कहती हैं कि महागठबंधन सरकार पिछले वर्षों की भांति इस बार भी जनता के उम्मीदों के अनुरूप बजट देगी।

## मां-बेटी का शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दुमका।** दुमका नगर थाना क्षेत्र स्थित वीर कुंवर सिंह चौंक के समीप सदर आरक्षी निरीक्षक कार्यालय के पिछले बरामदे से एक अर्ध विक्षिप्त महिला और उसकी 06 वर्षीय बेटी का शव बरामद किया गया है। दोनों के चेहरे पर खून के निशान मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि उनकी हत्या की गई है। मौके पर पुलिस पहुंच छानबीन कर रही है। बुधवार को मॉर्निंग वॉक कर लौट रहे लोगों ने देखा कि दुमका नगर थाना क्षेत्र के वीर कुंवर सिंह चौक स्थित सदर इंस्पेक्टर कार्यालय के समीप पिछले बरामदे पर एक 30 वर्षीय महिला और उसकी 06 वर्षीय बच्ची का शव पड़ा है। देखते ही देखे यह खबर चारों ओर फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। दोनों के नाक और मुंह से खून निकल रहा है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि उनकी हत्या हुई है। भीड़ में मौजूद कई लोगों ने बताया कि यह महिला पिछले कुछ दिनों से इधर ही भटक रही थी। कभी-कभी इसके साथ एक दिव्यांग व्यक्ति भी रहता था। हालांकि महिला कौन थी, कहां से आई थी इसकी जानकारी किसी के पास नहीं थी। महिला और बच्ची दोनों साथ रहती थी, जिससे यह पता चलता है कि दोनों मां-बेटी है। भीड़ में से ही किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी तो मौके पर नगर थाना की टीम पहुंची। उन्होंने अपनी जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ में यह प्रयास किया जा रहा है कि सबसे पहले उसकी शिनाख्त की जाए। इस संदर्भ में दुमका एसपी पीतांबर सिंह खेरवार से फोन पर बातचीत की गई। उन्होंने बताया कि शव मिलने की जानकारी मिली है। पुलिस मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रही है। छानबीन के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

## सड़क हादसे में महिला और मासूम बच्चे की मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी के नगड़ी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला और उसके मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। महिला अपने छह माह के बच्चे के साथ अपने मायके जा रही थी, उसी दौरान यह हादसा हो गया। रांची के नगड़ी स्थित पांडू रोड पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से महिला सुनीता मुंडा और उसके ढाई माह की बच्ची की मौत हो गई। महिला स्कूटी से अपने मायके जा रही थी। इसी दौरान एक ट्रैक्टर ने दोनों को कुचल दिया। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक ने स्कूटी में जबरदस्त टक्कर मार दी, उसके बाद वह ट्रैक्टर की चपेट में आने से मां और उसके बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मां और उसके मासूम बच्चे की मौत के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए जिसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। देखते ही देखते लोगों ने सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन करना भी शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों के सड़क पर उतरने की वजह से रांची-गुमला रोड पूरी तरह से जाम हो गया। वहीं, वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई। तीन घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद नगड़ी पुलिस ने सड़क से जाम हटवाया जिसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो पाई। जाम हटने के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रेमी संग मिलकर महिला ने की बेटे की हत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**साहिबगंज।** बरहरवा के रतनपुर गांव में अवैध संबंध छिपाने के मकसद से मां ने प्रेमी संग मिल 14 वर्षीय बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी और शव घर के पास पोखर में फेंक दिया। शव मिलने के तीन दिन बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बुधवार को बताया कि रतनपुर निवासी आयुष कुमार ने अपनी मां मीनू देवी (33) को ममेरे भाई रोहित साहा (30) के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा था। इसका विरोध करने पर मीनू देवी और उसके प्रेमी रोहित साहा ने उसकी हत्या कर दी थी। बरहरवा एसडीपीओ ने बताया कि 7 फरवरी को ग्राम रतनपुर निवासी आयुष कुमार की हत्या अज्ञात व्यक्तियों द्वारा किए जाने की सूचना मिली थी। मृतक के पिता द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर बरहरवा थाना में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर मृतक की मां मीनू देवी और मृतक का ममेरा भाई रोहित साहा निवासी धरमपुर, थाना रांगा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि पिछले दो वर्षों से उनके बीच अवैध संबंध थे। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल पर पहुंचने पर मृतक के गर्दन पर नाखून के निशान पाए गए, जिससे हत्या की आशंका मजबूत हुई। इसके अलावा मृतक की मां द्वारा पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार करना, शव को तालाब से घर लाने की कहानी और परिजनों के बयान में विरोधाभास पुलिस के संदेह को और बढ़ाता गया। सख्त पूछताछ के बाद मीनू देवी ने अपराध स्वीकार कर लिया।

## 9600 करोड़ के बहुचर्चित घोटाले में युवक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में दर्ज 9600 करोड़ रुपये के बहुचर्चित वित्तीय घोटाले के मामले में क्राइम ब्रांच क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट की टीम ने झारखंड के गिरिडीह जिले से एक युवक को गिरफ्तार किया है। जमुआ थाना क्षेत्र के निजामगंज में छापेमारी कर 41 वर्षीय गुलशन कुमार दराद को हिरासत में लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह बड़ा वित्तीय घोटाला जनवरी माह में तमिलनाडु के कोयंबटूर में दर्ज किया गया था। मामले की जांच वहां की सीबी-सीआईडी टीम कर रही है। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर टीम गिरिडीह पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी गुलशन दराद को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर सीबी-सीआईडी की टीम कोयंबटूर रवाना हो गई है, जहां उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, गुलशन दराद कोयंबटूर में एक टूरिज्म कंपनी चलाता था। जांच एजेंसियों को शक है कि इसी कंपनी के माध्यम से वित्तीय लेन-देन में अनियमितता की गई। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये के संदिग्ध ट्रांजैक्शन सामने आए हैं। सूत्रों का कहना है कि इस घोटाले में गुलशन के पांच से छह दूसरे सहयोगियों की भी संलिप्तता हो सकती है। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। कार्रवाई से पहले तमिलनाडु सीबी-सीआईडी ने गिरिडीह के पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार से संपर्क किया था। उनके निर्देश पर खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस टीम गठित की गई। सीबी-सीआईडी की टीम जमुआ थाना प्रभारी के सहयोग से आरोपी के आवास पर पहुंची। वहां छापेमारी कर गुलशन दराद को हिरासत में लिया गया। कार्रवाई के दौरान उसके परिजन भी घर में मौजूद थे और अचानक हुई इस कार्रवाई से वे स्तब्ध रह गए।

## 50 हजार के इनामी समेत तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी आदेश गंझू समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आदेश गंझू पर विभिन्न थानों में कुल 21 आपराधिक मामले दर्ज हैं और सरकार ने उस पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। यह गिरफ्तारी बनवार गांव के पकरुवा जंगल से हुई। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में आदेश गंझू (पिता जगतु गंझू, होंहे, टंडवा, चतरा), उज्जवल कुमार (पिता हुलास राणा, मिसरौल, टंडवा, चतरा) और सुभाष कुमार (पिता नागेश्वर साहू, मिसरौल, टंडवा, चतरा) शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 35 जिंदा गोलियां, दो मोबाइल फोन, टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के पर्चे, दस्तावेज, एक डायरी और दो बाइक बरामद की है। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आदेश गंझू अपने चार-पांच साथियों के साथ बनवार गांव स्थित पकरुवा जंगल में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। इस सूचना के आधार पर एक छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, उनके कुछ अन्य साथी भागने में सफल रहे। एसपी ने यह भी बताया कि आदेश गंझू पहले टीएसपीसी संगठन के लिए काम कर चुका है। वर्ष 2024 में जेल से बाहर आने के बाद वह कुछ साथियों के साथ टीएसपीसी और जेजेएमपी उग्रवादियों के नाम पर लेवी वसूलने का काम कर रहा था। वह कोलियरी क्षेत्र बालूमाथ, बारियातू, चतरा, हजारीबाग, मैक्लुस्कीगंज और खलारी में लेवी मांगने, फायरिंग और आगजनी की कई घटनाओं में शामिल रहा है। हाल ही में चतरा में हुई आगजनी के एक मामले में भी आदेश गंझू शामिल था। गिरफ्तार किए गए सुभाष कुमार के खिलाफ भी चतरा जिले में एक आपराधिक मामला दर्ज है।



## एनएचएम के 298 पदों पर बहाली प्रक्रिया रद्द


**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड के अंतर्गत 298 संविदा पदों पर चल रही बहाली प्रक्रिया को आखिरकार रद्द कर दिया गया है। चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं और योग्य अभ्यर्थियों को सूची से बाहर रखने के आरोपों के बाद यह कदम उठाया गया। इस बहाली का विज्ञापन 20 जून 2025 को जारी किया गया था। अब संभावना है कि पूरी प्रक्रिया को नए सिरे से शुरू करते हुए दोबारा विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति ने इस संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह को जानकारी दे दी है। मामले के तूल पकड़ने के बाद सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बहाली रद्द करने का निर्णय लिया। एनएचएम कार्यालय द्वारा कुल 298 पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति की जानी थी।

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ पलामू पुलिस ने शुरू किया पोस्टर वॉर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ पुलिस ने पोस्टर वार शुरू किया है। एक समय में नक्सलियों के खिलाफ पोस्टर वॉर की शुरुआत की गई थी। नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता के बाद पुलिस ने सड़क हादसा, महिलाओं के खिलाफ अपराध, अफीम की खेती, बाल विवाह एवं विभिन्न समाजिक कुरीतियों के खिलाफ लड़ाई शुरू की है। इस लड़ाई में पुलिस पोस्टर का इस्तेमाल कर रही है। पलामू पुलिस, पोस्टर वॉर को महत्वपूर्ण मान रही है एवं आम ग्रामीणों को इससे जोड़ रही है। पोस्टर के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है और ग्रामीणों को कानूनी जानकारी एवं सलाह दी जा रही है। पलामू के सभी थाना प्रभारी स्कूली बच्चों से लेकर आम ग्रामीणों को एक-एक बिंदु को जानकारी दे रहे हैं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों के नंबर को भी साझा कर रही है ताकि विपरीत परिस्थितियों में ग्रामीण मदद मांग सके। पुलिस के पोस्टर का कई इलाकों में असर भी नजर आने लगा है। पुलिस ग्रामीण इलाकों में पोस्टर को चिपका रही है जबकि आधुनिक तकनीक को भी अपना रही है। पोस्टर का डिजिटल स्वरूप सोशल मीडिया में शेयर किया जा रहा है ताकि विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। पुलिस इस लड़ाई में सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल कर रही है। थाना प्रभारी एवं विभिन्न पुलिस अधिकारी, ग्रामीण से जुड़े कई सोशल मीडिया ग्रुप में जुड़ रहे हैं एवं पोस्टर संबंधी जानकारी को शेयर कर रहे हैं। पुलिस पोस्ट के माध्यम से विभिन्न परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को सलाह भी दे रही है और इसके गाइडलाइन के बारे में जानकारी भी दे रही है। पलामू के मनातू का इलाका अफीम की खेती के लिए चर्चित है। अफीम की खेती के खिलाफ जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस मनातू के विभिन्न इलाकों में पहुंची थी एवं ग्रामीणों के बीच पोस्टर को बांटा था। ग्रामीणों ने पोस्टर के माध्यम से मिली कानूनी जानकारी के बाद मनातू के कुसहा में अफीम की फसल को नष्ट कर दिया था और पुलिस को इससे संबंधित जानकारी साझा की है। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि पलामू पुलिस के द्वारा पोस्टर कैंपेन शुरू किया गया है। पोस्टर कैंपेन का उद्देश्य है कि समाज के अंतिम लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके और उनकी समस्याओं को सुना जा सके। विभिन्न सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी पोस्टर कैंपेन सफल हो रहा है। सड़क दुर्घटना में लोग मदद भी पहुंचा रहे हैं। आज के दौर में अधिकतर लोग सोशल मीडिया से जुड़े हुए हैं। यही वजह है कि पोस्ट को विभिन्न सोशल मीडिया ग्रुप में शेयर किया जा रहा है। दो-तीन प्रतिशत भी लोग जागरूक हो जाए तो पुलिस यह समझेगी कि उनका अभियान सफल हो रहा है।



# हजारीबाग में झामुमो समर्थित मेयर प्रत्याशी विकास राणा के चुनावी अभियान का आगाज, उमड़ा जन सैलाब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** नगर निगम चुनाव को लेकर झामुमो समर्थित मेयर प्रत्याशी विकास राणा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को बंशीलाल चौक के पास मंगल बाजार स्थित सिटी सेंटर कॉम्प्लेक्स में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिमरिया विधानसभा के प्रत्याशी मनोज चंद्रा, झामुमो जिला सचिव नीलकंठ महतो, केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा और इजहार अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और समर्थक मौजूद रहे, जिससे पूरे इलाके में चुनावी उत्साह देखने को मिला। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए झामुमो प्रवक्ता सतीश दास ने कहा कि पार्टी ने विकास राणा पर भरोसा जताया है और सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाने के लिए जुटेंगे।

उन्होंने कहा कि विकास राणा जनसमस्याओं से जुड़े नेता हैं और नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देने की क्षमता रखते हैं। नगर नेत्री श्वेता दुबे ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में सफाई, पेयजल, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, जिन्हें विकास राणा के मेयर बनने के बाद प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास राणा हमेशा जनता के बीच उपलब्ध रहेंगे और शहर को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास करेंगे।



महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुनीता देवी ने सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास राणा एक अनुभवी, सुलझे हुए और लोकप्रिय नेता हैं। उनके नेतृत्व में हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा और शहर को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने महिलाओं और युवाओं से भी अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। अपने संबोधन में विकास राणा ने कहा कि वे करीब 25 वर्षों से राजनीति में सक्रिय हैं, लेकिन पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है, वे उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

उन्होंने नगर निगम क्षेत्र की जनता से अपील की कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर उन्हें सेवा का अवसर दें, ताकि वे हजारीबाग के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकें। विकास राणा ने बताया कि उनका क्रम संख्या 5 है और चुनाव चिन्ह ह्लबेंच छापह्व है। उन्होंने जनता से अपील की कि बेंच छाप पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय सदस्यों सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे और पूरे आयोजन के दौरान उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम में जिला सचिव नीलकंठ महतो, केंद्रीय सदस्य मो. इजहार अंसारी, सुनील शर्मा, रंजीत मेहता, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र मेहता, नईम राही, जिला कोषाध्यक्ष मो. अख्तर अंसारी, सतीश नारायण दास, सुधीर पांडे, आनंद सिंह, अजय कुमार, रामा सोनी, श्वेता दुबे, सुनीता देवी, दयानंद मेहता, नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश, मीडिया प्रभारी कैसर जमाल, इफ्तेखार अहमद, सुहेब खान, अब्दुल्ला खान, परवेज आलम, जितेंद्र ठाकुर, दीपक राय, अजय साव, संतोष कुमार, कुंदन पाठक, संजय कुमार, मो. रहबर, आजाद खान, सोनू, मेराज, बबलू दुबे, प्रशांत कुमार, बाबु विक्रम, आनंद सिंह सहित झामुमो के कई नेता और सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिवपुरी वार्ड-22 में मिताली रश्मि के चुनावी कार्यालय का शुभारंभ, जनता में दिखा उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)।** शिवपुरी वार्ड संख्या-22 की वार्ड पार्षद प्रत्याशी मिताली रश्मि के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर वार्ड के सैकड़ों नागरिक, समर्थक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। फीता काटकर कार्यालय का विधिवत और बैठकों का केंद्र बनेगा। निशांत प्रधान ने कहा कि मिताली रश्मि वार्ड के लिए कुछ नया और बेहतर करने के संकल्प के साथ मैदान में उतरी हैं और सभी वार्डवासियों को मिलकर उनका साथ देना चाहिए। अपने संबोधन में मिताली रश्मि ने शिवपुरी के वरिष्ठ और गणमान्य नागरिकों का आभार जताते हुए कहा कि जिन लोगों ने शिवपुरी को



शुभारंभ किया गया, जिसके बाद पूरे इलाके में उत्साह और चुनावी माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिताली रश्मि ने कहा कि उनका लक्ष्य शिवपुरी वार्ड को विकास की नई ऊँचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वार्ड की बुनियादी समस्याओं—जैसे सड़क, नाली, सफाई और पानी—के समाधान को उनकी प्राथमिकता में रखा जाएगा।

उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे आगामी चुनाव में क्रम संख्या-1 अलमारी छापह्व पर वोट देकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि वार्ड को एक नई पहचान मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित मोहर दास ने कहा कि इस बार शिवपुरी की जनता विकास के मुद्दे पर मतदान करेगी और मिताली रश्मि को भारी मतों से जीत दिलाएगी। वहीं ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि चुनावी कार्यालय खुलने से वार्डवासियों को अपनी समस्याएं सीधे रखने का मौका मिलेगा और समाधान की प्रक्रिया तेज होगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यालय चुनाव तक जनसंवाद बसाने में श्रमदान और अर्थदान किया है, उनका आशीर्वाद उनके लिए शक्ति है। उन्होंने कहा कि वे इन सभी के कार्यों को आगे बढ़ाते हुए शिवपुरी के विकास की नई कहानी लिखेंगी। उद्घाटन के मौके पर ज्ञानचंद मेहता, दीपक नाथ सहाय, अशोक कुमार सिन्हा, दिलीप राम, अधिवक्ता ललन कुमार, मनोज मोदी, अनूप मेहता, शीला देवी, आचार्य जगदीश दास, शुभम दुबे, प्रवीण कुमार, सुनील सिंह राठौड़, प्रकाश शर्मा, संजय सिंह, निशिकांत सिंह, शशि मोहन सिन्हा, सुधा प्रधान, सोनम प्रिया, अनीता पांडे, लक्ष्मी देवी, रेशमी देवी, लवली सिन्हा, सरिता विश्वकर्मा, बिंदु देवी, प्रियंका तिवारी, आरती सिन्हा, पूनम सिंह, श्वेता, राधा देवी, बीना सिंह, सुमित्रा देवी, जुली सिंह, बसंती देवी, कलावती दुबे, मीनू जी, बीना देवी, मीना गुप्ता सहित सैकड़ों महिला-पुरुष और वार्डवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में समर्थकों ने नारेबाजी कर प्रत्याशी के प्रति अपना समर्थन जताया और वार्ड के विकास का संकल्प दोहराया।

## संक्षिप्त समाचार

### शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को लेकर 12 फरवरी को प्लस टू हाई स्कूल गिरिडीह में प्रशिक्षण आयोजित

**गिरिडीह (नबिटासं)।** नगरपालिका (आम) निर्वाचनझ2026 के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन के उद्देश्य से कल दिनांक 12 फरवरी को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक प्लस टू हाई स्कूल गिरिडीह में पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी, तृतीय मतदान पदाधिकारी और चतुर्थ मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया हैं।

### गिरिडीह की छह विधानसभा क्षेत्रों में आम हड़ताल को लेकर सड़क पर उतरे संगठन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 12 फरवरी को प्रस्तावित आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए विभिन्न जनसंगठनों और वाम दलों के नेता सक्रिय हो गए हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा, झामस, एक्टू, भाकपा माले और असंगठित मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांव-गांव और शहरों में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं संगठनों के नेताओं ने सड़कों पर उतरकर लोगों से हड़ताल में भाग लेने की अपील की। इस आंदोलन का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान महासभा के पूरन महतो, माले नेता राजेश सिन्हा, कन्हाई पांडेय, मेहताब अली मिर्जा गिरिडीह अजीत राय मधुबन पीरटांड़ शंकर पांडेय बेंगाबाद तथा रामलाल मुर्मू बेंगाबाद कर रहे हैं हड़ताल के प्रमुख मुद्दा आंदोलनकारी नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए लेबर कोड मजदूर वर्ग के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। उनका आरोप है कि इन कानूनों से श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा कमजोर होगी नेताओं ने मनरेगा योजना को कमजोर या समाप्त करने के प्रयासों को ग्रामीण गरीबों और गांवों पर हमला बताया। उनका कहना है कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसे खत्म करना लाखों परिवारों को बेरोजगारी की ओर धकेल देगा इसके साथ ही अमेरिकी डील को भारत की आर्थिक संप्रभुता के खिलाफ बताते हुए कहा गया कि इससे देश की नीतियों पर बाहरी दबाव बढ़ेगा। किसानों के संदर्भ में नेताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें असमान और विनाशकारी प्रतिस्पर्धा के सामने खड़ा किया जा रहा है, जिससे कृषि क्षेत्र संकट में पड़ सकता है जनता से समर्थन की अपील भाकपा माले सहित सभी संगठनों ने राज्य की जनता, मजदूरों, किसानों, नौजवानों, छात्रों और महिलाओं से 12 फरवरी की आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने का आह्वान किया है नेताओं ने कहा कि यह हड़ताल केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एक मजबूत और लोकतांत्रिक आवाज होगी तथा जनहित के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का माध्यम बनेगी।

### मेयर प्रत्याशी अरविंद कुमार राणा का तूफानी जन-संपर्क अभियान, जनता का भरपूर समर्थन

**हजारीबाग ब्यूरो (नबिटासं)।** हजारीबाग नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर प्रत्याशी अरविंद कुमार राणा का जन-संपर्क अभियान तेज होता जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने हजारीबाग जिले के कूद, रेवाली, कुम्हार टोली, विष्णुपुरी और शिवदयाल नगर के विभिन्न टोलों में तुफानी जन-संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। जन-संपर्क अभियान के दौरान महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कई लोगों ने स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग कर अरविंद कुमार राणा के प्रति अपना विश्वास प्रकट किया। क्षेत्र की जनता ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि आगामी नगर निगम चुनाव में अरविंद कुमार राणा को भारी मतों से विजयी बनाया जाएगा। इस अवसर पर मेयर प्रत्याशी अरविंद कुमार राणा ने कहा कि उन्हें हजारीबाग की जनता का अपार स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जनता ने उन्हें सेवा का अवसर दिया तो नगर निगम क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। नालियों की नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने और स्वच्छ शहर की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि बिजली की समस्याओं को लेकर भी नगर निगम स्तर पर त्वरित समाधान की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आम नागरिकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। 24 घंटे के भीतर समस्याओं के निवारण का प्रयास किया जाएगा और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा। अरविंद कुमार राणा ने यह भी कहा कि उनका लक्ष्य एक स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित हजारीबाग बनाना है। जन-संपर्क अभियान में प्रमुख रूप से हीरा राम, पप्पी करण, सुरज पांडेय, प्रवीण कुमार सिंह,सुधीर यादव उर्फ पिंकू यादव, जयकुमार महतो, अरुणा कुमार, सुनील कुमार चंद्रवंशी, सतीश कुमार, ब्रजेश कुमार, विक्की कुमार सिन्हा, नीरज कुमार, रोहित कुमार, मुकेश कुमार सहित दर्जनों की संख्या में समर्थक एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## वार्ड 6 से संजीव कुमार उर्फ गुड्डू ने ठोकी ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** नगर निकाय चुनाव को लेकर वार्ड संख्या -6 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी संजीव कुमार उर्फ गुड्डू ने अपना जनसंपर्क अभियान तेज करते हुए वार्डवासियों से समर्थन की अपील की है। उनका चुनाव चिन्ह ह्लडबल रोटीह्व है तथा मतपत्र पर उनका क्रम संख्या 7 है संजीव कुमार ने कहा कि उनका संकल्प वार्ड को स्वच्छ, सुरक्षित विकसित और आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि जीत मिलने पर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी मुख्य वादे और प्राथमिकताएं प्रत्याशी ने अपने घोषणा पत्र में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया है। इनमें



सभी कच्ची गलियों का पक्कीकरण एवं सड़कों का निर्माण मरम्मत, नाली-जल निकासी की सुदृढ़ व्यवस्था, नियमित साफ-सफाई एवं वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन शामिल हैं।पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर घर तक स्वच्छ जल उपलब्ध कराने, खराब चापाकलों की मरम्मत तथा सभी चौक चौराहों पर पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने का आश्वासन दिया गया है।

युवाओं के लिए ओपन जिम की स्थापना, पार्क व हरित क्षेत्र का विकास तथा खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने की भी योजना बताई गई है। वहीं महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु विशेष योजनाएं चलाने सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता लाने और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था बनाने की बात कही गई है इसके अलावा स्वास्थ्य जांच शिविर, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, स्कूलों की सुविधाओं में सुधार तथा वार्ड विकास निधि के पारदर्शी उपयोग का भी वादा किया गया है संजीव कुमार ने कहा कि वे चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में वार्डवासियों के सुख-दुख में साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि ह्लडबल रोटीह्व चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि वार्ड का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

## प्रकाश कुमार दास ने मेयर पद के लिए ठोकी ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव 2026 को लेकर शहर की सियासत गरमाती जा रही है। इसी क्रम में गिरिडीह महापौर पद के प्रत्याशी प्रकाश कुमार दास ने चुनाव मैदान में अपनी दावेदारी पेश करते हुए जनसमर्थन की अपील की है।

उन्होंने ह्लस्वच्छ शहर झ सुरक्षित शहर समृद्ध शहरह्व के संकल्प के साथ चुनावी अभियान को तेज कर दिया है प्रकाश कुमार दास ने स्वयं को योग्य, युवा, कर्मठ, शिक्षित और संघर्षशील प्रत्याशी बताते हुए कहा कि उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि सेवा है। उन्होंने कहा कि वे सामाजिक सोच रखने वाले मिलनसार उम्मीदवार के रूप में शहर के हर वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलना चाहते हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वे क्रमांक संख्या 09 पर चुनाव चिन्ह ह्लबाल्टी छापह्व पर मुहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं अपने संदेश में प्रकाश कुमार दास ने कहा कि यदि उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलता है तो शहर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा तथा विकास कार्यों को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गिरिडीह की पहचान एक स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित शहर के रूप में स्थापित करना उनका मुख्य लक्ष्य है चुनावी सरगर्मी के बीच प्रकाश कुमार दास का जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है।

## महापौर प्रत्याशी प्रमिला मेहरा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

### झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने फीता काटकर किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**गिरिडीह ।** नगर निगम चुनाव को लेकर शहर की राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र के बड़ा चौक स्थित महापौर प्रत्याशी श्रीमती प्रमिला मेहरा के चुनाव प्रचार कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन झारखंड मुक्ति मोर्चा झामुमो के जिलाध्यक्ष श्री संजय सिंह ने फीता काटकर किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे उद्घाटन समारोह के दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनाव शहर के विकास की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण चुनाव है। उन्होंने कहा कि प्रमिला मेहरा एक जुझारू, सक्रिय एवं समाजसेवी छवि की उम्मीदवार हैं, जिन्होंने वर्षों से जनता के सुख-दुख में भागीदारी निभाई है। उनके नेतृत्व में गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में विकास की नई दिशा और गति मिलेगी महापौर प्रत्याशी प्रमिला मेहरा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उनका मुख्य लक्ष्य स्वच्छ, सुंदर और सुव्यवस्थित गिरिडीह का निर्माण करना है।

उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में पेयजल, सफाई व्यवस्था, नाली-गली निर्माण, स्ट्रीट लाइट महिला सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे उन्हें आशीर्वाद और समर्थन देकर सेवा का अवसर प्रदान करें इस दौरान कार्यकताओं ने नारेबाजी कर माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। प्रचार कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही चुनावी गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। बताया गया कि आगामी दिनों में वार्ड स्तर पर जनसंपर्क अभियान को और तेज किया जाएगा तथा घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साधा जाएगा कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी महिला मोर्चा की सदस्याएं, युवा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद मिठाई वितरण कर खुशी का इजहार किया गया नगर निगम चुनाव के मद्देनजर इस उद्घाटन को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## ग्राम आमझोर में किशोरी नेतृत्व व जेंडर समानता पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा (बोआरीजोर)।** गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड अंतर्गत ग्राम आमझोर में किशोरियों के सशक्तिकरण हेतु किशोरी नेतृत्व, जेंडर समानता एवं संवेदीकरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन रास्ता संस्था गोड्डा द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 40 किशोरियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को नेतृत्व कौशल, अधिकारों की जानकारी, लैंगिक समानता की समझ तथा हिंसा के विभिन्न रूपों के प्रति जागरूक करना था, ताकि किशोरियां अपने जीवन से जुड़े निर्णयों में आत्मनिर्भर बन सकें और समाज में




सकारात्मक बदलाव का नेतृत्व कर सकें कार्यक्रम की शुरूआत जागरूकता गीत के साथ हुई।

इसके बाद प्रतिभागियों का परिचय सत्र आयोजित किया गया, जिससे सभी किशोरियों को एक-दूसरे से जुड़ने तथा खुलकर संवाद करने का अवसर मिला प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रमिला द्वारा जेंडर समानता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि समाज में लड़का और लड़की दोनों समान हैं तथा शिक्षा, अवसर, सम्मान और निर्णय लेने के अधिकार में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जेंडर आधारित भेदभाव किशोरियों के आत्मविश्वास, शिक्षा और भविष्य को प्रभावित करता है। वहीं उषा द्वारा हिंसा के विभिन्न स्वरूपों पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से यौनिक हिंसा के विषय पर स्पष्ट, संवेदनशील और व्यावहारिक जानकारी दी गई। उन्होंने किशोरियों को बताया कि हिंसा केवल शारीरिक नहीं होती, बल्कि मानसिक भावनात्मक एवं यौनिक हिंसा भी गंभीर समस्या है। साथ ही उन्होंने यह भी समझाया कि किसी भी प्रकार की हिंसा या गलत व्यवहार की स्थिति में सहायता लेने, भरोसेमंद व्यक्ति से बात करने और सुरक्षित कदम उठाने की आवश्यकता होती है। अगले सत्र में मेरी द्वारा सत्ता पावर के विषय पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सत्ता केवल पद या ताकत नहीं, बल्कि अपने अधिकारों को पहचानने, निर्णय लेने और अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की क्षमता भी है।

## मेयर टिकट को लेकर बीजेपी में बगावत, नागेश्वर दास ने पार्टी छोड़ी, नेतृत्व पर लगाए गंभीर आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी में खुली बगावत सामने आ गई है। मेयर पद के दावेदार रहे भाजपा नेता नागेश्वर दास ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर संगठन की अंदरूनी राजनीति को सार्वजनिक कर दिया है।

बुधवार को प्रेसवार्ता कर उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर पक्षपात, दबाव की राजनीति और धनबल को प्राथमिकता देने जैसे गंभीर आरोप लगाए।नागेश्वर दास ने कहा कि वर्षों से पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकताओं की अनदेखी की गई है। उन्होंने दावा किया कि जिले के कई वरिष्ठ नेताओं ने उनके नाम की सिफारिश की थी, लेकिन इसके बावजूद शीर्ष नेतृत्व ने ऐसे व्यक्ति को समर्थन दिया जो मुख्य रूप से व्यवसाय से जुड़ा है उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे और प्रभाव के दम पर एक स्थानीय डॉक्टर को मेयर पद के लिए समर्थन दिया गया। दास ने इसे ह्लसमर्पित कार्यकताओं का अपमानह्व करार देते हुए कहा कि पार्टी में अब मेहनत और निष्ठा की नहीं, बल्कि प्रभाव और आर्थिक ताकत की पूछ हो रही है नागेश्वर दास ने तीखा तंज कसते हुए कहा कि यदि यही स्थिति रही तो भविष्य में पार्टी को रिम्स के किसी डॉक्टर को ही मुख्यमंत्री बना देना चाहिए।

## वन विभाग पुलिस की कार्रवाई, 2 एकड़ में लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग) ।** चौपारण थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। 11 फरवरी 2026 को मिली सूचना के आधार पर दैहर पंचायत अंतर्गत पत्थलगड़ा और करगा के जंगलों में अभियान चलाया गया, जहां करीब दो एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से उगाई गई अफीम की फसल को चिन्हित कर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान मौके से 8 डिलीवरी पाइप बरामद किए गए, जिन्हें वहीं नष्ट कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, अवैध खेती में संलिप्त लोगों की पहचान और नाम-पते का सत्यापन किया जा रहा है। दोषियों की पहचान होते ही



उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इस संयुक्त अभियान में एसडीपीओ बरही अजित कुमार बिमल, थाना प्रभारी चौपारण सरोज सिंह चौधरी, एसआई सुबिंदर राम, एसआई सरवन कुमार, एसआई दिव्य प्रकाश, एएसआई बादल महतो, एएसआई कमरुद्दीन, सशस्त्र बल के जवान तथा वनपाल सरवन कुमार शामिल थे। पुलिस ने बताया कि दुर्गम इलाकों में ड्रोन की मदद से अवैध खेती वाले क्षेत्रों की पहचान कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध मादक पदार्थों की खेती और तस्करी के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अध्यक्षता में मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** नगरपालिका (आम) निर्वाचन - 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं सुचारु संचालन के उद्देश्य से आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)झसहझउपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में मतदान कर्मियों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न कराया गया। रैंडमाइजेशन के अंतर्गत मतदान केंद्रों पर तैनात किए जाने वाले पीठासीन पदाधिकारी प्रथम मतदान पदाधिकारी द्वितीय मतदान पदाधिकारी तृतीय मतदान पदाधिकारी, चतुर्थ मतदान पदाधिकारी, माइक्रो ऑब्जर्वर एवं अन्य निर्वाचन कर्मियों का कंप्यूटराइज्ड माध्यम से चयन किया गया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कर्मियों की तैनाती




पूर्णत रैंडम तरीके से हो तथा किसी भी व्यक्ति को पूर्व में उसके कार्यस्थल या क्षेत्र की जानकारी न हो। रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी की देखरेख में एवं संबंधित कोषांगों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के सभी मानकों का पालन किया गया। रैंडमाइजेशन के पश्चात कर्मियों को उनके दायित्वों एवं मतदान दिवस से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस दौरान सभी आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक मानकों का पालन किया गया। प्रक्रिया पूरी होने

- प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात सभी संबंधित कर्मियों को उनके मतदान केंद्र, दायित्व एवं चुनावी जिम्मेदारियों की जानकारी प्रदान की गई
- यह रेंडमाइजेशन प्रक्रिया जिले के अंतर्गत नगर निगम गिरिडीह, नगर पंचायत बड़की सरैया एवं धनवार नगर पंचायत क्षेत्र के लिए कराई गई संपन्न

के पश्चात सभी संबंधित कर्मियों को उनके मतदान केंद्र, दायित्व एवं चुनावी जिम्मेदारियों की जानकारी प्रदान की गई। यह रेंडमाइजेशन प्रक्रिया जिले के अंतर्गत नगर निगम गिरिडीह, नगर पंचायत बड़की सरैया एवं धनवार नगर पंचायत क्षेत्र के लिए संपन्न कराई गई। निर्वाचन कार्य के लिए जिले में कुल 166 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं द्वितीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त, सामान्य प्रेक्षक गिरिडीह नगर निगम, शब्बीर अहमद, सामान्य प्रेक्षक, बड़की सरैया नगर पंचायत, सामान्य प्रेक्षक, धनवार नगर पंचायत, उप निर्वाचन पदाधिकारी तेज कुमार हांसदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी निवार्ची पदाधिकारी, नगर निकाय चुनाव एवं जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा किसी जाति या विशेष वर्ग की पार्टी नहीं : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयनगर(कोडरमा)।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं जल संसाधन मंत्री, झारखंड सरकार हफीजुल हसन ने जयनगर प्रखंड के पिपचो में एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। उनके आगमन झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता नौशाद आलम ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा किसी एक जाति या विशेष वर्ग की पार्टी नहीं है, बल्कि यह सभी वर्गों, समुदायों और समाज के हर तबके की आवाज है। उन्होंने कहा कि पार्टी में लगातार विभिन्न समाज के लोगों का जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि जनता सरकार की नीतियों और कार्यों पर भरोसा जता रही है। उन्होंने कहा हमारी सरकार का लक्ष्य है कि गांव और प्रखंड स्तर तक विकास की रोशनी पहुंचे। जब स्थानीय उद्यमी आगे बढ़ते हैं तो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। सरकार हर उस पहल के साथ खड़ी है, जो समाज और क्षेत्र के विकास में योगदान देती है। मंत्री ने कहा कि जिस ऊंचाई पर मुख्यमंत्री ने झारखंड को पहुंचाया है, वह कल्पना से भी परे है। उन्होंने कहा कि आज राज्य विकास, सामाजिक न्याय और जनकल्याण के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। आज विपक्ष परेशान है। कई तरह के हथकंडे अपनाए गए, हमारे खिलाफ साजिशें रची गईं, लेकिन हमने सभी हथकंडों का मुंहतोड़ जवाब दिया।



पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, प्रमुख अंजू देवी, यासिम खान, 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह,विनोद रजक सहित अन्य मौजूद रहे।

## धनबाद में एसएससी एमटीएस की परीक्षा रद्द, अभ्यर्थियों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र स्थित कौआबांध के एलेक्सा आईटी सोल्यूशन केंद्र पर बुधवार को आयोजित एसएससी एमटीएस की तीनों पालियों की परीक्षा अचानक रद्द कर दी गई। इसके पीछे की वजह सर्वर में तकनीकी खराबी बताई जा रही है। वहीं परीक्षा रद्द होने की सूचना मिलने के बाद परीक्षा केंद्र पर मौजूद अभ्यर्थियों में नाराजगी बढ़ गई। कई अभ्यर्थियों ने इस बात का विरोध जताया। झारखंड समेत बिहार के अलग-अलग जिलों के अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए धनबाद पहुंचे थे। झारखंड और बिहार के विभिन्न जिलों से परीक्षा में शामिल होने धनबाद पहुंचे अभ्यर्थियों ने बताया कि बिना पूर्व सूचना परीक्षा रद्द कर दिए जाने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब की मिनी फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब की एक मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री चंदवारा पश्चिमी पंचायत के मोहगाइ गांव अंतर्गत भुइयां टोली में चांदनी तालाब के पास एक मुर्गा फार्म की आड़ में संचालित की जा रही थी। पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब, शराब निर्माण में प्रयुक्त केमिकल, खाली बोतलें, ढक्कन तथा झारखंड सरकार के उत्पाद विभाग की स्टीकर लगी बोतलें बरामद की हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि मोहगाइ गांव के आसपास नकली शराब बनाने का अवैध धंधा चल रहा है। सूचना के आलोक में चंदवारा थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें तकनीकी शाखा के जवान भी शामिल थे। बुधवार को गठित टीम ने भुइयां टोली स्थित एक पुराने मकान में छापेमारी की, जहां से मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा हुआ।

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। बताया गया कि इस अवैध फैक्ट्री में आठ अलग-अलग ब्रांड की नकली अंग्रेजी शराब तैयार की जाती थी। पुलिस बरामद सभी सामग्री को जब्त कर थाना ले आई है। फिलहाल पुलिस इस मामले में विस्तृत जानकारी देने से परहेज कर रही है, जबकि मुख्य सरगना की तलाश तेज कर दी गई है। गौरतलब है कि चंदवारा थाना क्षेत्र में इससे पहले भी 12 मार्च 2024 को चिलोडीह गांव में एक मिनी शराब फैक्ट्री का खुलासा हुआ था, जहां से भारी मात्रा में नकली शराब बरामद की गई थी। उस मामले में जोबा महतो व उनके एक सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, जबकि उनका पुत्र संतोष महतो फरार रह गया था।

# भारत बंद को कांग्रेस का नैतिक समर्थन, प्रदर्शन में कांग्रेसी भी होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोडरमा।** कोडरमा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा विभिन्न किसान संगठनों के समर्थन से 12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल (भारत बंद) का आह्वान किया गया है। इस भारत बंद को कांग्रेस पार्टी ने नैतिक समर्थन देने का निर्णय लिया है। प्रकाश रजक ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं सांसद के.सी. वेणुगोपाल द्वारा इस संबंध में पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि यह हड़ताल भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की श्रम सुधार नीतियों और आर्थिक फैसलों के विरोध में की जा रही है। उन्होंने कहा कि नए लेबर कोड लागू होने से मजदूरों की नौकरी की सुरक्षा कमजोर हुई है,



कानूनी संरक्षण में कटौती हुई है तथा नियुक्ति और छंटनी में नियोक्ताओं को अधिक स्वतंत्रता मिल गई है, जिससे मजदूरों के अधिकारों और हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

उन्होंने बताया कि किसान संगठनों ने भी इस भारत बंद को अपना समर्थन दिया है, जो मौजूदा नीतियों को लेकर किसानों और मजदूरों के बीच बढ़ती असंतोष को दर्शाता है। जारी पत्र में सभी राज्य कांग्रेस कमिटियों से देशव्यापी हड़ताल को नैतिक समर्थन देते हुए पूर्ण एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की गई है।

इसी क्रम में न्याय, सम्मान और उचित आर्थिक नीतियों की मांग को लेकर मजदूरों एवं किसानों के लोकतांत्रिक संघर्ष के समर्थन में 12 फरवरी की सुबह 8 बजे बांझेडीह पावर प्लांट के गेट नंबर–1 के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान करने की अपील की है।

# राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेले में डीएलएसए पलामू ने लगाया स्टॉल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सदर प्रखंड के दुबियाखाड में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेले में पलामू डीएलएसए स्टॉल लगाया। इस दौरान स्टॉल पर मौजूद पीएलवी विनय प्रसाद प्रमोद रंजन दास गुप्ता विकास कुमार तिवारी व शैलेंद्र कुमार तिवारी ने लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया। साथ ही लोगों के बीच पंपलेट बांटे गए। इस क्रम में बीएस लॉ कॉलेज के प्राचार्य के नेतृत्व में लॉ कॉलेज के छात्राओं ने भी लोगों को जागरूक किया। पारा लीगल वॉलिंटियर विनय प्रसाद ने लोगों को कानून के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी हाल में बगैर हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलना चाहिए। अगर किसी तरह एक्सीडेंट हो जाए तो हेलमेट ही जान की सुरक्षा करता है। उन्होंने लोगों से डीएलएसए पलामू के माध्यम से



समझौता के आधार पर मामले के निपटारे की जानकारी दी। उन्होंने लोक अदालत में सुलहनीय मामलों की जानकारी दी।

ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने वीर आदिवासी क्रांतिकारियों के गाथा प्रस्तुत किए

ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने राजकीय आदिवासी महाकुंभ मेले में लगाए गए स्लॉट पर वीर आदिवासी क्रांतिकारियों के गाथा प्रस्तुत किए। स्कूल के बच्चों ने सिद्धो- कान्हो, चांद- भैरव व नीलांबर- पीतांबर के भेष में मेले में आए लोगों को आकर्षित किए। ओजस्वी वाणी से परिपूर्ण बच्चों ने बेबाक तरीके से आदिवासी वीरों की आवाज को रूपांतरित किया। ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे ने उपस्थित लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर किया। मौके पर स्कूल के निदेशक पंडित प्रदीप प्रजापति समेत स्कूल के शिक्षक व छात्र मौजूद थे।

# महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक विरासत पर जोर




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा प्रखंड स्थित डिग्री कॉलेज में महाविद्यालय एवं विद्या विकास शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आज "सप्तशक्ति संगम" कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।जिसमें चंदवारा गांव की महिलाओं ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यशाला का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती माता के तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया गया। प्रमुख संबोधन और प्रेरणादायक वक्तव्य कार्यक्रम के दौरान कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचारों से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूनम सिंह विभाग संयोजक विद्या विकास भारती हजारीबाग कार्यक्रम को संबोध ने कुटंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डालते हुए बिखरते संयुक्त परिवार के नुकसान से अवगत कराया एवं अपने भारतीय संस्कृति परंपरा और गौरव का बोध कराया और सभी को इन क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।जिला परिषद सदस्य नीतू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि मातृ शक्ति को अपने अंदर छिपे साथ गुना को एहसास करने एवं जीवन में धारण करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपप्रमुख खुशबू देवी,मुखिया संतोष कुशवाहा,मुखिया अनिता देवी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव,कृष्णा राणा,प्रकाश राणा,मिथिलेश कुमार, प्रकाश कुमार कुशवाहा,सुनील कुमार, दुलारी देवी यदि लोग मौजूद थे।

# कोई आदिवासी गरीब ना रहे, तब समझेंगे कि आदिवासी महाकुंभ मेला लगाने का हुआ सपना साकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** बड़ी आशा व विश्वास के साथ दुबियाखाड में वर्ष 1994 में आदिवासी महाकुंभ मेला की शुरूआत की थी। मेरा सपना था कि कोई आदिवासी गरीब ना रहे। ठीक उसी प्रकार जैसे मेदिनीराय के बारे में कहा जाता है - धन-धन भाग मेदनिया घर-घर बाजे मथानिया। उक्त बातें झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कही। वे बुधवार को दुबियाखाड में आयोजित दो दिवसीय आदिवासी महाकुंभ मेले का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। नामधारी ने कहा कि वे बिहार सरकार में राजस्व मंत्री के दौरान सोनपुर मेला का उद्घाटन किया था। उस समय ऐसा लगा था कि क्यों ना दुबियाखाड में पूरे आदिवासी समाज को एक जगह लाकर मेले के माध्यम से उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जाए। इसी उद्देश्य उन्होंने आदिवासी महाकुंभ मेले की शुरुआत कराई थी। उन्होंने कहा कि उनका सपना है कि कोई भी आदिवासी गरीब ना रहे। आदिवासियों की जमीन कोई न लूट सके। आदिवासी अपने खेतों की जुताई ट्रैक्टर से करें। कोई भी आदिवासी बच्चा अशिक्षित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे आदिवासी परिवार को इसके लिए सामने आना पड़ेगा। नामधारी ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इसे सरकारी मेल घोषित किया है इसके लिए वह उनके आभारी हैं। लेकिन इस मेले में काफी कमी देखने को मिल रही है। कहा कि पहले यहां मेला लगता था तो रांची से डॉक्टरों की टीम आई थी। जरूरतमंदों का इलाज होता था। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने किया। मौके पर चेरो जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक हरे राम सिंह चेरो ने आदिवासी संस्कृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने आदिवासी समाज की एकता पर जोर दिया।



### समाज कल्याण विभाग की ओर से कराई गई 43 वर-वधूओं की शादी

मेले में 43 वर-वधूओं को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ दिया गया। मेले में बने मंडप में 43 वर-वधूओं को समाज कल्याण विभाग की ओर डीएसडब्ल्यू नीता चौहान ने शादी कराई व आशीष दिया। मौके पर 10 लोगों को सावित्रीबाई फुले योजना, पांच लोगों को अन्नप्राशन व पांच लोगों को गोद भराई किया गया। मेला परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाया गए थे।

कहा कि आदिवासी समाज की एकता ही पहचान है। इसके वगैर विकास संभव नहीं है। मौके पर अजय सिंह चेरो, सदर प्रखंड प्रमुख बसंती देवी मुखिया आनंद सहित कई ने संबोधित किया।

मेले में कई तरह की दुकानें लगी थी। इनमें पारंपरिक मिष्ठान लकठो सहित पकौड़ी सिंघाड़ा आदि के ठेले लगे हुए थे। मेले में कई प्रकार के झूले लगाए गए थे इसका आनंद बच्चे व महिलाएं ले रही थी।

# पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण के पिता शिवलोचन महतो पंचतत्व में विलीन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता के पिता शिव लोचन महतो बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका दाह संस्कार कोईरी पत्तरा घाट पर किया गया। मुखाग्नि विधायक डॉक्टर शशि भूषण मेहता ने दी। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। शिव लोचन महतो का पार्थिव बुधवार सुबह मौर्य हाउस से उनके पैतृक गांव कोइरीपतरा लाया गया। गांव पहुंचते ही अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विधायक के पैतृक आवास पर हजारों की संख्या में ग्रामीण, समर्थक, जनप्रतिनिधि व शुभचिंतक पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया। पूरे गांव का वातावरण गमगीन हो गया। ग्रामीणों की आंखें नम थी। बुधवार दोपहर गांव के श्मशान घाट पर पूरे विधि- विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार की रस्म विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता ने स्वयं निभाई। शव यात्रा में विधायक सहित इष्ट-मित्र, परिजन, हजारों कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। मौके पर विधायक के भाई राजकमल वर्मा, संतोष मेहता, संजय मेहता,भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, मनोज सिंह, अमित तिवारी, समाजसेवी डब्लू सिंह, रामदास साहू, जिला प्रतिनिधि सह मंडल अध्यक्ष प्रकाश मेहता, सरोज चटर्जी, लाल सूरज, मुमताज खान, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, राजन मेहता, विजय कुशवाहा, रिंकी यादव, लाला प्रसाद यादव, विनोद कुमार, सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश दुबे, छोटेलाल सोनी, अनूप प्रियदर्शी, राजा गुप्ता, प्रमुख सुनील कुमार पासवान, कामेश यादव, राजन मेहता, संदीप पासवान, अविनाश वर्मा, संजय चंद्रवंशी, दयानंद सिंह, नरेश राम चंद्रवंशी, राहुल प्रियदर्शी, महेश यादव, बसंत वर्मा, उदेश यादव, राजेंद्र यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष मंदीप मेहता ,चंदन सिंह, वशिष्ठ सिंह, सुचित भुइयां, जिला परिषद प्रदीप कुमार, राजेंद्र सिंह, सतेंद्र यादव, नौलेश मेहता, अशोक यादव, अमारिक भुइयां, रंजय भुइयां, अशोक सिंह, दिलिप मेहता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# इंटर की परीक्षा अब 24 फरवरी को मतदान के कारण बदला शेड्यूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में होने वाले निकाय चुनाव का असर अब शैक्षणिक कैलेंडर पर भी दिखने लगा है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने चुनावी प्रक्रिया को देखते हुए इंटरमीडिएट समेत कई कक्षाओं की परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। 23 फरवरी को निर्धारित इंटर की परीक्षा अब 24 फरवरी को आयोजित की जाएगी।

**मतदान के कारण परीक्षा तिथि में किया गया बदलाव**

परिषद की ओर से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, हिंदी बी और मातृभाषा विषय की इंटरमीडिएट परीक्षा 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। पहले यह परीक्षा 23 फरवरी को होना थी, लेकिन उसी दिन निकाय चुनाव के लिए मतदान होना है। परीक्षा और मतदान एक साथ होने से छात्रों को परेशानी हो सकती थी, जिसे देखते हुए तिथि में बदलाव का निर्णय लिया गया है।11वीं कक्षा की परीक्षाओं के कार्यक्रम में भी परिवर्तन किया गया है। अब यह परीक्षा 25, 26 और 28 फरवरी को दो पालियों में आयोजित होगी। प्रत्येक विषय 40 अंकों का होगा। चुनावी व्यस्तता और संसाधनों के उपयोग को ध्यान में रखते हुए यह बदलाव किया गया है।

**अब 2 मार्च को होगी परीक्षा**

27 फरवरी को मतगणना निर्धारित है। इसी कारण आठवीं कक्षा की परीक्षा, जो पहले उस दिन होनी थी, अब 2 मार्च को कराई जाएगी। आठवीं की परीक्षा दो शिफ्ट में होगी। इसके लिए छात्र 20 फरवरी से जैक की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

नौवीं कक्षा के परीक्षा कार्यक्रम में भी संशोधन किया गया है। अब नौवीं की परीक्षाएं 6 और 7 मार्च को होंगी। संबंधित छात्र 24 फरवरी से अपना एडमिट कार्ड ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। वहीं, इंटरनल असेसमेंट के मार्क्स 8 मार्च से 18 मार्च के बीच पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे।

**परीक्षार्थियों ने राहत की सांस लीः** गौरतलब है कि राज्य में 23 फरवरी को मतदान और 27 फरवरी को मतगणना प्रस्तावित है। परीक्षा तिथि और चुनावी कार्यक्रम के टकराव को लेकर विद्यार्थी लगातार संशोधन की मांग कर रहे थे। परिषद के इस फैसले से परीक्षार्थियों को राहत मिली है।

# देवघर में महाशिवरात्रि की तैयारी लगभग पूरी, शिव बारात होगा आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर निकलने वाली भव्य शिव बारात को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय कलाकारों और श्रद्धालुओं तक हर कोई इस दिव्य आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने में जुटा है। शहर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो चुका है और गलियों में 'बोल बम' एवं 'हर हर महादेव' की गूंज सुनाई दे रही है।

सन 1994 से देवघर में शिव बारात की साज-सज्जा का दायित्व संभाल रहे कलाकार मार्कण्डेय जज्बाड़े ने बताया कि इस वर्ष की बारात में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक संदेश की भी अनूठी प्रस्तुति देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बार 'हैकर दैत्य' की विशेष झांकी निकाली जाएगी। जिसके माध्यम से संथाल परगना क्षेत्र में बढ़ रहे साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। झांकी के माध्यम से लोगों को साइबर ठगी से बचने का तरीका बताया जाएगा।

इसके अलावा बारात में भूत-पिशाच और विभिन्न पौराणिक आकृतियों की आकर्षक प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। खास बात यह है कि इस वर्ष भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विश्व कप में शानदार सफलता भी झांकी के माध्यम से दर्शायी जाएगी। कलाकारों का कहना है कि शिव बारात केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज और समय का प्रतिबिंब भी है।

इधर, प्रशासन भी शिव बारात को लेकर पूरी तरह सतर्क है। नगर आयुक्त रोहित सिन्हा ने बताया कि शिव बारात जिन मार्गों और चौक-चौराहों से होकर गुजरेगी, वहां अतिक्रमण हटाने का निर्देश जारी कर दिया गया है। वे स्वयं रूटलाइन का निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरुस्त कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन/2025/06/आर, दिनांक** 09.02.2026, उप सीपीएम/ इलेक्ट/जीएसयू/आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-06-आर, कार्य का नाम:** कार्य के विद्युत (सामान्य) अंश हेतु खुली निविदा-आसनसोल मंडल: (क) तुलसीटांड़ में अप लूप, (ख) छोटा अमबोना में अप द्वितीय लूप का प्रावधान, (ग) तापसी में डीडी-2 लाइन के लिए/से डायरेक्ट रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड की रिमॉडलिंग और (घ) गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधीन सोनाचारा में आइसोलेशन के साथ पूर्ण लंबाई का लूप। **निविदा मूल्य:** रु. 2,49,82,954.16, **बयाना राशि:** रु. 2,74,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 06.03.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-347/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: 08-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, दिनांक** 09.02.2026, मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति यूनिट, मालदा मंडल, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पीओ: झलझलिया, जिला: मालदा, पिन: 732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: 8-जीएसयू-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम:** "मालदा मंडल के साहिबगंज स्टेशन के पश्चिम केबिन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 82बी/टी के स्थान पर रोड ओवरब्रिज का निर्माण" के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 50,40,36,271.21, **निविदा की अंतिम तिथि:** दिनांक 10.03.2026 वेबसाइट और सूचना पट: **www.ireps.gov.in**

MLD-320/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# धनबाद के एसएनएमएमसीएच में मुफ्त डायग्नोस्टिक सेवा ठप, बीपीएल मरीजों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) में गरीब मरीजों को मिलने वाली मुफ्त डायग्नोस्टिक सुविधाएं फिलहाल ठप हो गई हैं। मणिपाल हेल्थ मैप डायग्नोस्टिक के तहत बीपीएल श्रेणी के मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन की मुफ्त जांच सेवा बंद कर दी गई है, जिससे सबसे अधिक परेशानी आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को झेलनी पड़ रही है। अब तक बीपीएल कोटे के मरीजों को SNMMCH में मणिपाल हेल्थ डायग्नोस्टिक के माध्यम से अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन की जांच बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाती थी, लेकिन सेवा बंद होने के बाद मरीजों को इन जांचों के लिए निजी जांच केंद्रों का सहारा लेना पड़ रहा है या फिर अस्पताल परिसर में ही शुल्क अदा करना पड़ रहा है।

**भुगतान बकाया बना मुख्य वजह**

इस संबंध में मणिपाल हेल्थ मैप के मैनेजर बैद्यनाथ ठाकुर ने बताया कि सरकार की ओर से लगभग 1 करोड़ 40 लाख रुपये का भुगतान बकाया है। लंबे समय से राशि का भुगतान नहीं होने के कारण सेवा प्रदाता कंपनी ने मुफ्त जांच सेवा बंद करने का निर्णय लिया है। डॉक्टरों की कमी से बढ़ी समस्या स्थिति को और गंभीर बनाते हुए एसएनएमएमसीएच के रेडियोलॉजी विभाग में तैनात तीन अल्ट्रासोनोग्राफी डॉक्टरों में से दो डॉक्टर मातृत्व अवकाश पर हैं। इससे अल्ट्रासाउंड जांच कराने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने के बावजूद सेवाएं सीमित हो गई हैं।

सीटी स्कैन के लिए बाहर जाना मजबूरी एसएनएमएमसीएच के वरिष्ठ प्रबंधक डॉ. सुमन कुमार ने बताया कि भुगतान नहीं होने के कारण बीपीएल मरीजों के लिए अल्ट्रासोनोग्राफी और सीटी स्कैन की मुफ्त सेवाएं फिलहाल बंद हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल के पास अपनी अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है, जिससे किसी तरह सेवा दी जा रही है, लेकिन सीटी स्कैन की सुविधा बाधित है। ऐसे में मरीजों को जांच के लिए बाहर के निजी केंद्रों का रुख करना पड़ रहा है। मुफ्त जांच सुविधा बंद होने से गरीब और जरूरतमंद मरीजों की परेशानी काफी बढ़ गई है। बीपीएल श्रेणी के मरीजों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है और इलाज में भी देरी हो रही है। कुल मिलाकर सरकारी भुगतान में हो रही देरी ने एसएनएमएमसीएच की स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था को प्रभावित किया है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग और राज्य सरकार इस समस्या का समाधान कब तक करती है।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

शुद्धि पत्र सं. डब्लयु 584 /ई-टेंडरिंग/ 287-DHN-2025-26, धनबाद, दिनांक : 09.02.2026

यह सूचित किया जाता है कि ई-निविदा सं. 287-DHN-2025-26 दिनांक 18.01.2026 के बंद होने एवं खुलने की तारीख को क्रमशः 09.02.2026 को 12:00 बजे तक एवं 12:30 बजे से के बदले में **13.02.2026 को 12.30 बजे तक बंद होना एवं 12:35 बजे से खुलना** पढ़ा जाये।

ई-निविदा सं. 287-DHN-2025-26, दिनांक 08.01.2025 में दर्शायी गयी अन्य विवरण, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं होगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/1769/डीएचएन/अभि./सी/25-26/20

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

ई-निविदा संख्या 262_2025-26, अनुमानित मूल्य: रु.32,40,18,905.10, बयाना राशि: रु. 17,70,100/-, नियत तिथि/समय: दिनांक 23.02.2026 को 14.00 बजे, जो पूर्व में मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा प्रकाशित की गई थी, को एतद्द्वारा तकनीकी कारण से "**निरस्त**" किया जाता है।

HWH-610/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पुलिस मुठभेड़ में अपराधी जख्मी

**लूट, डकैती सहित कई मामलों में है वांछित**

**वरीय पदाधिकारी ने लिया घटना का जायजा**


**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** फुलवारीशरीफ क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और कुख्यात अपराधी राजीव कुमार उर्फ सूर्या के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें वह घायल हो गया। मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

राजीव कुमार उर्फ सूर्या, पिता यदु राय, निवासी सिद्धी घाट, दीवान मोहल्ला (थाना खाजेकलां, जिला पटना) का आपराधिक इतिहास लंबा बताया जाता है। वह आलमगंज और खाजेकलां थाना क्षेत्रों में सक्रिय रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उस पर लूट, डकैती की तैयारी, अवैध हथियार रखने, चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त, धोखाधड़ी तथा बिहार मद्य निषेध कानून के उल्लंघन सहित कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वर्ष 2022 में आलमगंज थाना कांड संख्या 560/22 (26 जुलाई 2022) में उस पर भारतीय दंड संहिता की धारा 399, 402, 34 तथा आर्म्स एक्ट की धारा के तहत डकैती की तैयारी और अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज हुआ था। इसी वर्ष 23 जुलाई को आलमगंज थाना कांड संख्या 550/22 में धारा 394 के तहत लूट का केस भी दर्ज किया गया।

वर्ष 2023 में चोरी के माल से जुड़े मामलों में उसका नाम सामने आया। आलमगंज थाना कांड संख्या 732/23 (14 अगस्त 2023) और कांड संख्या 734/23 में धारा 413/414 के तहत कार्रवाई हुई। वहीं खाजेकलां थाना कांड संख्या 530/23 में धारा 414 और बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30 के तहत मामला दर्ज किया गया।

वर्ष 2024 में भी उसके खिलाफ नए मामले दर्ज हुए। आलमगंज थाना कांड संख्या 595/24 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(6) तथा आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ। खाजेकलां थाना कांड संख्या 290/24 और सुलतानगंज थाना कांड संख्या 271/24 में धारा 309(4) के तहत मामले दर्ज हैं। इससे पहले मेंहदीगंज थाना कांड संख्या 184/20 में उसके खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और चोरी के सामान से संबंधित धाराओं 420, 467, 468, 469, 471 और 414 क्ढउ के तहत केस दर्ज था।



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उस पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी। फिलहाल मुठभेड़ की विस्तृत जांच जारी है और आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## कोबरा को पूजा करने उमड़ रहे लोग

**बक्सर।** गोपालडेरा गांव इन दिनों आस्था और रहस्य का अनोखा संगम बना हुआ है। गांव के एक झाड़ीदार इलाके से एक ही जगह पर पिछले कई दिनों से एक कोबरा सांप का बार-बार निकलना लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, सांप लगभग प्रतिदिन उसी स्थान से बाहर आता है, कुछ देर तक फन फैलाकर बैठता है और फिर झाड़ियों में वापस चला जाता है। इस असामान्य दृश्य ने लोगों के मन में भय से अधिक श्रद्धा और कौतूहल उत्पन्न कर दिया है।

बुधवार को इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग गोपालडेरा पहुंचने लगे। देखते ही देखते वहां मेला जैसा दृश्य बन गया। महिलाएं ढोलक-झाल के साथ सोहर और शिवचर्चा गा रही हैं। वहीं श्रद्धालु फूल, अगरबत्ती और प्रसाद चढ़ाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। कई लोग इसे नाग देवता का साक्षात दर्शन मान रहे हैं। कुछ महिलाओं का कहना है कि भगवान शिव की विशेष कृपा से यह दर्शन संभव हुआ है।

# गिरफ्तारी के डर से चुराये बच्चों को छोड़कर भागा बदमाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले के जीएमसीएच के महिला वार्ड से दो मासूम बच्चों के चोरी होने के मामले में पूर्णिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की चौतरफा घेराबंदी और बढ़ती दबाव के कारण बच्चा चोर गिरोह के सदस्य दोनों मासूमों को सुरक्षित छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने बरामद बच्चों को उनकी बीमार मां की गोद में सौंप दिया है। अब पुलिस इस चाइल्ड ट्रैफिकिंग नेटवर्क से जुड़े अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

फणीश्वरनाथ रेणु टीओपी प्रभारी राजनंदनी ने बताया कि यह सनसनीखेज वारदात सोमवार शाम करीब 6 बजे की है। अस्पताल के ऑल पीओपी वार्ड में भर्ती गुड़िया देवी (टीवी की गंभीर मरीज) के दो बच्चे, लक्ष्मी कुमारी (3 वर्ष) और शुभम कुमार (4 वर्ष), अचानक गायब हो गए थे। सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ कि दो महिलाएं फर्जी रिश्तेदार बनकर वार्ड में दाखिल हुईं और महज 10 मिनट के भीतर दोनों मासूमों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गईं।

जांच में सामने आया कि दोनों महिला चोरों ने पीली साड़ी पहन रखी थी और अपने आप को शॉल से ढका हुआ था। आरोपियों ने बच्चों को खाने के सामान और 210 रुपये का लालच दिया। पीड़िता की 8 वर्षीय बेटी शिवानी इस घटना की मुख्य चश्मदीद रही। उसने बताया कि महिलाओं ने उसे भी पैसे का लालच देकर साथ ले जाने की कोशिश की थी, लेकिन उसने मना कर दिया। शिवानी के शोर मचाने से पहले ही आरोपी बच्चों को लेकर फरार हो गई थीं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी स्वीटी सहरावत ने तुरंत एसडीपीओ-1 ज्योति शंकर के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस ने जिले के सभी निकास द्वारों पर नाकेबंदी की और संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी शुरू की। पुलिस की इसी सक्रियता का नतीजा रहा कि पकड़े जाने के डर से गिरोह के सदस्य बच्चों को बीच रास्ते में ही छोड़कर भाग गए।

बता दें कि गुड़िया देवी, जो पिछले 27 जनवरी से अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही हैं, अपने दोनों जिगर के टुकड़ों को वापस पाकर भावुक हो गईं। बच्चों की बरामदगी के बाद वार्ड में मौजूद अन्य मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी राहत की सांस ली।

पुलिस अब उन दो महिला चोरों की पहचान और उनके पीछे सक्रिय बड़े सिंडिकेट का पता लगाने में जुटी है। वार्ड में भर्ती अन्य मरीजों ने भी कद-काठी और कपड़ों के आधार पर आरोपियों की पहचान की पुष्टि की है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की हुई शुरूआत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा में मंगलवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीओ अमलेश कुमार, सीएचसी के चिकित्सक कौशलेंद्र कुणाल, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक वाहिद अख्तर, बीसीएम प्रियंका कुमारी, वीबीडी सुपरवाइजर सत्येंद्र कुमार सिंह, प्रभारी जिला मलेरिया पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया।

अभियान की औपचारिक शुरूआत सीओ अमलेश कुमार ने अपनी लंबाई नपवाकर और स्वयं दवा का सेवन कर की। उन्होंने प्रखंड व नगरवासियों से अपील की कि फाइलेरिया उन्मूलन में सहयोग के लिए दवा अवश्य खाएं, क्योंकि यह रोग लंबे समय तक अनदेखा करने पर गंभीर रूप ले सकता है।अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता एवं जीविका दीदी घर-घर जाकर लोगों को डीईसी और अल्बेंडाजोल की दवा खिलाएंगी। साथ ही सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर भी यह दवा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्भवती महिलाओं, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा नहीं दी जाएगी। अभियान के पहले दिन स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मियों ने स्वयं दवा का सेवन कर जन-जागरूकता का संदेश दिया।

## अतिक्रमण के खिलाफ अभियान 16 से

**भागलपुर।** नगर निगम क्षेत्र में अतिक्रमण की बढ़ती समस्या को लेकर निगम प्रशासन ने कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया है। बिहार नगर पालिका अधिनियम, 2007 के तहत, नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि 16 फरवरी से किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सहन नहीं किया जाएगा। नगर आयुक्त ने आदेश में कहा है कि सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों, नालों, चौक-चौराहों, बाजारों और पार्कों में अवैध कब्जे की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इससे न केवल आम लोगों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही है, बल्कि स्वच्छता और आपातकालीन सेवाओं पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा बिहार नगर पालिका अधिनियम के तहत अवरोध की श्रेणी में आता है। यदि किसी सार्वजनिक स्थल पर अवैध अतिक्रमण या खड़े वाहन पाए जाते हैं, तो उन्हें बिना पूर्व सूचना के हटाया जाएगा। इसके साथ ही टो-अवे शुल्क, भंडारण शुल्क और जुमार्ना भी वसूला जाएगा। नगर आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है और नागरिकों से अपील की है।

# उपायुक्त ने सुनी आम जनों की शिकायतें



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के बाघमारा, तोपचांची, महुदा, गोविंदपुर, जामाडोबा, धनबाद सहित अन्य क्षेत्र से आए आम जनों की शिकायत सुनी।

जनता दरबार में उपायुक्त ने पुश्तैनी जमीन की लगान रसीद निर्गत कराने, मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाइन कराने, निवास स्थान आने-जाने का रास्ता बाधित करने, छात्रवृत्ति प्रदान करने, रास्ते पर जेसीबी से खोदकर मिट्टी जमा करने, जमीन पर जबरन कब्जा करने, जमीन की चारदीवारी तोड़कर रातों-रात बोरिंग करने सहित आमजनों की अन्य शिकायत सुनी। उन्होंने शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया।

## वंदे भारत एक्सप्रेस पर पत्थरबाजी

**मुजफ्फरपुर।** एक बार फिर वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना सामने आई है। यह घटना सोनपुर मंडल के रामदयालु नगर स्टेशन के पास हुई। पत्थरबाजी में ट्रेन के एक कोच का शीशा टूट गया। हालांकि, इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, ट्रेन संख्या 26502 गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय पर रवाना हुई थी। मुजफ्फरपुर जंक्शन से खुलने के बाद रामदयालु नगर रोड के पास अचानक तेज आवाज सुनाई दी। जांच करने पर कोच संख्या सी-7 में सीट नंबर 28-29 की खिड़की का शीशा टूटा हुआ पाया गया। उस सीट पर पूर्वी चंपारण जिले के एक यात्री यात्रा कर रहे थे, जो बाल-बाल बच गए।घटना के बाद ट्रेन को स्कॉर्ट कर रही आरपीएफ टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हाजीपुर में अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। कोच में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उपद्रवी तत्वों की पहचान की जा रही है। रेल डीएसपी निधि कुमारी ने बताया कि गोरखपुर-पाटलिपुत्र वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव की घटना को गंभीरता से लिया गया है।

# पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा(नालंदा)।** प्रखंड के दामोदरपुर बलधा पंचायत अंतर्गत बलधा गांव में जीविका द्वारा पशु स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड परियोजना प्रबंधक अजय कुमार, प्रबंधक -पशुधन कुमार राजीव रंजन,पशु चिकित्सक डॉ शशि शंकर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कुल 179 दीदियों की 291पशु का स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई।शिविर में पशु चिकित्सक द्वारा पशुपालकों को पशु से सम्बंधित विभिन्न रोगों से बचाव हेतु परामर्श दिया गया। जीविका बीपीएम अजय कुमार ने कहा कि ग्रामीण पशुपालकों को पशुओं से अधिक फायदा मिल सके,इसके लिए जीविका द्वारा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं क पशुपालकों को आवास प्रबन्धन एवं अन्य गतिविधियों गतिविधियों की जानकारी दी गयी। उन्होंने ने बताया कि शिविर में पशुपालकों के बीच कृमिनाशक, भूख लगने,मिनरल मिक्सर आदि दवा निःशुल्क वितरण किया गया क इसके अलावा बीमार पशुओं की जांच की गई कइस अवसर पर क्षेत्रीय समन्वयक, राजीव रंजन,पवन कुमार सिंह, सामुदायिक समन्वयक, रेखा कुमारी, संध्या रानी , कार्यालय सहायक,सत्येन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# महिला कैदी ने बच्चे को दिया जन्म

**जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ्य**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद।** कभी-कभी जीवन सबसे कठिन परिस्थितियों में भी उम्मीद की नई किरण जगा देता है। कुछ ऐसा ही दृश्य मंगलवार की मध्य रात्रि सामने आया, जब जेल की सलाखों के पीछे बंद एक महिला बंदी के जीवन में मातृत्व की खुशियां दस्तक दे गईं।

हत्या के एक मामले में पिछले आठ माह से मंडल कारा काको में बंद बसंती के जीवन में एक नन्ही परी ने जन्म लिया है। बसंती देवी मखदुमपुर थाना क्षेत्र के इक्कील गांव की रहने वाली है।

जेल में बंद रहने के दौरान एक दिन अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी थी। चिकित्सकीय जांच कराए जाने पर यह जानकारी सामने आई कि वह गर्भवती है। इसके बाद जेल प्रशासन की ओर से मामले को गंभीरता से लेते हुए जेल अधीक्षक को सूचित किया गया।

जेल अधीक्षक के निर्देश पर महिला बंदी की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाने लगी और उसे आवश्यक चिकित्सकीय देखरेख उपलब्ध कराई गई। मंगलवार की रात जब बसंती को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी, तब जेल प्रशासन की तत्परता देखने को मिली।

जेल सुपरिंटेंडेंट के आदेश पर महिला बंदी को तुरंत पुलिस अभिरक्षा में जहानाबाद सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में उसका सामान्य प्रसव कराया गया, जिसमें उसने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया।

महिला बंदी के साथ अस्पताल पहुंचे पुलिसकर्मियों ने बताया कि प्रसव के दौरान पूरी सावधानी बरती गई और समय रहते उसे अस्पताल पहुंचा दिया गया, जिससे किसी तरह की जटिलता उत्पन्न नहीं हुई।

बच्ची के जन्म के बाद बसंती के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। सदर अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ नाहिद शिरीन ने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।

बसंती की यह दूसरी संतान है और उसकी नार्मल डिलीवरी हुई है। चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के तहत महिला को 48 घंटे तक अस्पताल में रखा जाएगा।

अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद बसंती को नवजात बच्ची के साथ पुनः जेल भेजा जाएगा। नियमों के अनुसार, जब तक उसे जमानत नहीं मिल जाती, तब तक बच्ची मां के साथ जेल में ही रहेगी।

## 10 वर्षों बाद मिला छात्रा को न्याय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जिला न्यायालय के सप्तम एडीजे सह पाक्सो विशेष न्यायाधीश धीरेन्द्र कुमार ने 16 वर्षीय छात्रा संग दुष्कर्म के दोषी खुदागंज थाना निवासी दुर्गेश साव को पॉक्सो अधिनियम के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास सहित दस हजार रुपये जुर्माना, जिसे अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास की सजा दी। इसके अलावा पीड़िता को प्रतिकर अधिनियम के तहत 4.25 लाख अंतरिम मुआवजा प्रदान किया जा चुका है। स्पेशल पॉक्सो पीपी सुशील कुमार ने अभियोजन पक्ष से सजा निर्धारण पर बहस करते हुए अधिकतम सजा आरोपित को देने की अनुशंसा की। सुनवाई के दौरान कुल छह साक्षियों का परीक्षण किया गया था। ज्ञात है कि पीड़िता की मां के फर्द बयान पर थाना के तहत आरोप दर्ज किया गया था, जिसके अनुसार पीड़िता प्रतिदिन सुबह सात बजे घर से कोचिंग पढ़ने जाती थी व चार बजे शाम में वापस आती थी। घटना के दिन 28 मार्च 2016 को पीड़िता शाम में कोचिंग से घर आने के क्रम में आरोपित बाइक से आया और जान मारने की धमकी देकर उसे बाइक पर बैठाकर पटना ले गया, जहां से फिर शाम में तमिलनाडु ले गया और 15 दिनों के बाद वापस लाकर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस पीड़िता को बरामद कर थाने में ले गई।

## चापाकल पर दबंगों का कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** प्रखंड की पतसंडा पंचायत के वार्ड नं. 03 में दबंगों द्वारा पीएचईडी विभाग के चापाकल पर अवैध कब्जा किए जाने से ग्रामीणों के बीच भीषण पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। बताया जा रहा है कि विभाग द्वारा आम जनता के उपयोग के लिए लगाए गए चापाकल में दबंगों ने मोटर सेट लगा दिया है, जिससे चापाकल पूरी तरह से खराब हो गया है और पानी देना बंद कर चुका है।

वार्ड सं. 03 निवासी विनोद यादव, अरविंद यादव, जीवन मांझी, दयावंती देवी, भानो देवी और खीरू शर्मा ने बताया कि वार्डवासी आज तक मुख्यमंत्री नल-जल योजना से वंचित हैं।

पेयजल की समस्या को देखते हुए वार्डवासियों की मांग पर पीएचईडी विभाग द्वारा वार्ड तीन से होकर गुजरने वाली सड़क पर अवध साव के घर के समीप चापाकल लगाया गया था, लेकिन दबंगों द्वारा उसमें मोटर सेट लगाए जाने के कारण चापाकल पूरी तरह से बेकार हो गया है।

# उपायुक्त ने किया डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर का निरीक्षण




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी आदित्य रंजन ने शाम नगर निकाय चुनाव को सुचारू एवं त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए न्यू टाउन हॉल के पास स्थित मटेरियल कोषांग, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक स्थित रिसीविंग सेंटर व स्ट्रॉंग रूम, बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में उन्होंने धनबाद नगर निगम के लिए ग्राउंड, फर्स्ट एवं सेकंड फ्लोर पर तैयार हो रहे काउंटिंग हॉल, स्ट्रांग रूम, रिजर्व स्ट्रांग रूम तथा चिरकुंडा नगर परिषद के लिए तैयार हो रहे काउंटिंग हॉल व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान संपन्न होने के बाद मतदान सामग्री रिसीव करने के लिए चिह्नित स्थलों का भी निरीक्षण किया। इसके बाद उपायुक्त ने बिरसा मुंडा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में तैयार हो रहे डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। जहां सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा निवार्ची पदाधिकारियों के बैठने का स्थान, वाहनों की पार्किंग, कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में साइन बोर्ड लगाने, सभी कार्य 16 फरवरी तक संपन्न कर लेने तथा 17 फरवरी को सभी निवार्ची पदाधिकारी व मतदान कर्मियों को अपने-अपने स्थान का भौतिक सत्यापन कर लेने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन के साथ अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में बेगूसराय को शामिल नहीं किए जाने पर रोष

**यात्री संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** प्रस्तावित सिलीगुड़ी-पटना-वाराणसी हाई-स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) कॉरिडोर में बेगूसराय को शामिल नहीं किए जाने की खबर पर पूर्व मध्य रेल दैनिक रेल यात्री संघ ने कड़ा विरोध जताया है। पूर्व मध्य रेल यात्री संघ के संस्थापक सह महासचिव राजीव कुमार ने इसे चिंताजनक और क्षेत्रीय असमानता को बढ़ावा देने वाला निर्णय बताते हुए कहा है कि बेगूसराय बिहार की औद्योगिक राजधानी है और पटना के बाद सर्वाधिक राजस्व देने वाले जिलों में शामिल है। इसके बावजूद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में संभावित स्टापेज से वंचित रखने पर विचार किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने ने गुजरात के धोलेरा मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां औद्योगिक विकास के साथ विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्वतंत्रता के बाद 1950 के दशक में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. श्रीकृष्ण सिंह ने बेगूसराय को औद्योगिक नगर के रूप में विकसित किया करने के लिए गंगा पर रेल-सह-सड़क पुल और राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़कर इसे मजबूत आधार प्रदान किया।

संघ ने आरोप लगाया कि दशकों से बेगूसराय रेल उपेक्षा का शिकार है। आज भी यहां से कोलकाता के लिए सीधी ट्रेन सेवा नहीं है, जबकि कई महत्वपूर्ण लंबी दूरी की ट्रेनें बिना रुके गुजर जाती हैं। यात्रियों को हाथीदह, मोकामा या बरौनी जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है, जिससे उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

संघ ने जनप्रतिनिधियों से सड़क से संसद तक एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की है। चेतावनी दी कि यदि उपेक्षा जारी रही तो आंदोलन तेज किया जाएगा।


# लोगों से खाता खुलवाकर करोड़ों की ठगी

**24 घंटे में आरोपित धराया, नेटवर्क खंगालने में जुटी साइबर पुलिस**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** लोन दिलाने के नाम पर भोले-भाले लोगों से बैंक खाता खुलवाकर उसे साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल करने वाले गिरोह के एक सदस्य को बक्सर साइबर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सामने आते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कांड दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की और इटाढ़ी थाना क्षेत्र के बैरी गांव से आरोपित अनमोल तिवारी को दबोच लिया। बैंक खातों की जांच में करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन का खुलासा हुआ है, जिसके बाद पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है और पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है।

इस संबंध में इटाढ़ी निवासी संजीत कुमार कुशवाहा ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके मंदबुद्धि भाई को लोन दिलाने का झांसा देकर गांव के ही कुछ लोगों ने दो अलग-अलग बैंकों में उसके नाम से खाते खुलवाए और साथ ही मोबाइल सिम भी जारी करवा लिया। खाता और सिम आरोपितों ने अपने पास ही रख लिया तथा उन्हीं खातों के माध्यम से अवैध लेनदेन शुरू कर दिया, जिसकी जानकारी बाद में परिजनों को मिली।



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए, जिसके बाद पुलिस उपाधीक्षक सह साइबर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार कश्यप के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने संबंधित बैंक खातों का तकनीकी और वित्तीय सत्यापन किया, जिसमें करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन की पुष्टि हुई और साक्ष्य मिलते ही छापेमारी अभियान चलाकर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार अनमोल तिवारी ने पूछताछ में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि लोन दिलाने के नाम पर लोगों के खाते खुलवाए जाते थे और सभी जरूरी दस्तावेज टीम अपने पास ही रख लेती थी।

इन खातों का उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त राशि के ट्रांसफर और निकासी के लिए किया जाता था तथा उसने गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी दी है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

कार्रवाई में साइबर थाना की विशेष टीम और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे तथा पुलिस ने आम लोगों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस ने कहा है कि किसी भी प्रलोभन में आकर बैंक खाता न खुलवाएं और एटीएम, पासबुक, आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज किसी अनधिकृत व्यक्ति को न दें, साथ ही यदि कोई लोन दिलाने के नाम पर दबाव या लालच दे तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें, क्योंकि साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है।

# अतिक्रमण हटाने पर लोगों का फूटा गुस्सा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित खादगढ़ा और महुआ टोली में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद बुधवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। कार्रवाई से नाराज लोग सुबह बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए और रातू रोड कब्रिस्तान के समीप टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया।

सड़क जाम के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। कार्यालय जाने वाले कर्मचारी, स्कूल बसें और एंबुलेंस तक जाम में फंस गईं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने यातायात को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया, लेकिन कई घंटों तक हालात सामान्य नहीं हो सके।

प्रदर्शन में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल थे। लोग हाथों में तख्तियां लेकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जिन मकानों को तोड़ा गया, उनमें कई परिवार वर्षों से रह रहे थे। उनका आरोप है कि प्रशासन ने पर्याप्त समय दिए बिना बुलडोजर चलाया और उन्हें सामान सुरक्षित निकालने का अवसर नहीं मिला।

वहीं प्रशासन का कहना है कि करीब 27 कट्ठा सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण किया गया था, जिसे नियमानुसार हटाया गया। अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में नोटिस भी जारी किए गए थे। हालांकि प्रभावित परिवार प्रशासन के इस दावे से सहमत नहीं हैं और पुनर्वास की मांग कर रहे हैं।

इलाके में एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच वार्ता जारी है, ताकि तनावपूर्ण स्थिति का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सके। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति संवेदनशील बनी हुई है।

# जैविक खेती को जन आंदोलन बनाएं : राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार राज्य जैविक मिशन के तहत राज्य में टिकाऊ और दीर्घकालीन कृषि प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से जैविक खेती को बढ़ावा देने वाली विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि इन योजनाओं का लक्ष्य सब्जी उत्पादन को प्रोत्साहित करना, किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करना और जैव एवं कार्बनिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाना है। कृषि मंत्री ने बताया कि रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम कर जैविक विकल्पों को अपनाने से मिट्टी के स्वास्थ्य और उर्वरा शक्ति का संरक्षण होगा। इससे मानव जीवन, पशु-पक्षियों और पर्यावरण की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। जैविक खेती अपनाने से फसल लागत में कमी आएगी तथा उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय में सकारात्मक बढ़ोतरी संभव है। उन्होंने जानकारी दी कि योजनाओं के तहत ऑनलाइन डीबीटी पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर स्वीकृति दी जा रही है। ताकि पारदर्शिता बनी रहे और लाभ समय पर किसानों तक पहुंचे। योजनाओं के विवरण साझा करते हुए मंत्री ने बताया कि पक्का वर्मी कम्पोस्ट पीट इकाई योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभुक को अधिकतम तीन इकाइयों का लाभ दिया जाता है। प्रति पीट कुल लागत 10 हजार रुपये निर्धारित है जिस पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 5 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। गोबर/बायो गैस इकाई योजना में प्रत्येक लाभुक को एक इकाई का लाभ मिलता है। प्रति इकाई कुल लागत 42 हजार रुपये है जिस पर 50 प्रतिशत या अधिकतम 21 हजार रुपये का अनुदान दिया जाता है। इसके अतिरिक्त 1,500 रुपये की टर्न-की सहायता भी प्रदान की जाती है। व्यवसायिक वर्मी कम्पोस्ट इकाई योजना के तहत 1,000, 2,000 और 3,000 मेगाटन क्षमता की इकाइयों के लिए क्रमशः 16 लाख रुपये, 32 लाख रुपये और 50 लाख रुपये की लागत निर्धारित है। इन पर 40 प्रतिशत या अधिकतम क्रमशः 6.40 लाख रुपये, 12.80 लाख रुपये और 20 लाख रुपये का अनुदान दिया जाता है। कृषि मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार जैविक खेती को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाकर पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि और अपनी आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित करें।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत, भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं महान राष्ट्रचिंतक परम श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' के अवसर पर उनके तैल चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने 'अंत्योदय' के माध्यम से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान का जो विचार दिया, वह आज भी नीति और शासन की आधारशिला है। उनका 'एकात्म मानववाद' केवल एक राजनीतिक दर्शन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन-मूल्यों पर आधारित समग्र विकास की अवधारणा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि दीनदयाल जी का मानना था कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ नहीं पहुंचता, तब तक वास्तविक प्रगति अधूरी है। आज आवश्यकता है कि हम उनके सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि 'समर्पण दिवस' हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम सामाजिक समरसता, आत्मनिर्भरता और सुशासन के मार्ग पर चलकर उनके सपनों का भारत बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिहार सरकार के पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार एवं सदस्य मिथिलेश तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# वातानुकूलित बोगी से अनाधिकृत यात्रा करते 120 यात्री पकड़े गये

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दानापुर।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत रहता है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने वालों के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग का कार्य सघनतापूर्वक कराया जाता रहता है। इसी क्रम में 11 फरवरी 2026 को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक/दानापुर अभिनव सिद्धार्थ के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक प्रदीप कुमार द्वारा मंडलीय पर्यवेक्षकों के साथ गाड़ी संख्या-12370 हरिद्वार-हावड़ा एक्सप्रेस में सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान दानापुर स्टेशन पर इस गाड़ी का आज पुनः विशेष ठहराव लेकर, एसी कोचों सहित अन्य बोगियों की गहन जांच की गई। यह जांच अभियान टिकट जांच दस्ता तथा आरपीएफ कर्मियों के सहयोग से संयुक्त रूप से चलाया गया।

**बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी के नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि**

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और समर्पण का अनुपम आदर्श : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' पर आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में बड़ी संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी भाजपा प्रदेश कार्यालय में राष्ट्र चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें कोटिशः नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज उस महापुरुष की पुण्यतिथि है जिसने अंत्योदय की कल्पना की और राष्ट्र निर्माण का सपना देखा। उनका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणा का स्रोत है और हमें सेवा, समर्पण एवं 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ कर्तव्यपथ पर अग्रसर रहने का संकल्प प्रदान करता है। भाजपा अध्यक्ष सरावगी ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और समर्पण का अनुपम आदर्श था। उनका 'अंत्योदय दर्शन' वंचितों के उत्थान के लिए पथ-प्रदर्शक है। उन्होंने कहा कि उनका जो मार्गदर्शन था और जो विचारधारा थी, उस विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरी पार्टी कर रही है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जब भी मानवता के कल्याण की बात होगी, दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन प्रासंगिक रहेगा। सामाजिक जीवन में एक नेता को कैसा होना चाहिए, भारत के लोकतंत्र और मूल्यों को कैसे जीना चाहिए, दीनदयाल उपाध्याय इसके भी बहुत बड़ा उदाहरण हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं महान राष्ट्र चिंतक दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' पर बिहार भाजपा कार्यालय में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार सरकार में मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, राम कृपाल यादव, शंकर प्रसाद सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, विधायक जीवेश मिश्रा, रोहित पांडे, त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू, अमृता भूषण राठौर सहित कई विधायक, भाजपा नेता, प्रदेश पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंभू थे जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने किया।

# यूनानी दिवस पर ज्ञान भवन, पटना में वैज्ञानिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** यूनानी दिवस - 2026 के अवसर पर राज्य आयुष समिति, पटना द्वारा ज्ञान भवन, पटना में यूनानी चिकित्सा पद्धति पर आधारित वैज्ञानिक संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव सह कार्यपालक निदेशक, राज्य आयुष समिति वैभव चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में शैलेश कुमार, विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग, अनुपमा सिंह, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य विभाग शशांक शेखर सिन्हा, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति आलोक कुमार, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राज्य औषधीय पादप बोर्ड, बिहार, पटना सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ मौजूद रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से यूनानी चिकित्सा पद्धति की ऐतिहासिक विरासत, वैज्ञानिक आधार एवं वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यूनानी पद्धति शरीर की प्रकृति (मिजाज) के अनुसार उपचार पर आधारित एक समग्र चिकित्सा प्रणाली है जो रोग के मूल कारण को समझकर उपचार करती है। यह पद्धति जीवनशैली सुधार, प्राकृतिक औषधियों और संतुलित आहार-विहार पर विशेष बल देती है जिससे दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है।

# गैंगरेप मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** चेनारी थाना क्षेत्र के खुरमाबाद गांव में छह वर्ष पूर्व हुई गैंगरेप की घटना में बुधवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए जिला जज-14 प्रहलाद कुमार की अदालत ने दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। सजा पाने वाले अभियुक्त मुन्ना कुरैशी और इकबाल कुरैशी, दोनों खुरमाबाद गांव, थाना चेनारी के निवासी हैं। यह मामला चेनारी थाना कांड संख्या 32/2020 के तहत दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता लक्ष्मण राय ने बताया कि घटना 18 फरवरी 2020 की रात करीब 10:30 बजे की है। पीड़ित महिला शौच के लिए गांव से सटे नहर किनारे गई थी जहां अभियुक्तों ने उसे जबरन पकड़ लिया और पिकअप वैन में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 16 गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई। सभी साक्ष्यों और गवाहियों के आधार पर अदालत ने अभियुक्तों को दोषी पाते हुए कड़ी सजा सुनाई।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' के रूप में मनी

**पंडित दीनदयाल के 'अंत्योदय' का सपना पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं साकार : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रदेश कार्यालय के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 'समर्पण दिवस' के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ की सहभागिता उल्लेखनीय रही।

बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 'अंत्योदय' का जो सपना देखा था, उसे आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंडित जी का मानना था कि राष्ट्रवाद हमारी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास पर आधारित होना चाहिए तथा जब तक सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचतीं, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहना चाहिए। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पंडित जी भारतीय संस्कृति के प्रबल समर्थक थे। महर्षियों और ऋषियों की इस संस्कृति के बल पर भारत एक समय 'विश्वगुरु' था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन, मातृ-शक्ति को उज्ज्वला योजना के माध्यम से गैस सिलेंडर तथा आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रमुख पदाधिकारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 19 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए।

# कंकड़बाग में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** इनरह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के सौजन्य से अशोक नगर, कंकड़बाग स्थित रानी दुर्गावती सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन बिहार अग्रवाल महिला की अध्यक्ष समाज सेविका गीता जैन एवं इनरह्वील डिस्ट्रिक्ट की डीआईएसओ विभा चरणपहारी के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीन, नए कपड़े, धागे, सिलाई किट, कैंची, इंची टेप आदि आवश्यक सामग्री वितरित की गई। क्लब की प्रेसिडेंट शीतू गांधी ने महिलाओं को हुनर के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और इस केंद्र को उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सेक्रेटरी श्रीमती नीलांजना ने अपने बेटे के जन्मदिन की खुशी में स्वामी विवेकानंद बाल संस्कारशाला-गराज स्कूल के छोटे बच्चों के बीच ड्राइंग बुक, कलर पेंसिल एवं क्रीम रोल वितरित किए। सभी उपस्थित सदस्यों एवं बच्चों ने उनके बेटे सक्षम को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर क्लब की पास्ट प्रेसिडेंट कंचन रॉय, निशा विद्यार्थी, सेक्रेटरी नीलांजना, एडिटर रेखा सिंह उपस्थित रहीं।

# स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पूर्व मध्य रेल सतत प्रयासरत

**जनवरी माह तक स्टेशनों पर गंदगी फैलाते हुए 3821 यात्री पकड़े गये**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने हेतु हर संभव कदम उठाया जाता है। सभी स्टेशनों पर नियमित आधार पर साफ-सफाई और सैनिटाइजेशन किया जाता है। पूर्व मध्य रेल के महत्वपूर्ण 52 स्टेशनों पर साफ-सफाई हेतु मेकेनाइज्ड क्लिनिंग कंट्रेक्ट, इंटरफेस क्षेत्रों के विशिष्ट स्थानों पर स्वच्छता पोस्टर, नोटिस एवं कार्टुन चरित्र प्रदर्शित किए गए हैं तथा नियमित रूप से समयानुसार स्टेशनों पर सफाई के लिए सार्वजनिक घोषणाएं कराई जाती हैं। इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के 52 महत्वपूर्ण स्टेशनों पर सीसीटीवी द्वारा सफाई की गुणवत्ता की निगरानी की जा रही है तथा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल, 2025 से जनवरी, 2026 तक 3821 यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाते हुए पकड़ा गया तथा उनसे जुर्माने के रूप में 07 लाख 84 हजार रूपये वसूल किये गये। पूर्व मध्य रेल से खुलने वाली प्रमुख 85 ट्रेनों ओबीएचएस की सुविधा प्रदान की गई है। 'क्लीन ट्रेन स्टेशन योजना' के तहत पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन, बरौनी तथा बरकाकाना स्टेशनों से गुजरने वाली क्रमशः 79, 34 तथा 12 ट्रेनों में सफाई की जा रही है। 'रेल मदद सेवा' एसएमएस या वेब से प्राप्त सफाई से संबंधित यात्रियों की समस्याओं के निवारण हेतु यह ऑन लाइन सुविधा है।

# कुशल युवा कार्यक्रम में भुगतान टालने की साजिश : आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**वैशाली / पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम (केवाइपी) के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करने के बावजूद राज्य के अनेक जिलों में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों को अब तक उनका वैध भुगतान नहीं किया गया है। जैसे ही केंद्र संचालकों द्वारा भुगतान की मांग उठाई जाती है, विभाग की ओर से विभिन्न तकनीकी आपत्तियों का हवाला देकर भुगतान प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है। हाल के दिनों में प्रत्येक जिले में जांच के नाम पर भुगतान रोकने की एक समान प्रवृत्ति सामने आई है जिससे गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। केवाइपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के जिलाध्यक्ष आनंद रंजन झा ने कहा कि जांच की आड़ में केंद्र संचालकों के बीच भय और असुरक्षा का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब प्रशिक्षण, उपस्थिति, परीक्षा, पोर्टल एंट्री एवं अन्य सभी औपचारिकताएं विभागीय नियमों के अनुरूप पूरी की जा चुकी है तो भुगतान रोकने का औचित्य क्या है—यह विभाग को सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना चाहिए। श्री झा ने गंभीर आशंका जताते हुए कहा कि यह पूरी प्रक्रिया कहीं अवैध वसूली की ओर संकेत तो नहीं कर रही है। विभाग से जुड़े पूर्व मामलों में अनियमितताओं और वसूली के आरोप सामने आ चुके हैं। हाल ही में विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को पांच लाख रुपये की घूस लेते हुए निगरानी टीम द्वारा रंगे हाथ पकड़े जाने की घटना ने इन आशंकाओं को और गहरा कर दिया है। ऐसे में भुगतान प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि भुगतान में हो रही अनावश्यक देरी के कारण केंद्र संचालक गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों का वेतन, बिजली बिल, किराया और अन्य संचालन व्यय समय पर वहन करना कठिन होता जा रहा है जिसका सीधा असर प्रशिक्षण व्यवस्था पर पड़ रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव प्रदेश के युवाओं के कौशल विकास और भविष्य पर पड़ना तय है।

# आध्यात्मिक सत्संग समिति द्वारा अधिक मास में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** आध्यात्मिक सत्संग समिति के तत्वावधान में अधिक मास के पावन अवसर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी आध्यात्मिक सत्संग समिति की बैठक में अध्यक्ष रमेश गुप्ता द्वारा दी गई। गुप्ता ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 25 मई से 31 मई 2026 तक दादी मंदिर, बैंक रोड स्थित अग्रसेन भवन में सम्पन्न होगा। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्री चंद्र भूषण जी मिश्र के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से सायं 7 बजे तक होगी। आयोजन के अंतिम दिन 31 मई को प्रातः 9 बजे से 12 बजे दोपहर तक विशेष कथा के उपरांत दिन में 1 (एक) बजे से भंडारा प्रसाद का आयोजन भी किया जाएगा। इस पुण्य आयोजन के मुख्य यजमान नन्द किशोर अग्रवाल होंगे जबकि नौ अन्य यजमान भी धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी रहेंगे। अधिक मास के इस विशेष आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, ज्ञान एवं आध्यात्मिक अनुभूति का अनुपम अवसर प्रदान किया जाएगा। आयोजन को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से भी किया जाएगा जिससे दूर-दराज के श्रद्धालु भी कथा का लाभ उठा सकेंगे। मौके पर अध्यक्ष रमेश चंद्र गुप्ता ने समिति के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# बिजली चोरी को लेकर दावथ व सूर्यपुरा क्षेत्र में आठ पर प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिलिंग गुणवत्ता व बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर चलाये जा रहे निरंतर विशेष अभियान के तहत दावथ व सूर्यपुरा प्रखंड अंतर्गत आठ पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बता दें कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर बोदाढी के संतोष सिंह पिता-तूफानी सिंह पर 14545, भीखर सिंह पिता-राजगृही सिंह पर 21143, सुरहुरिया टोला के धनजी राय पिता-रामराज सिंह पर 46169 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। इनके परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा बिजली से सम्बंधित वैध कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। आगे बता दें कि मीटर से पहले सर्विस तार मे कटिंग करके एवं अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर सुरहुरिया के हीं दुलारो देवी पति-गांधी चौधरी पर 41085, बोदाढी के सोनू कुमार पिता-सहेंद्र सिंह पर 16150 रुपये जुर्माना लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियानों की शुरुआत की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने देशभर में रोड सेफ्टी को लेकर कई जागरूकता-केंद्रित पहलें आयोजित कीं। इन गतिविधियों के लिए कंपनी ने अपने डीलर नेटवर्क और स्थानीय स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर सुरक्षित सड़क व्यवहार और ट्रैफिक नियमों की बेहतर समझ को बढ़ावा दिया। पूरे महीने के दौरान देश के विभिन्न शहरों में सड़क सुरक्षा से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं जिनमें 30,000 से अधिक लोगों की भागीदारी रही। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत अपनी पहलों के हिस्से के रूप में, एचएमएसआई ने जयपुर आइडियल रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट भी लॉन्च किया जो सुरक्षित और जिम्मेदार मोबिलिटी की दिशा में कंपनी के फोकस को दर्शाता है। इस पहल का फोकस जागरूकता और ट्रेनिंग, बेहतर सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर, चिन्हित जोन्स में सख्त अनुपालन और क्रिटिकल लोकेशंस के विश्लेषण पर है। फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स की बेहतर तैयारी के जरिए यह पहल दुर्घटनाओं को कम करने और जीवन बचाने का लक्ष्य रखती है, साथ ही एक अधिक जिम्मेदार, तैयार और सेफ्टी-कोंशियस समुदाय का निर्माण करती है जो देशभर के शहरों के लिए एक मॉडल बन सकता है।

# संपादकीय

## सूरजकुंड मेले में हादसे ने खोली प्रशासनिक लापरवाही

किसी भी तरह के हादसे के बाद यह मान लिया जाता है कि इसकी वजह किसी की चूक या फिर कोई तकनीकी गड़बड़ी होगी और जांच का सिरा भी आमतौर पर इसी दिशा में आगे बढ़ता है। अगर कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब सरकार की ओर से कार्रवाई के नाम पर निचले स्तर के कुछ लोगों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की जाती है और इसके लिए जिम्मेदार उच्च अधिकारियों या अन्य लोगों को प्रकारांतर से बख्श दिया जाता है।यह बेवजह नहीं है कि हादसे के मूल कारण बने रह जाते हैं और कुछ समय बाद फिर उसी तरह की घटना सामने आती है। हरियाणा के फरीदाबाद में सूरजकुंड मेले में जिस तरह एक विशाल झूले के टूट जाने से एक पुलिस निरीक्षक की जान चली गई और बारह अन्य लोग घायल हो गए, वह प्रशासनिक स्तर पर बरती गई घोर लापरवाही का एक और उदाहरण है।झूले पर गए लोगों ने यह सोचा भी नहीं होगा कि मनोरंजन के बजाय एक घातक हादसे का खतरनाक अनुभव उनकी जेहन में लंबे समय तक के लिए घर बना लेगा। हादसे के बाद झूला संचालक और एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया, लेकिन क्या इस तरह नाममात्र के लिए की गई कार्रवाई यह सुनिश्चित कर सकता है कि भविष्य में ऐसा हादसा नहीं होगा?ऐसा लगता है कि उदासीनता और लापरवाही सरकारी महकमों की कार्यशैली बन चुकी है। आमतौर पर निचले स्तर के कुछ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करके मामले का हल मान लिया जाता है और शायद ही कभी हादसों के वास्तविक जिम्मेदार लोगों को कठघरे में लाया जाता है। नतीजतन, हादसे एक सिलसिले की तरह कायम रहते हैं। सूरजकुंड मेले में जो झूला टूटा, निश्चित रूप से चलाने के पहले उसकी जरूरी जांच में लापरवाही बरती गई होगी और किसी तकनीकी खामी को नजरअंदाज किया गया होगा।सवाल है कि किसी भी झूले के संचालन से पहले हर स्तर पर उसकी पुख्ता सुरक्षा जांच में खरा उतरने के बाद ही उसे चलाने की इजाजत देने के लिए क्या सरकार की ओर कोई तंत्र गठित किया गया है। मेले के आयोजन की इजाजत देते हुए उसमें होने वाली गतिविधियों का पूरी तरह सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी थी? क्या सरकार ने इसके लिए जवाबदेह किसी उच्च स्तर के अधिकारी को भी कार्रवाई के दायरे में लाने की कोशिश की?अब मामले की गंभीरता के मद्देनजर एक विशेष जांच टीम (एसआइटी) का गठन किया गया है। जांच के दायरे में झूला लगाने, उसका रखरखाव, निरीक्षण और संचालन से जुड़े लोगों से पूछताछ हो सकती है। मगर इस तरह की जांच के निष्कर्ष इस बात पर निर्भर करते हैं कि इसके लिए तकनीकी प्रमाणपत्र जारी करने वाले अधिकारी से पूछताछ, झूले के सभी कल-पुर्जों के सही होने की रपट और सुरक्षा मानकों के अनुपालन से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में कितनी पारदर्शिता बरती जाएगी और असली दोषियों को कानून के कठघरे में लाने को लेकर कितनी ईमानदार इच्छाशक्ति दिखाई जाएगी।

**इस चुनाव को राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने इसलिए भी महत्वपूर्ण बताया क्योंकि प्रधानमंत्री ताका इची ने महज कुछ ही महीनों पहले सत्ता संभाली थी और यह उनका पहला आम चुनाव था। उन्होंने तीन महीने पहले ही निचले सदन को भंग कर दिया था ताकि जनता से स्पष्ट जनादेश लिया जा सके। जापान में निचले सदन के चुनाव परिणाम ने देश की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। इस चुनाव में प्रधानमंत्री सना ए. ताका इची के नेतृत्व वाली लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने अभूतपूर्व जीत हासिल की है। पहले चरण के मतगणना के परिणामों के अनुसार ताका इची की पार्टी अकेले ही निचले सदन में 316 सीटें जीतने में सफल रही तथा उसने गठबंधन सहयोगी के साथ मिलकर कुल 352 से अधिक सीटों का दो-तिहाई बहुमत हासिल कर लिया। इस प्रकार वह अकेले ही अपनी पार्टी के बहुमत से कहीं आगे निकल गईं और विपक्ष को भारी पराजय का सामना करना पड़ा। इस चुनाव को राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने इसलिए भी महत्वपूर्ण बताया क्योंकि प्रधानमंत्री ताका इची ने महज कुछ ही महीनों पहले सत्ता संभाली थी**

## जापान में सना ए. ताका इची को प्रचंड जनादेश और विपक्ष का सूपड़ा साफ कर जनता ने क्या संदेश दिया?

**(नीरज कुमार दुबे)**

यह उनका पहला आम चुनाव था। उन्होंने तीन महीने पहले ही निचले सदन को भंग कर दिया था ताकि जनता से स्पष्ट जनादेश लिया जा सके। चुनाव के दिन भी देश के कई हिस्सों में जोरदार बर्फबारी और ठंडे मौसम के कारण मतदान केन्द्रों पर कठिन परिस्थितियाँ पैदा हुईं, लेकिन इसके बावजूद मतदाताओं की भागीदारी अपेक्षाकृत मजबूत रही। यह दर्शाता है कि जापानी जनता ने ठंडे मौसम और मुश्किल हालात के बावजूद महत्वपूर्ण राजनीतिक फैसले में भाग लेने की प्रतिबद्धता दिखाई।इस चुनाव में विपक्षी दलों को जिस प्रकार की पराजय मिली, वह जापानी राजनीति के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा घटनाक्रम था। मुख्य विपक्षी गठबंधन और छोटे दलों ने जिस तरह अपनी सीटें गंवाईं, उससे स्पष्ट होता है कि इस समय जनता ने ताका इची के नेतृत्व को अधिक भरोसेमंद और स्थिर विकल्प के रूप में चुना। अधिकांश विश्लेषकों का मानना है कि मतदान के पीछे मुख्य कारण आर्थिक और सामाजिक मुद्दों के साथ सुरक्षा नीतियों पर मतदाताओं की चिंताएँ थीं, जिनके प्रति उन्होंने ताका इची की स्पष्ट सोच को प्राथमिकता दी।

ताका इची की जीत का विश्लेषण करते हुए कहा जा सकता है कि यह सिर्फ संख्या की जीत नहीं है, बल्कि यह एक राजनैतिक विश्वास का जनादेश भी है। जापान पिछले कुछ वर्षों से बढ़ते आर्थिक दबाव, बुजुर्ग आबादी से जुड़ी सामाजिक चुनौतियों और बढ़ते क्षेत्रीय तनावों के बीच अपना रास्ता ढूंढ़ रहा है। चीन के साथ संबंधों में तनाव, ताइवान को लेकर बदलती भू-राजनीति तथा अमेरिका के साथ सुरक्षा साझेदारी जैसी विषयों को लेकर जनता के भीतर मजबूत भावनाएँ हैं। ताका इची ने चुनाव के दौरान स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया था कि जापान को न केवल आर्थिक सुधारों की आवश्यकता है बल्कि उसे अपनी रक्षा और वैश्विक भूमिका को भी मजबूती से परिभाषित करना होगा।

हम आपको बता दें कि सना ताका इची स्वयं एक लंबा राजनीतिक अनुभव लिये हुए हैं। उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा 1990 के दशक में संसद सदस्य के रूप में शुरू की थी और समय-समय पर कई महत्वपूर्ण विभागों तथा मंत्रालयों में काम किया। अपने अनुभव, दृढ़ नीतियों और स्पष्ट विचारधारा के कारण उन्हें पार्टी में एक मजबूत छवि मिली। वह इस चुनाव से पहले जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं और इस जीत ने उन्हें अपनी पार्टी तथा जनता दोनों से मजबूत समर्थन दिलाया है। ताका इची ने अपने राजनीतिक कॅरियर में व्यापक



विषयों पर सार्वजनिक रूप से अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया है, जिनमें आर्थिक नीतियाँ, सामाजिक सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा जापान की अंतरराष्ट्रीय भूमिका शामिल हैं।

उनके नेतृत्व में पार्टी की जीत का एक प्रमुख कारण यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने आर्थिक स्थिरता, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को चुनाव में प्रमुख मुद्दों के रूप में उठाया। जापान की अर्थव्यवस्था बड़े कर्ज़, कम उत्पादन वृद्धि और बढ़ते जीवनयापन लागत जैसी समस्याओं का सामना कर रही थी, जिनके समाधान के लिये जनता अधिक ठोस नीतियों की उम्मीद कर रही थी। ताका इची ने यह विश्वास दिलाया कि उनकी सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिये गंभीर प्रयास करेगी और एक दीर्घकालिक आर्थिक सुधार योजना लागू करेगी।

सुरक्षा मामलों में उनकी विचारधारा और भी अधिक स्पष्ट रही है। उन्होंने बार-बार यह कहा कि जापान को अपनी रक्षा नीतियों को अधिक आत्मविश्वास तथा स्वतंत्रता के साथ परिभाषित करना चाहिए। अमेरिका के साथ रक्षा साझेदारियों को और मजबूती प्रदान करना, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना तथा चीन और उत्तर कोरिया जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना उनकी प्राथमिकता रही है। इस दृष्टिकोण ने उन मतदाताओं को प्रभावित किया जो जापान की क्षेत्रीय स्थिति को एक जटिल तथा बढ़ती चुनौतियों वाला क्षेत्र मानते हैं। वैश्विक स्तर पर भी इस चुनाव के परिणाम का प्रभाव देखा जा रहा है। इंडो-पैसेफिक क्षेत्र में जापान की भूमिका महत्वपूर्ण है और ताका इची की जीत ने यह संकेत दिया है कि जापान वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तथा आर्थिक साझेदारियों में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिये तैयार है। यह क्षेत्रीय स्थिरता, मुक्त व्यापार और सहयोग के लिये एक सकारात्मक संकेत है। जापान की बढ़ती भूमिका ने अमेरिका तथा अन्य मित्र देशों के साथ मिलकर कई साझेदारी योजनाओं को गति दी है और यह उम्मीद जताई जा रही है कि ताका इची सरकार इस दिशा को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी। साथ ही भारत-जापान के बीच लंबे समय से मजबूत द्विपक्षीय संबंध रहे हैं। इसी कड़ी में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ताका इची को उनकी शानदार जीत पर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी है। मोदी ने यह स्पष्ट किया कि भारत और जापान दोनों ही लोकतंत्रों के साझा मूल्यों, क्षेत्रीय स्थिरता तथा आर्थिक सहयोग के लिये दृढ़ संकल्पित हैं। मोदी की बधाई इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत जापान के साथ साझेदारी को और गहरा करना चाहता है, विशेष रूप से रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार तथा क्षेत्रीय सामरिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में। यह बधाई न केवल व्यक्तिगत सम्मान का प्रतीक है, बल्कि इसका व्यापक महत्व यह है कि भारत दोनों देशों के बीच एक साझा रणनीतिक दृष्टिकोण को और अधिक मजबूत करना चाहता है। भारतीय-जापानी सहयोग का दायरा हाल के वर्षों में लगातार बढ़ा है और इस चुनाव के परिणाम ने इसे और प्रोत्साहन दिया है। बहरहाल, 2026 का यह जापान चुनाव परिणाम दिखाता है कि जनता ने ठोस नेतृत्व, स्पष्ट नीतियों तथा देश की रणनीतिक दिशा को समर्थन दिया है। सना इची की जीत सिर्फ एक संसदीय बहुमत नहीं है, बल्कि यह जापान के भविष्य की दिशा को लेकर एक व्यापक विश्वास का प्रतीक भी है। यह जीत जापान को आर्थिक, सामाजिक और सामरिक रूप से एक निर्णायक भूमिका निभाने के लिये तैयार कर देती है और अब वैश्विक राजनीति में उसकी भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण बनने वाली है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## लोकतंत्र की सफलता के लिए पढ़ने वाला समाज चाहिए

**(पंकज पराशर)**

किसी भी समाज की बौद्धिक स्थिति का आकलन इस बात से नहीं किया जा सकता कि वहां सूचना के कितने स्रोत उपलब्ध हैं, बल्कि इससे किया जाता है कि लोग उन सूचनाओं को किस गहराई से पढ़ते, समझते और आत्मसात करते हैं। सवाल यह नहीं है कि शब्द कम हो गए हैं, वास्तव में शब्द पहले से कहीं अधिक हैं। सवाल यह है कि क्या उन शब्दों के पीछे विचार भी बचा है?

आज का भारत तकनीकी रूप से अधिक सक्षम है, साक्षरता का दायरा पहले से बढ़ा है और सूचनाओं तक पहुंच अभूतपूर्व रूप से आसान हुई है। इसके बावजूद पढ़ने की आदत में आई गिरावट एक गंभीर सामाजिक संकेत है। लंबे लेख धैर्य की परीक्षा लगने लगे हैं, किताबें समय की बर्बादी समझी जाने लगी हैं और गहराई से सोचने वाली सामग्रियों को अक्सर 'भारी' या 'अप्रासंगिक' कहकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। हम शीर्षक और निष्कर्ष पढ़कर अपनी राय बना लेना चाहते हैं, बिना उस वैचारिक प्रक्रिया से गुजरे, जो किसी भी लेखन का वास्तविक उद्देश्य होती है। यह बदलाव केवल जीवन-शैली का नहीं है, मानसिक अनुशासन का है। पढ़ना एक सक्रिय बौद्धिक प्रक्रिया है। इसके लिए एकाग्रता, समय और आत्म-संवाद की आवश्यकता होती है। जब कोई समाज पढ़ने से बचने लगता है, तो वह धीरे-धीरे गहराई से सोचने से भी कतराने लगता है। ऐसे में, विचार की जगह त्वरित प्रतिक्रिया ले लेती है और संवाद की जगह शोर। यह स्थिति लोकतांत्रिक समाज के लिए शुभ संकेत नहीं कही जा सकती।

पढ़ने की घटती प्रवृत्ति ने सार्वजनिक बहस की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। आज विमर्श का केंद्र तथ्य या तर्क नहीं, बल्कि प्रभाव व प्रतिक्रिया बन गया है। गहन अध्ययन के बिना बनी राय अक्सर कट्टरता की ओर झुकती है। असहमति संवाद का माध्यम बनने के बजाय टकराव का कारण बन जाती है। लोकतंत्र के लिए यह गंभीर चुनौती बन गई है, क्योंकि लोकतंत्र केवल मतदान से नहीं, बल्कि विवेकपूर्ण संवाद से जीवित रहता है। जब पढ़ना कम होता है, तो समाज में सहनशीलता और संवेदनशीलता भी घटने लगती है। तब 'दूसरा' व्यक्ति या विचार सहज संदेह और विरोध का विषय बन जाता है। इसीलिए पढ़ने की संस्कृति को पुनर्जीवित करना केवल शैक्षिक या सांस्कृतिक प्रश्न नहीं है, यह सामाजिक संतुलन और लोकतांत्रिक स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। जब नागरिक पढ़ते हैं, तब वे केवल सूचित नहीं होते, बल्कि जिम्मेदार भी बनते हैं और जिम्मेदार नागरिक ही किसी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी होते हैं।

आज नई पीढ़ी अपनी ही भाषा में लंबे लेख या पुस्तकें पढ़ने से असहज महसूस करने लगी है। शब्दावली सीमित हो रही है, वाक्य छोटे होते जा रहे हैं और अभिव्यक्ति की क्षमता कमजोर पड़ रही है। अक्सर तर्क दिया जाता है कि समय बदल गया है और पढ़ने के तरीके भी बदलेंगे। यह बात आंशिक रूप से सही हो सकती है। माध्यम बदलना स्वाभाविक है, पर अध्ययन की गहराई का समाप्त हो जाना स्वाभाविक नहीं माना जा सकता। सवाल यह है कि क्या हम ऐसे नागरिक तैयार करें, जो केवल सूचना का उपभोग करते हैं या हमें ऐसे नागरिक चाहिए, जो विचार करने का साहस रखें? तकनीक से दूरी समाधान नहीं है, लेकिन तकनीक के साथ पढ़ने की संस्कृति को जीवित रखना अनिवार्य है। स्कूलों-विश्वविद्यालयों में पठन को फिर से केंद्रीय स्थान देना होगा। पढ़ना केवल पाठ्यक्रम का हिस्सा न रहकर एक बौद्धिक आदत बने, इस दिशा में प्रयास आवश्यक हैं। घरों में किताबें फिर से बातचीत का विषय बनें, वे केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का साधन न रहें। मीडिया को भी विचारोत्तेजक लेखन के लिए स्थान बनाना उसकी जिम्मेदारी है।

भारत यदि स्वयं को ज्ञान आधारित समाज के रूप में स्थापित करना चाहता है, तो उसे पाठक आधारित समाज भी बनना होगा। पढ़ना कोई विलास या विशिष्ट वर्ग की आदत नहीं है, यह एक जागरूक नागरिक की बुनियादी आवश्यकता है। जो समाज पढ़ता है, वही सवाल करता है और जो सवाल करता है, वही अपने भविष्य की दिशा स्वयं तय करता है। अपढ़ समाज में विचार भी धीरे-धीरे मौन हो जाते हैं और विचारों का मौन हो जाना किसी भी राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा संकट होता है। (लेखक प्राध्यापक, अलीगढ़ मुस्लिम विवि है)। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# रण में प्रदर्शित दुनिया का सबसे विशाल खादी तिरंगा

## आत्मनिर्भर 'नये भारत' की गाथा



**मनोज कुमार**
**अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, भारत सरकार**

कच्छ का सफेद रण- जहाँ धरती और आकाश मानो एक-दूसरे में विलीन होते दिखाई देते हैं-आज केवल प्राकृतिक आश्चर्य का स्थल नहीं, बल्कि नये भारत के बदलते आत्मविश्वास का सजीव प्रतीक बन चुका है। इसी विराट विस्तार के बीच, हाल ही में गणतंत्र दिवस के अवसर पर, दुनिया के सबसे विशाल प्रतीकात्मक खादी तिरंगे (Iconic Khadi Tiranga) का भव्य एवं दिव्य प्रदर्शन किया गया। यह केवल एक आयोजन नहीं था, बल्कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में स्वदेशी परंपरा, राष्ट्रीय संकल्प और समकालीन भारत की विकास-दृष्टि की सशक्त सार्वजनिक अभिव्यक्ति थी।

इस अद्भुत, अविश्वसनीय, अकल्पनीय दृश्य के साक्षी देश के कारीगर, सुरक्षा बलों के जवान और अनेक नागरिक बने। ये भी अपने आप में नया कीर्तिमान बना कि देशभर के लाखों खादी कारीगरों ने वीडियो संदेश के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देखकर इतिहास रच दिया। यह क्षण इस बात को रेखांकित करता है कि राष्ट्र निर्माण किसी एक संस्था या वर्ग का कार्य नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। यह तिरंगा केवल कपड़े का विस्तार नहीं, बल्कि विचार का विस्तार है। खादी, जिसे कभी स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा कहा गया, आज आत्मनिर्भर भारत की ऊर्जा के रूप में पुनर्परिभाषित हो रही है। महात्मा गांधी का यह कथन-खादी भारत की आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मसम्मान का प्रतीक है- समकालीन भारत में एक नए अर्थ के साथ जीवंत दिखाई देता है।

इस राष्ट्रीय पुनर्जागरण को समझना हो तो भुज की ओर देखना पर्याप्त है। विनाशकारी भूकंप ने कभी इस शहर को गहरे घाव दिए थे, किंतु संकट के उसी क्षण में एक दीर्घदर्शी दृष्टि ने पुनर्निर्माण को केवल आवश्यकता नहीं, अवसर के रूप में देखा। तत्कालीन मुख्यमंत्री और आज के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भुज का पुनर्जन्म हुआ- योजनाबद्ध शहरीकरण,



सुदृढ़ अधोसंरचना और सामुदायिक पुनर्स्थापन के माध्यम से। पुनर्निर्माण के 25 वर्ष बाद, भुज केवल खड़ा नहीं है; वह आगे बढ़ रहा है। वह इस सत्य का प्रमाण है कि जब नेतृत्व में स्पष्टता और संकल्प हो, तो आपदा भी विकास की प्रस्तावना बन सकती है।

भौगोलिक रूप से सीमांत क्षेत्र में स्थित होने के कारण भुज का महत्व और भी बढ़ जाता है। यहाँ विकास और सुरक्षा परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। तैनात भारतीय सैनिकों की सतर्क उपस्थिति हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र की आर्थिक प्रगति उसकी सामरिक स्थिरता पर ही टिकती है। ऑपरेशन सिंदूर की भावना से प्रेरित विश्व के सबसे विशाल प्रतीकात्मक खादी तिरंगे (Iconic Khadi Tiranga) को दी गई सलामी वस्तुतः उन अनगिनत वीरों के प्रति राष्ट्र की सामूहिक कृतज्ञता है, जिनके त्याग से विकास की धारा निर्बाध बहती है।

यदि तिरंगा राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है, तो खादी उस गौरव की आत्मा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खादी को अतीत की स्मृति से निकालकर भविष्य की रणनीति का हिस्सा बनाया है। उनके शब्दों में- खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत का विचार और जन-आंदोलन है।

इस जन-आंदोलन ने पूरे भारत को आंदोलित किया है। परिणाम सामने है। आज ग्राम स्वराज की अवधारणा व्यवहारिक अर्थशास्त्र में परिवर्तित होती दिखाई दे रही है। खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 1.70 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है और शीघ्र ही 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचने की ओर अग्रसर है। इससे भी अधिक उल्लेखनीय यह है कि इस क्षेत्र ने 2 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया है- एक ऐसा परिवर्तन जो ग्रामीण भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि उत्पादक शक्ति के रूप में स्थापित करता है।

सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रशिक्षण, टूल्स वितरण और स्थानीय कौशल को प्रोत्साहन देने वाली पहलों ने विकास का एक विकेंद्रीकृत मॉडल प्रस्तुत किया है। पिछले 11 वर्षों 2.88 लाख से अधिक मशीनों और टूलकिट्स के वितरण ने यह साफ संकेत दिया है कि भारत का विकास अब महानगरों तक सीमित नहीं; वह गाँवों, कुटीर उद्योगों और पारंपरिक कारीगरों के माध्यम से व्यापक सामाजिक आधार प्राप्त कर रहा है।

इस परिवर्तन के केंद्र में श्रम की गरिमा है। खादी कारीगरों की पारिश्रमिक 15 रुपये प्रति लच्छा तक पहुँच चुकी है और इसे 20 रुपये प्रति लच्छा से आगे ले जाने का संकल्प इस बात का द्योतक है कि आर्थिक विकास का वास्तविक अर्थ आय वृद्धि के साथ सम्मान की स्थापना भी है। यह परिघटना वस्तुतः एक उभरते आर्टिजन युग का संकेत देती है- एक ऐसा कालखंड, जिसमें परंपरा और प्रौद्योगिकी मिलकर नई समृद्धि का निर्माण कर रहे हैं।

डिजिटल युग में प्रतीकों की शक्ति और भी बढ़ जाती है। #IconicKhadiTiranga का सोशल मीडिया पर 20 मिलियन से अधिक व्यूज़ प्राप्त करना केवल लोकप्रियता का संकेत नहीं, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक परिवर्तन का द्योतक है। विशेषकर ल्ढ्ठ्ठ-ं का इस प्रतीक से जुड़ना बताता है कि नई पीढ़ी वैश्विक आकांक्षाओं के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक पहचान को भी उतनी ही दृढ़ता से स्वीकार करना चाहती है।

कच्छ के सफेद रण में भव्य और दिव्य रूप में आलोकित होता यह तिरंगा अंततः हमें एक व्यापक सत्य की ओर ले जाता है- राष्ट्र निर्माण किसी एक नीति, एक परियोजना या एक समयखंड का परिणाम नहीं होता। वह दृष्टि, निरंतरता और सामूहिक विश्वास से निर्मित होता है। जब विरासत को सम्मान मिलता है, जब विकास समावेशी होता है, जब सीमाएँ सुरक्षित होती हैं और जब नेतृत्व भविष्य को देखने का साहस रखता है-तब परिवर्तन एक घटना नहीं, एक युग बन जाता है।

भुज का पुनर्जागरण, खादी का पुनरुत्थान और ग्राम स्वराज की नई ऊर्जा मिलकर जिस भारत की रचना कर रहे हैं, वह संभावनाओं का नहीं, उपलब्धियों का भारत है- आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और निर्णायक।

सफेद रण में विराजमान प्रतीकात्मक खादी तिरंगा (Iconic Khadi Tiranga) इसी भारत का ध्वजवाहक है- एक ध्वज, जो केवल हवा में नहीं लहराता, बल्कि एक राष्ट्र की चेतना को वैश्विक पटल पर नयी पहचान देता है।

# जिलाधिकारी ने किया समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

## अस्पताल में हो रही गड़बड़ी को लेकर भड़के जिला पदाधिकारी, लापरवाही बरतने पर कई कर्मियों का वेतन काटने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** जिले के समेली प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी समेली का बुधवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अस्पताल की विधि-व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, साफ-सफाई और कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा के चिकित्सा पदाधिकारी एवं हेल्थ मैनेजर को कड़ी फटकार लगाई। वहीं निरीक्षण में अस्पताल में कई गंभीर गड़बड़ियां सामने आने पर डीएम नाराज हो गए। लापरवाही और अव्यवस्था को लेकर उन्होंने चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनय कुमार सिंह एवं हेल्थ मैनेजर देवभूषण को कड़ी फटकार लगाई और अगले आदेश तक वेतन बंद करने का निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि जनस्वास्थ्य से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और व्यवस्था में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने,रिकॉर्ड दुरुस्त करने, मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने और अस्पताल की कार्यसंस्कृति में सुधार लाने के निर्देश दिए।वहीं जिला पदाधिकारी ने दो आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया, वहीं समेली प्रखंड के सीडीपीओ एवं सेविका से बच्चों से जानकारी लिया, वहीं बिहार सरकार की योजनाओं को धरातल पर बच्चों को मिले यह हिदायद दिया, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका और सहायिका ससमय आंगनबाड़ी में उपस्थित होकर बच्चों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही, वहीं सीडीपीओ को आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमिता को लेकर कड़ी फटकार लगाई। समेली प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय समेली का जिला पदाधिकारी ने किया निरीक्षण किया, वही छात्रा से मिलकर उसके पढ़ाई, खाना, सैनिटरी पैड, सहित अन्य बच्चे से मिलकर जानकारी लिया। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने धर्मपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, वही वर्ग के बच्चों से मिलकर पढ़ाई के बारे में ली जानकारी, वहीं प्रधानाध्यापक प्रमित कुमार भारती, लिपिक राजीव रंजन से छात्र छात्रों की संख्या, विधालय भवन,खेल मैदान, शिक्षक शिक्षिका एवं प्रयोगशाला का निरीक्षण कर जानकारी लिया, वही प्रमुख अनुकंपा कुमारी, प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार पप्पू, उपप्रमुख दिलीप कुमार साह एवं पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुमन शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली अस्पताल में एमबीबीएस चिकित्सक, दवाई, एक्सरे, पैथोलॉजी, ऑक्सीजन, सहित अस्पताल में मांग रखा, जबकि अंचल में अग्निशमन वाहन मुहैया कराया जाए, समेली प्रखंड व अंचल भवन का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर ट्रामा अस्पताल सेंटर, समेली प्रखंड में थाना का निर्माण, डिग्री कॉलेज का स्थापना, खेल मैदान का निर्माण, सहित अन्य मांगों पर जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी से मांग रखी।

# तीन नकाबपोश अपराधियों ने पति-पत्नी को गोली मारकर किया घायल





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार)।** कदवा थाना क्षेत्र के महम्मदपुर पंचायत के सांझेली गांव वार्ड संख्या 06 निवासी बड़कू शर्मा (28) और उसकी पत्नी काजल देवी (27) को पूर्व से घात लगाये तीन नकाबपोश अपराधियों ने घोघरी पुल पर गोली मारकर सांझेली बहियार की ओर फरार हो गया। गोलीबारी की घटना में दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली और चिल्लाने की की आवाज सुनकर आसपास के लोग पुल के समीप दौड़े आए।

दोनों घायलों को तड़पते देखकर ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना कदवा पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलती ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची । स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दोनों पति-पत्नी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुगार्गंज लाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया । बताया जाता है कि एक गोली पति बड़कू शर्मा के जांघ में लगी है। वहीं दूसरी गोली पत्नी काजल देवी के बाँह में लगी है।

# महाशिवरात्रि को लेकर गोरखनाथ धाम में तैयारी जोरों पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** जिले के मिनी बाबा धाम के नाम से प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर में आगामी महाशिवरात्रि को लेकर शहरों से लोग यहां आकर बाबा गोरखनाथ की पूजा अर्चना यहां वर्षों से पहुंच कर करते आ रहे हैं। दिन प्रतिदिन इस शिव पार्वती मंदिर की ख्याति बढ़ती जा



तैयारी जोर शोर से की जा रही है। शिव पार्वती मंदिर एवं अन्य मंदिरों में रंग रोगन का कार्य अंतिम चरण में है।

मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव ने बताया कि इस बार महाशिवरात्रि के मौके पर मेले का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर कमेटी के द्वारा इसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। महाशिवरात्रि के मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां बाबा गोरखनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर बाबा गोरखनाथ से अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए मन्नत मांगते हैं।


नेपाल, भूटान, झारखंड, बंगाल, असम सहित देश के विभिन्न रही है। इसलिए महाशिवरात्रि के मौके पर यहां काफी भीड़ होती है। बारसोई एसडीओ सह मंदिर के पदेन अध्यक्ष राजू कुमार, एसडीपीओ अजय कुमार, थानाध्यक्ष कुमारी जूली भी इसकी तैयारी को लेकर मंदिर कमेटी के साथ बैठक कर चुके हैं।

इसको लेकर प्रशासन भी काफी मुस्तैज नजर आ रहा है। मंदिर कमेटी के सचिव पिंटू यादव, उपाध्यक्ष अक्षय सिंह, प्रदीप शर्मा, सनी यादव, पंचानन यादव, श्याम नाथ यादव, दिलीप सिंह, शोरभ यादव, पिंटू साह सहित मंदिर कमेटी के अन्य सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। इस बार पन्द्रह फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व है।

# अवैध खनन व ओवर लोडिंग की शिकायत पर जांच दल पहुंचा मनिहारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के मनिहारी क्षेत्र में अवैध खनन और ओवरलोडिंग की लगातार मिल रही शिकायतों के आलोक में जिला प्रशासन की ओर से गठित जांच दल ने बुधवार को विभिन्न ठिकानों का औचक निरीक्षण किया। जांच दल ने नदी मार्ग सहित उन स्थानों का दौरा किया। जहां से भवन निर्माण सामग्री जैसे गिट्टी, पत्थर,बोल्डर आदि का व्यापक पैमाने पर ट्रकों के माध्यम से परिवहन किया जाता है।



निरीक्षण के दौरान टीम ने नदी मार्ग में संचालित व्यावसायिक फेरी सेवा का भी जायजा लिया। बड़े जहाजों के माध्यम से ट्रकों को नदी पार उतारने की प्रक्रिया की भी जांच की गई। शिकायत थी कि इन्हीं वाहनों के जरिए ओवरलोड सामग्री का परिवहन और अवैध खनन किया जा रहा है।हालांकि जांच के दौरान टीम को शिकायत के समर्थन में कोई पुख्ता प्रमाण हाथ नहीं लगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी निगरानी जारी रहेगी और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में जिला परिवहन पदाधिकारी सुवीर रंजन, मोटर यान निरीक्षक राहुल कुमार, खनन निरीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी मनिहारी त्रिलोकी नाथ सिंह,डीएसपी बिनोद कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# जमीन विवाद में धारदार हथियार से हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमदाबाद (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी करीमुल्लापुर पंचायत के नीरपुर चन्नी गांव में जमीन विवाद को लेकर धारदार हथियार से हमला कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घायल जोगी रविदास की पुत्रवधू ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनके पड़ोसी सरयुग रविदास उसका पुत्र संजय रविदास एवं अरुण रविदास के साथ उनके परिवार का खेती-बाड़ी की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। बीती रात घर के सभी लोग खाना खाकर अपने घर में सो गए।



सुबह करीब तीन बजे ससुर जोगी रविदास के कराहने और चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर जब मै ससुर के पास पहुंची तो देखा कि वह खून से लथपथ अवस्था में जमीन पर गिरे पड़े थे। इसी दौरान संजय रविदास और अरुण रविदास हाथ में हंसवा लिए आंगन से कूदकर फरार होते दिखाई दिए। बताया कि आरोपियों ने हंसवा से उनके कनपट्टी और हाथ पर हमला कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीएचसी अमदाबाद ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए सदर अस्पताल कटिहार रेफर कर दिया गया।इस संबंध में अपर थाना अध्यक्ष विजय कुमार राम ने बताया कि पुत्रवधू के दिए गए आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे कार्रवाई की जा रही है।

# नौसादर टैबलेट की भारी खेप बरामद, पिता-पुत्र गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में कुसेर्ला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एजी बाजार निवासी किराना व्यवसायी अजय कुमार गुप्ता के गोदाम से भारी मात्रा में नौसादर टेबलेट बरामद किया है।

पुलिस ने मौके से अजय कुमार गुप्ता एवं उसके पुत्र सुमित गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गोदाम की तलाशी के दौरान कुल 72 बोरा में रखा नौसादर टैबलेट बरामद हुआ।जिसका कुल वजन लगभग 18 सौ किलोग्राम है। जप्त सामग्री की



कुल संख्या 2,88,000 दो लाख अट्ठासी हजार टैबलेट है। बताया जाता है कि इतनी बड़ी मात्रा में नौसादर टैबलेट कलकत्ता से लाई गई थी।

इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि नौसादर का उपयोग शराब एवं अन्य नशीले पदार्थ बनाने में किया जाता है। उन्होंने कहा कि दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर को तोड़कर पेड़ से अटका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के कटिहार-लाभा एनएच 31सड़क के लालगंज गांव के समीप तेज रफ्तार से जा रही अनियंत्रित ट्रक एनएच 31 सड़क किनारे लगा डिवाइडर को तोड़ते हुए पेड़ से अटक गया । ट्रक से ड्राइवर और खलासी कूद कर अपनी जान बचाई।

गनीमत यह रही कि कोई जान-माल की क्षति नही हुई । लेकिन एनएच विभाग के लाखों रुपये का सामान की क्षति हुई है। अगर ट्रक नीचे पलट जाती तो बगल में अवस्थित घर को क्षतिग्रस्त कर जाती।कई लोगो की जान भी जा सकती थी । बड़ा हादसा होने से बच गया। एनएच विभाग के अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है ।



एनएच 31 सड़क किनारे लगे डिवाइडर की क्षति हुई है ।

वहीं इस संबध में रोशना थानाध्यक्ष मासूम कुमारी से पूछे जाने पर उन्होने बताया कि ट्रक को जब्त किया गया है। कोई जान माल की क्षति नही हुई है। इसकी सूचना परिवहन विभाग को दिया गया है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# लक्ष्मीपुर काबर में विद्यालय समिति का प्रशिक्षण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी तथा बरारी के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार सिंह के मार्गदर्शन में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय,लक्ष्मीपुर काबर में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के लिए तीन दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य समिति सदस्यों को उनके दायित्वों एवं विद्यालय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी देना है।



कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक राकेश कुमार ने शिक्षा समिति की भूमिका और जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समन्वयक दिलीप कुमार मंडल ने विद्यालय विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। वहीं संचालक कमलेश्वरी दास ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए सहभागियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। प्रधानाध्यापक नजरुल हक ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। सतीश चन्द्र और मांडवी कुमारी सहित विद्यालय शिक्षा समिति के सभी सदस्य प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित रहे और विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यालय संचालन, संसाधन प्रबंधन, छात्र हित से जुड़ी योजनाएं तथा पारदर्शिता से संबंधित विषयों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन प्रतिभागियों में उत्साह देखा गया।

# श्याम फाल्गुन महोत्सव में निकली भक्ति से ओतप्रोत यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार) ।** फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में बुधवार को गुरुबाजार स्थित श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर से श्री श्याम महोत्सव के तहत विशाल ध्वज शोभायात्रा निकाली गई। भक्तजन हाथों में पवित्र निशान लेकर भक्ति भाव से नगर परिक्रमा करते नजर आये। विशेष रूप से सजाए गए रथ पर भगवान श्याम बाबा का दरबार सुसज्जित था। जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्याम परिवार के सदस्यों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौरान



आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। यात्रा में अरुणा केडिया, पूजा कौशिक, सुनीता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, मधुरानी, ज्योति जायसवाल, मंजू जायसवाल, पूनम अग्रवाल, रानी जायसवाल, विद्या रानी, शोभा जायसवाल, श्यामल केडिया, राजीव भारती, अमित चौधरी, संतोष चौधरी, सुमित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, गौतम भगत, दिनेश अग्रवाल, राजेश चौधरी, सोनू चौधरी, डब्लू गुप्ता, कुणाल शर्मा, बमबोल साह, संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा गुरुबाजार से निकलकर धर्मशाला रोड, बरारी बस्ती, भगवती मंदिर, बरारी हाट और काढ़ागोला स्टेशन बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। भजन-कीर्तन की स्वर लहरियों के बीच हारे का सहारा सांवरे और ह्लबाबा श्याम का सजा दरबारह्व जैसे भक्ति गीतों से वातावरण गूंज उठा।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्रसेवा, संगठन और समर्पण का आदर्श है : किशोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज राय के अध्यक्षता में जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। समर्पण दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व के युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री किशोर जयसवाल शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम के साथ शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी,पूर्व जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो,जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह ,जिला महामंत्री सौरभ कुमार




मालाकार, कार्यक्रम के जिला संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष मनोज राय ने मुख्य अतिथि किशन जयसवाल का अंग वस्त्र देकर अभिनंदन और स्वागत किया। वही अपनी अध्यक्षता में उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कार्यकताओं को संबोधित किया एवं कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन दर्शन आज भी संगठन, सेवा और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देता है। उनका विचार पथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने का सतत संकल्प है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी कहते थे कि "दीन-दुखियों और गरीबों की सेवा कर ली, उनके आंसू पोंछ दिए, तो उनकी आंखों में आपको साक्षात भगवान दिखाई देंगे।

मुख्य अतिथि किशोर जायसवाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को पाथेय मानकर हम गरीबों की सेवा में जुटे हैं। उनका अंत्योदय का सिद्धांत हमारी प्रेरणा है। देश को एकात्म मानववाद के रूप में आदरणीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने ऐसा श्रेष्ठ विचार दिया है, जो विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत की नींव है। इस अवसर पर मंच आसान सभी अतिथियों ने अपने-अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर विस्तार पूर्वक उपस्थित कार्यकताओं को बताने का कार्य किया इस अवसर पर कार्यक्रम में सीमा झा, वीरेंद्र यादव, महेंद्र झा, बबन झा, शिवशंकरसरकार, प्रमोद महतो, राजेश शर्मा, अभिषेक सिंह, प्रियंका सिंह, शोभा जयसवाल, नेहा किरण भास्कर सिंह, अजय दास सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 67 फीसदी किसानों का ई-केवाईसी एवं एफआर कार्ड बना : अभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** जिला पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड के किसान जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ ले रहे हैं उन किसानों का ई- केवाईसी एवं एफ आर कार्ड बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रखंड में 67 फीसदी किसानों ने अपना ई - केवाईसी एवं एफ आर कार्ड बनवा लिए हैं। प्रत्येक गांव में प्रखंड के सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को इस कार्य के लिए लगाया गया हैं।

मनसाही प्रखंड में 5731 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ ले रहे हैं जिसमें बुधवार को दिन के 2:45 तक



3856 किसानों का ई - केवाईसी एवं एफ आर कार्ड बनाया गया हैं। शेष किसान अविलंब अपने किसान सलाहकार सहित अधीनस्थ कर्मचारियों से ई - केवाईसी एवं एफ आर कार्ड अवश्य बना ले । उन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना की राशि मिलेगी। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने भी कई शिविर का भ्रमण किया। इस अवसर पर किसान सलाहकार धर्मवीर राय सहित किसान मौजूद रहे ।

## भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा, डील को अंतिम रूप देने में जुटा अमेरिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने कहा है कि आने वाले हफ्तों में अमेरिका और भारत व्यापार पर अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे। 'व्हाइट हाउस' ने एक दस्तावेज (फैक्ट शीट) में कहा कि दोनों देश सेवाओं एवं निवेश, श्रम तथा सरकारी खरीद सहित शेष मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत जारी रखेंगे। फैक्टशीट में लिखा है कि व्यापार समझौता भारत के 140 करोड़ से अधिक लोगों के बाजार को अमेरिकी उत्पादों के लिए



खोल देगा। राष्ट्रपति ट्रंप भारत द्वारा रूसी तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता को देखते हुए, भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ हटाने पर सहमत हैं और राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर उसे हटा भी दिया है। साथ ही, अमेरिका पारस्परिक टैरिफ को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। फैक्टशीट के मुताबिक, भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों, सूखे अनाज, लाल ज्वार, मेवे, ताजे-प्रसंस्कृत फल, कुछ दालें, सोयाबीन तेल, शराब, स्पिरिट अन्य उत्पादों सहित अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर टैरिफ को समाप्त या कम करेगा। भारत डिजिटल सेवा कर हटाएगा- भारत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में द्विपक्षीय व्यापार को प्रभावित करने वाली गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करेगा। साथ ही, भारत अपने डिजिटल सेवा करों को हटाएगा।

## एमएससीआई इंडेक्स में आदित्य बिड़ला और एलएंडटी फाइनेंस की एंट्री

**मुंबई, एजेंसी।** एमएससीआई ने बुधवार को घोषणा की कि फरवरी 2026 की समीक्षा में आदित्य बिड़ला कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस



के शेयरों को एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में शामिल किया गया है। एमएससीआई ने यह भी कहा कि भारतीय रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन के शेयरों को इंडेक्स से हटा दिया गया है। इस प्रकार, एमएससीआई ग्लोबल स्टैंडर्ड इंडेक्स में भारतीय कंपनियों की संख्या 164 से बढ़कर 165 हो जाएगी। एमएससीआई के इस लेटेस्ट अपडेट का असर आज शेयरों पर दिख सकता है। इसके साथ ही, फ्लोट एडजस्टमेंट की वजह से स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयरों का वेट इंडेक्स में बढ़ जाएगा। फरवरी के पुनर्संतुलन के बाद, एमएससीआई स्टैंडर्ड इंडेक्स में भारत का वेट 14.1 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगा। एमएससीआई ने कहा कि ये समायोजन 27 फरवरी, 2026 के कारोबारी सत्र की समाप्ति के साथ लागू होंगे। ब्रोकरेज फर्म नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के अनुमान के अनुसार, इंडेक्स में शामिल होने के बाद आदित्य बिड़ला कैपिटल में लगभग 257 मिलियन डॉलर और एलएंडटी फाइनेंस में लगभग 238 मिलियन डॉलर का पैसिव इनफ्लो होने का अनुमान है। इसके विपरीत, इंडेक्स से बाहर होने के कारण आईआरसीटीसी को लगभग 142 मिलियन डॉलर के आउटफ्लो का सामना करना पड़ सकता है। वेट बढ़ने के कारण ओ स्मॉल फाइनेंस बैंक में लगभग 172 मिलियन डॉलर का इनफ्लो होने की उम्मीद है।

# बांग्लादेश को अमेरिकी छूट का भारत के कपड़ा कारोबार पर पड़ेगा असर

**मुंबई, एजेंसी।** द्विपक्षीय व्यापार को लेकर अमेरिका और बांग्लादेश के बीच होने जा रहे समझौते ने भारतीय के कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग की चिंता बढ़ा दी है। समझौते के तहत एक नई व्यवस्था बनाई जा रही है, जिसके तहत अमेरिका द्वारा बांग्लादेश से आयात होने वाले कपड़े पर जीरो टैरिफ रखा जाएगा। ऐसी स्थिति में भारतीय कपड़ा उद्योग और निर्यातकों के सामने कई सारी चिंताएं है। उनका मानना है कि अगर बांग्लादेश को शुल्क मुक्त अमेरिका को निर्यात करने की सुविधा दी जा रही है तो वह भारत को भी मिलनी चाहिए।

तय मसौदे के हिसाब से दोनों पक्षों के बीच होने जा रहे व्यापार समझौते में टेक्सटाइल को खास सुविधा देने का प्रावधान है, जिसमें बांग्लादेश से जितने मूल्य का अमेरिका कॉटन आयात करेगा उतने ही मूल्य के कपड़े एवं वस्त्र अमेरिका को शून्य आयात शुल्क पर निर्यात कर पाएगा। इससे अमेरिका बाजार में बांग्लादेश के कारोबारी एवं निर्यातक सस्ती दरों पर अपने कपड़े एवं वस्त्र बेच जाएंगे। ऐसे में भारतीय कारोबारियों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल होगा।

**बांग्लादेश सस्ती दरों पर कपड़े तैयार करता है:** बांग्लादेश में कपड़ा उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। वहां पर कई बड़ी कंपनियों की फैक्ट्रियां हैं। श्रमशक्ति सस्ती होने की वजह से बांग्लादेश सस्ती दरों पर कपड़े तैयार करने के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। अब अगर उसे शून्य शुल्क के साथ कपड़ा निर्यात करने की अनुमति मिलती है तो भारतीय उद्योग के सामने चुनौती होगी। वर्तमान में बांग्लादेश



अमेरिका को सालाना 9-10 अरब डॉलर का कपड़ा निर्यात करता है लेकिन आयात में मिली छूट के बाद निर्यात तेजी से बढ़ सकता है।

इसलिए हमारी तरफ से सभी संगठन सरकार को पत्र लिखकर मांग कर रहे हैं कि अमेरिका के साथ होने वाले समझौते में उसी तरह का लाभ भारत को भी दिया जाए, जिस तरह का बांग्लादेश को दिया जा रहा है।

### भारत के लिए प्रतिस्पर्धा करना होगा मुश्किल

मौजूदा समय में भारत का कुल टेक्सटाइल निर्यात 36 से 37 अरब डॉलर का है। कुल निर्यात में से वित्तीय वर्ष 2024-25 में अमेरिका को करीब 10 अरब डॉलर का अमेरिका को किया गया है। कपड़े के तौर पर अमेरिका को भारत मुख्य तौर पर रेडीमेट गारमेंट्स, कॉटन और मन-मेड टेक्सटाइल फैब्रिक्स, होम टेक्सटाइल से जुड़े वस्त्र निर्यात करता है। निर्यात से जुड़ी छूट मिलने पर भारत को अमेरिकी बाजार में नुकसान हो सकता है।

### हमें भी मिले बांग्लादेश जैसा लाभः उद्योग जगत

टेक्सटाइल निर्यात के क्षेत्र में बांग्लादेश को अमेरिका द्वारा दी जा रही रियायत पर अब भारत के टेक्सटाइल कारोबारी एवं निर्यातक मांग कर रहे हैं कि उन्हें भी बांग्लादेश की तरह लाभ मिलना चाहिए। टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन विजय कुमार अग्रवाल कहते हैं कि अमेरिका द्वारा समझौते के तहत बांग्लादेश का शून्य शुल्क पर निर्यात किए जाने की छूट दिए जाने से भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में नुकसान होगा।

# बीएचईएल के शेयर को सस्ते दाम पर खरीदने का मौका

### सरकार बेच रही हिस्सेदारी

**मुंबई, एजेंसी।** भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में सरकार ने अपनी हिस्सेदारी बेचने का ऐलान किया है। इस ऐलान के बाद भेल के शेयर की कीमत बुधवार को 5 प्रतिशत से अधिक गिर गई। यह ऑफर आज (11 फरवरी) से शुरू हो रहा है, जिससे निवेशकों को सस्ते दाम पर शेयर खरीदने का मौका मिलेगा। इस खबर के बाद, बीएसई पर बीएचईएल का शेयर 5 प्रतिशत गिरकर 261.40 रुपये के दिन के निचले स्तर पर पहुंच गया। सरकार ने ओएफएस के लिए तय फ्लोर प्राइस 254 रुपये प्रति शेयर रखा है, जो पिछले बंद भाव से लगभग 8 प्रतिशत कम है। सरकार बीएचईएल में अपनी 3 प्रतिशत हिस्सेदारी (10.44 करोड़ से अधिक शेयर) ओएफएस के जरिए बेचेगी। इसमें अतिरिक्त 2 प्रतिशत हिस्सेदारी (6.96 करोड़ शेयर) बेचने का विकल्प (ग्रीनशू ऑप्शन) भी शामिल है। इस तरह कुल 5 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री हो सकती है। 3 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री से लगभग 2,650 करोड़ रुपये जुटने का अनुमान है। यदि पूरा ग्रीनशू ऑप्शन इस्तेमाल होता है, तो कुल सौदे का आकार लगभग 4,422 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। यह ऑफर दो दिन (11 और 12 फरवरी) चलेगा। बुधवार, 11 फरवरी को गैर-रिटेल निवेशक बोली लगा सकते हैं, जबकि गुरुवार, 12 फरवरी को रिटेल निवेशकों के लिए खुला रहेगा। बोलियां बाजार के नियमित समय (सुबह 9:15 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक) में लगेंगी। बीएचईएल ने दिसंबर 2025 तिमाही ( में मजबूत प्रदर्शन दिखाया है। कंपनी का नेट प्रॉफिट पिछले साल की समान तिमाही के 125 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 382 करोड़ रुपये हो गया, जो 206 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी का रेवेन्यू ऑपरेशन16 प्रतिशत बढ़कर 8,473 करोड़ रुपये हो गया। परियोजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और ऑर्डर पाइपलाइन में सुधार से यह वृद्धि हुई है। 10 फरवरीको, बीएचईएल को भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लिमिटेड से लगभग 2,800 करोड़ रुपये के एक प्रोजेक्ट का ऑर्डर मिला है। कोल इंडिया और बीएचईएलकी संयुक्त उपक्रम कंपनी है। यह ऑर्डर ओडिशा के झारसुगुडा जिले में लखनपुर स्थित कोयला-से-अमोनियम नाइट्रेट परियोजना के लिए सिंगैस शुद्धिकरण संयंत्र का है। बीएचईएल इसमें डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण और रखरखाव जैसे काम संभालेगी। यह परियोजना ऑर्डर मिलने की तारीख से 42 महीने के भीतर पूरी होने का लक्ष्य रखती है।

### 1684 करोड़ रुपये का हुआ है मुनाफा

# टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन के शेयरों ने बनाया नया रिकॉर्ड

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की दिग्गज कंपनी टाइटन के शेयर अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। टाइटन के शेयरों ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। टाइटन के शेयर बुधवार को बीएसई में 2 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 4379.95 रुपये पर पहुंच गए। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में टाइटन के वित्तीय नतीजे शानदार रहे हैं और इसी के बाद कंपनी के शेयरों में यह तेजी आई है। दिग्गज निवेशक रेखा झुनझुनवाला का टाटा ग्रुप की इस कंपनी पर बड़ा दांव है।

**टाइटन को हुआ है 1684 करोड़ रुपये का मुनाफा:** टाइटन कंपनी को चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 1684 करोड़ रुपये का कंसॉलिडेटेड मुनाफा हुआ है। कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 61 पर्सेंट बढ़ा है। एक साल पहले की समान अवधि में टाइटन को 1047 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ था। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में टाइटन का रेवेन्यू सालाना आधार पर 43 पर्सेंट बढ़कर 25,416 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी का रेवेन्यू 17,740 करोड़ रुपये था। कंपनी का कहना है कि उसके ज्वैलरी बिजनेस में शानदार ग्रोथ देखने को मिली है। टाइटन का ज्वैलरी पोर्टफोलियो सालाना आधार पर 42 पर्सेंट बढ़ा है।

टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन के शेयर पिछले 5 साल में 190 पर्सेंट से अधिक उछल गए हैं। टाइटन के शेयर 12 फरवरी 2021 को 1494.35 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 11 फरवरी 2026 को 4379.95 रुपये पर जा पहुंचे हैं। अगर पिछले एक साल की बात करें तो टाइटन के शेयरों में 33 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। पिछले 6 महीने में टाइटन के शेयरों में 26 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। टाइटन अपने शेयरधारकों को बोनस शेयर का तोहफा भी दे चुकी है। कंपनी ने जून 2011 में अपने निवेशकों को 1:1 के रेशियो में बोनस शेयर दिए। यानी, कंपनी ने हर 1 शेयर पर 1 बोनस शेयर बांटा।

दिग्गज निवेशक रेखा झुनझुनवाला का टाटा ग्रुप की कंपनी टाइटन पर बड़ा दांव है। रेखा झुनझुनवाला के पास टाइटन कंपनी के 47,184,470 शेयर हैं। कंपनी में रेखा झुनझुनवाला की हिस्सेदारी 5.3 पर्सेंट है। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी के पास भी टाइटन कंपनी के 2,23,24,301 शेयर हैं। कंपनी में एलआईसी की हिस्सेदारी 2.51 पर्सेंट है। म्यूचुअल फंड्स की टाटा ग्रुप की इस कंपनी में 8.23 पर्सेंट हिस्सेदारी है। ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने टाइटन के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। विदेशी ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए 4500 रुपये का टारगेट दिया है।

# 50 लाख की नौकरी छोड़कर बने मोमोज माफिया

### सिर्फ 2.5 साल में कमा डाले 5 करोड़

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साकेत सौरभ ने अपनी अलग पहचान बना ली है। उनकी गिनती गुरुग्राम के सफल उद्यमियों में होने लगी है। उन्होंने अपनी 50 लाख रुपये सालाना की अच्छी खासी नौकरी छोड़कर 2023 में द मोमोज माफिया की शुरुआत की थी। यह अब एक सफल बिजनेस बन गया है। इसने ढाई साल में 5 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। यह बिजनेस फ्रेंचाइजी मॉडल पर काम करता है। सात भारतीय राज्यों में इसकी उपस्थिति है। आइए, यहां साकेत सौरभ की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

**50 लाख की नौकरी छोड़ दी:** साकेत सौरभ ने सितंबर 2023 में अपनी 50 लाख रुपये की नौकरी छोड़ दी थी। उन्होंने 2014 में हृद्धस्नञ्ज दिल्ली से स्नातक होने के बाद उद्यमिता की दुनिया में कदम रखा था। इससे पहले साकेत ने वॉवफ्लक्स नाम की कंपनी की सह-स्थापना की थी। इसे बाद में फ्लिक्सस्टॉक ने खरीद लिया था। फिर साकेत प्रोडक्ट मैनेजर के तौर पर फ्लिक्सस्टॉक में शामिल हो गए थे। नौकरी करते हुए भी साकेत ने अपनी बहन और जीजा के साथ मिलकर गुरुग्राम में बैम्बू कैफे खोला। यह कैफे अलग-अलग तरह के व्यंजन परोसता था। लेकिन, मोमोज उनके सबसे ज्यादा बिकने वाला व्यंजन था।

पहले साल में कंपनी ने 16 लाख रुपये कमाए। वित्त वर्ष 2023-24 में जनवरी, फरवरी और मार्च के तीन महीनों के लिए उन्होंने 16 लाख रुपये का कारोबार किया।



### बैम्बू कैफे एक सामान्य कैफे था

साकेत इसमें सब कुछ बेच रहे थे। एक प्रयोग के तौर पर कैफे के ठीक बाहर केवल मोमोज बेचने के लिए छोटा कैनोपी लगाया। इस छोटे कैनोपी के बाद साकेत सौरभ ने गुरुग्राम के इन्फोटेक नाम के स्थान पर एक ठेला लगाया। इस ठेले ने बहुत अच्छा बिजनेस किया। ठेले से हर दिन 10,000 रुपये से 12,000 रुपये की बिक्री होने लगी। उस स्टॉल पर कई ऑफिस कर्मचारी मिले जो अपना मोमो कार्ट खोलना चाहते थे। इस तरह फ्रेंचाइजी व्यवसाय शुरू हुआ।

### समस्याएं भी आईं सामने

द मोमोज माफिया को आधिकारिक तौर पर जनवरी 2024 में रजिस्टर किया गया था। इस व्यवसाय में साकेत समेत पांच पार्टनर हैं। इनमें एकता कुमारी, गौतम, सूर्य प्रकाश और शुभम ठाकुर शामिल हैं। साकेत के लिए मोमो कार्ट खोलना फायदेमंद था। लेकिन, इसमें समस्याएं भी थीं। पहले साल में उन्होंने कई कार्ट खोले। यह अच्छा साइड था। लेकिन, कार्ट व्यवसाय भी अस्थिर था। उन्हें अलग समस्याओं का सामना करना पड़ा। कुछ दिन अधिकारी कार्ट हटा देते थे। स्टाफ की समस्याएं होती थीं। कभी-कभी मौसम साथ नहीं देता था। ऑपरेशन के नजरिये से कई चुनौतियां थीं। एक साल तक यह करने के बाद साकेत को एहसास हुआ कि मोमो कार्ट एक सार्थक, स्केलेबल व्यवसाय में विकसित नहीं हो सकते। करोड़ों रुपये का ब्रांड कार्ट के इर्द-गिर्द नहीं बनाया जा सकता।

### ढाई साल में 5 करोड़ की कमाई

साकेत इस बात से भी वाकिफ थे कि मोमोज की बिक्री ज्यादातर सड़क किनारे ही होती है। लिहाजा, दूसरे साल में उन्होंने छोटी दुकानें खोलना शुरू किया। दुकानों के बाहर साकेत ने मोमो कार्ट लगाए। उन्होंने इसे सीएसआर मॉडल कहा। कार्ट सर्विस रेस्टोरेंट। वर्तमान में द मोमोज माफिया के पास लगभग 40 कार्ट, 20 छोटे आउटलेट और दो पूर्ण-विकसित क्विक सर्विस रेस्तरां हैं।

# अमेरिकी एजेंसी ने अडानी समूह से पूछे सवाल, ईरान से रसोई गैस आयात का है मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने मंगलवार को कहा कि एक अमेरिकी एजेंसी ने प्रतिबंधित इकाइयों के साथ लेनदेन की गैर-आपराधिक जांच के तहत ईरान से पेट्रोलियम उत्पादों के कथित आयात को लेकर कंपनी से जानकारी मांगी है।

अडानी एंटरप्राइजेज ने शेयर बाजार को बताया कि उसे चार फरवरी को अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) से सूचना का अनुरोध मिला है। यह अनुरोध जून, 2025 में वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट के संबंध में हुई स्वैच्छिक चर्चा के बाद आया है। उस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि अडानी से जुड़ी कंपनियों ने अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए शिपिंग मार्गों का उपयोग करके भारत में ईरानी तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का



आयात किया था। अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा-कंपनी स्वेच्छा से विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय के साथ सहयोग कर रही है और मांगी गई जानकारी देगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिकी प्राधिकरण से प्राप्त संचार में किसी भी प्रकार के उल्लंघन या गैर-अनुपालन का कोई निष्कर्ष शामिल नहीं है। पिछले साल जून में आई रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अमेरिकी अभियोजक इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या अडानी समूह की कंपनियों ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह के माध्यम से ईरानी एलपीजी का आयात किया था। अडानी समूह ने इन आरोपों को निराधार बताते हुए कहा था कि नीतिगत रूप से अडानी समूह अपने किसी भी बंदरगाह पर ईरान के किसी भी माल का प्रबंधन नहीं करता है।

## 100 साल के लिए ले रही है गूगल की पैरंट कंपनी अल्फाबेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेटढ्ढ की रेस में आगे रहने के लिए भारी-भरकम फंड जुटा रही है। इसके लिए कंपनी ने 100 साल की अवधि वाला अनोखा बॉण्ड जारी करने का फैसला किया है। पिछले 30 साल में ऐसा किसी टेक कंपनी द्वारा नहीं किया गया है। इससे पहले साल 1996 में आईबीएम ने ऐसा किया था। फाइनैंशल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, यह 100 साल वाला बॉण्ड अल्फाबेट द्वारा पाउंड में कर्ज जुटाने की पहली कोशिश का हिस्सा है। इसके साथ ही, कंपनी अमेरिकी डॉलर बॉण्ड के जरिए भी 20 अरब डॉलर जुटा रही है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, पहले कंपनी ने 15 अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई थी। जब निवेशकों की तरफ से 100 अरब डॉलर से ज्यादा की डिमांड (ऑर्डर) आई, तो कंपनी ने कर्ज की रकम बढ़ा दी। इसके अलावा स्विस फ्रैंक में भी बॉण्ड लाने की तैयारी है। डॉलर वाले बॉण्ड को सात हिस्सों में बांटा गया है। इसमें सबसे लंबी अवधि का बॉण्ड 40 साल का है, जो 2066 में मैच्योर होगा। बाजार में इस कर्ज की बहुत ज्यादा मांग है, खासकर छोटे समय (3 साल) वाले बॉण्ड के लिए निवेशकों में काफी उत्साह देखा गया। इस सौदे से जुड़े एक बैंकर ने बताया कि अलग-अलग करंसी (जैसे पाउंड, डॉलर, स्विस फ्रैंक) में बॉण्ड जारी करने से अल्फाबेट को दुनिया भर के नए निवेशकों से जुड़ने में मदद मिलती है। आजकल बड़ी टेक कंपनियों की पैसों की जरूरतें बहुत तेजी से बढ़ रही हैं। अगर वे सिर्फ डॉलर बाजार पर निर्भर रहेंगी, तो मांग और सप्लाई का संतुलन बिगड़ सकता है। साथ ही, पाउंड मार्केट में ब्याज दरें डॉलर के मुकाबले कम हैं, जिससे 100 साल वाला यह बॉण्ड कंपनी के लिए सस्ता और फायदेमंद साबित होगा।

### खाते का गलत इस्तेमाल न करें, भरोसेमंद बैंकिंग व्यवस्था की नींव है केवाईसी

# सुरक्षित बैंकिंग के लिए केवाईसी जरूरी, फर्जी कॉल, मैसेज और लिंक से सावधान रहें: आरबीआई

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट्स और स्वयं सहायता समूहों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। केवाईसी-सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम विषय पर आयोजित कार्यशाला में लोगों को जागरुक किया गया। लोगों को समझाया गया कि सुरक्षित बैंकिंग के लिए केवाईसी कितना जरूरी है।

आरबीआई द्वारा हर वर्ष जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इस बार वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2026 का आयोजन 13 फरवरी तक किया जा रहा है, जिसमें केवाईसी को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। लोगों को केवाईसी से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां दी जाएंगी। इसमें बताया जाएगा कि केवाईसी एक जरूरी नियम है, लेकिन इसे पूरा करना आसान है। इसके लिए सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके उपलब्ध हैं। इसके साथ ही, लोगों को सेंट्रल केवाईसी (सीकेवाईसी) की सुविधा के बारे में भी जानकारी दी जाएगी, जिससे केवाईसी प्रक्रिया और आसान हो जाती है।

अभियान के दौरान लोगों को फर्जी कॉल, मैसेज और लिंक से सावधान रहने के लिए भी जागरूक किया जाएगा, क्योंकि इन्हीं के चलते कई बार साइबर ठगी होती है और लोगों को आर्थिक नुकसान भी होता है। कई बार लालच में आकर लोग अपने बैंक खाते का गलत इस्तेमाल करने देते हैं, जिससे उन्हें गंभीर कानूनी और आर्थिक परेशानी हो सकती है। सप्ताह के




दौरान आरबीआई, बैंकों और अन्य संस्थाओं के सहयोग से देशभर में जागरूकता कार्यक्रम और संपर्क अभियान चलाए जाएंगे। इन गतिविधियों को पूरे साल जारी रखने की योजना है, जिससे कि लोगों पर इसका स्थायी असर पड़े। आरबीआई की तरफ से कहा गया है कि केवाईसी केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सुरक्षित और भरोसेमंद बैंकिंग व्यवस्था की नींव है। सभी संबंधित संस्थाओं से अपील की गई है कि वह इस संदेश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं।

# झारखंड में 350 विदेशी नागरिकों को किया गया चिह्नित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अवैध तरीके से रह रहे 350 विदेशी नागरिकों को चिह्नित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन संचालित प्रत्यर्पण ब्यूरो को इससे संबंधित रिपोर्ट मिली है। अब चिह्नित सभी विदेशी नागरिकों का सत्यापन होगा और उन्हें अपने देश वापस करने के लिए प्रक्रिया शुरू होगी। इसमें अधिकांश विदेशी नागरिक ऐसे हैं, जिनका वीजा फेल हो चुका है।

वे झारखंड में आए तो यहीं रह गए और वापस अपने देश नहीं लौटे। विदेशी नागरिकों की वापसी मामले की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय गृह सचिव जल्द ही झारखंड आने वाले हैं। बैठक का एजेंडा भी राज्य सरकार से साझा किया गया है।

झारखंड में भी डिस्ट्रिक्ट पुलिस माड्यूल (डीपीएम) सुचारू रूप से संचालित है। डीपीएम ने भी विदेशी नागरिकों के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें वीजा फेल होने के बावजूद ओवर स्टेयिंग विदेशी की सूची भी दी गई है। इससे

## सभी की होगी वतन वापसी, प्रक्रिया शुरू

संबंधित जानकारी संबंधित जिला व कोलकाता के फारेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन आफिस (एफआरआरओ) को भी भेजी गई है।

यह सूची वीजा व पासपोर्ट की वैधता समाप्त होने से संबंधित है। अवैध तरीके से वीजा-पासपोर्ट फेल वाले विदेशियों से संबंधित मासिक सूची केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी भेजी जाती है। सभी राज्यों की राजधानी में भी एक सशक्त एफआरआरओ बनाने पर जोर है। रिपोर्ट के अनुसार एक बांग्लादेशी नागरिक को 22 अप्रैल 2025 को निर्वासित किया गया था। अब भी चार बांग्लादेशी हैं, जिन्हें निर्वासित किया जाना है। ये अवैध तरीके से झारखंड में रह रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी की गई थी।

उनकी राष्ट्रीयता सत्यापन के लिए केंद्र से पत्राचार किया गया है। इनमें एक का सत्यापन हो चुका है। तीन बांग्लादेशी हजारीबाग के विदेशी होल्डिंग कैंप से 09 जून 2025 को फरार हो गए थे, जिन्हें 10 जून को गिरफ्तार किया गया था।

वर्तमान में वे हजारीबाग के जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में बंद हैं। झारखंड में सिर्फ एक ही डिटेंशन सेंटर है, जो हजारीबाग में है। वह फारेन होल्डिंग कैंप के रूप में कार्यरत है।

सभी 24 जिलों में फारेंनर्स आइडेंटिफिकेशन पोर्टल (एफआइपी) को लागू किया गया है। इसका सख्ती से अनुपालन का आदेश दिया गया है। इसके तहत विदेशी नागरिकों के बायोमीट्रिक व बायोग्राफिक डिटेल्स भरे जाने हैं।

इससे सभी विदेशी नागरिकों का पूरा ब्यौरा सभी जिलों में रहेगा, जो विदेशी नागरिकों के मामले में उनका वीजा-पासपोर्ट फेल होने के मामले में त्वरित कार्रवाई करने में मदद करेगा।

# दुबई में फंसे मजदूरों की हुई वतन वापसी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** दुबई में फंसे झारखंड के गिरिडीह के बगोदर समेत हजारीबाग व बोकारो के 14 प्रवासी मजदूरों में से 11 मजदूरों की सकुशल वतन वापसी हो गई है। दुबई से सभी मजदूर बुधवार दोपहर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल हवाई अड्डा पहुंचे। इसके बाद सभी अपने घर आ गए।

वतन वापसी होते ही इनके चेहरे में खुशी के आंसू छलक पड़े। इसके लिए मजदूरो व उसके स्वजनो ने केंद्र व राज्य सरकार समेत मीडिया व सिकंदर अली के प्रति आभार जताया।

बताते चले कि सभी मजदूर अक्टूबर 2025 में ईएमसी कंपनी में ट्रांसमिशन लाइन में काम करने के लिए दुबई गए थे, लेकिन कंपनी मजदूरों के बीच काम के बदले मजदूरी का भुगतान नहीं कर रही थी।

वहीं समय से अधिक काम कराया जा रहा था।



इससे मजदूरों को वहां रहने और खाने-पीने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसे लेकर मजदूरों ने एक वीडियो भेजकर अपनी पीड़ा को साझा करते हुए सरकार से मदद की अपील की थी।

वतन लौटने के बाद मजदूरों ने कहा कि अगर अपने देश में ही कमाने की बेहतर व्यवस्था हो जाए तो वह कभी भी विदेश का रुख नहीं करेंगे। अपने देश में रोजगार नहीं मिलने की वजह से उन्हें मजबूरी में विदेश जाना पड़ता है।

वतन लौटे मजदूरों में गिरिडीह बगोदर तिरला के राजेश महतो,डुमरडेली के अजय कुमार महतो,हजारीबाग बिष्णुगढ़ के खेदाडीह के जागेश्वर महतो,सिरैय के बैजनाथ महतो, पारजोरिया के दिलीप महतो,गंगाधर महतो, त्रिलोकी महतो,चुकचुको बसरिया के दीपक कुमार, बरकट्ठा गोरहर के रोहित महतो,सेवा महतो,बोकारो नवाडीह कंजकिरो डालेश्वर महतो शामिल है।

# मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नगर निकाय निर्वाचन 2026 के अंतर्गत धनबाद नगर निगम के तथा चिरकुंडा नगर परिषद में होने वाले चुनाव के लिए मतदान पदाधिकारियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण आज समाप्त हो गया।

श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में 04 फरवरी से जारी प्रशिक्षण में 1463 पीठासीन पदाधिकारी, 1417 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 1392 द्वितीय मतदान पदाधिकारी तथा 2644 तृतीय मतदान पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।



प्रशिक्षण में मुख्यतः मतदान प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी, मतदान दिवस के पूर्व दिन की जानकारी तथा मतदान संपन्न होने के पश्चात प्रपत्रों की जानकारी दी गई। विशेष रूप से इन बातों पर जोर दिया गया कि नगर निकाय चुनाव में मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाना है। साथ ही मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्त होने वाले चार मतदान पदाधिकारी तथा पीठासीन पदाधिकारी के कार्य एवं दायित्व, मतपेटिका को सील करने, दोनों पदों के लिए मतपत्रों का अलग-अलग रंग, मतपत्रों को मोड़ने के तरीके इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया।

## द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी ।** नगर पंचायत क्षेत्र में 23 फरवरी 2026 को होने वाले नगरपालिका (आम) निर्वाचन को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में मतदान दलों के गठन हेतु पीठासीन पदाधिकारी एवं मतदान पदाधिकारी का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया।

यह रेंडमाइजेशन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मार्गदर्शिका के अनुरूप सम्पन्न हुआ। यह प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आर रॉनिटा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक, खूँटी नगर पंचायत क्षेत्र, रश्मि लकड़ा, वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग-सह-उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, सभी निर्वाची पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। द्वितीय रेंडमाइजेशन का मुख्य उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से संपन्न कराना है, ताकि आगामी मतदान सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सके। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 6 फरवरी 2026 को प्रथम रेंडमाइजेशन सम्पन्न किया गया है।

# एचपीवी वैक्सीन लगाने के बाद छात्राएं हुई बेहोश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** जोकीहाट प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित हाई स्कूल बगडहरा में उस समय अफरातफरी मच गई, जब स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाए जाने के दौरान आधा दर्जन छात्राएं अचानक बेहोश हो गईं। घटना के बाद विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया।

मौके पर मौजूद शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए बेहोश छात्राओं को एम्बुलेंस से रेफरल अस्पताल जोकीहाट पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो छात्राओं की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया रेफर कर दिया गया। अन्य छात्राओं का इलाज स्थानीय स्तर पर किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही छात्राओं के स्वजन भी अस्पताल पहुंच गए, जिससे कुछ देर के लिए अस्पताल परिसर में हंगामे की स्थिति बन गई। बताया जाता है कि वैक्सीन लगाए जाने के कुछ ही मिनट बाद छात्राएं एक-एक कर चक्कर खाकर गिरने लगीं। कई छात्राएं रोने लगीं, जिससे कक्षाओं में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक शम्स जमाल ने बताया कि

## स्कूल में अफरातफरी का माहौल

रेफरल अस्पताल की स्वास्थ्य विभाग की टीम विद्यालय पहुंची थी, जो नौ से 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगा रही थी। करीब 25 से 30 छात्राओं को टीका लगाया जा चुका था, तभी कुछ छात्राओं ने चक्कर आने व घबराहट की शिकायत की और देखते ही देखते लगभग आधा दर्जन छात्राएं बेहोश हो गईं। विद्यालय प्रशासन ने तुरंत स्वास्थ्य कर्मियों की मदद से सभी प्रभावित छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मामले की जांच की बात कही है और अभिभावकों से घबराने के बजाय सतर्क रहने की अपील की है। जोकीहाट रेफरल अस्पताल प्रभारी डा. ओपी मंडल से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताया गया। वहीं सिविल सर्जन डा. के.के. कश्यप ने बताया कि सूचना मिलते ही जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. मोईज विद्यालय पहुंचे और मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि सभी छात्राएं खतरे से बाहर हैं। छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीके लगाए गए थे, जिनमें से कुछ को मिचली और उल्टी की शिकायत हुई थी। फिलहाल सभी छात्राएं स्वस्थ हैं।

# स्टेट बार एसोसिएशन के लिए तीसरी बार राधेश्याम गोस्वामी ने किया नामांकन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी ने झारखंड स्टेट बार एसोसिएशन के सदस्य हेतु रांची बार काउंसिल ऑफिस में तीसरी बार नामांकन किया। बता दे कि इस पद पर वे दो बार हुए जीत चुके हैं। राधेश्याम गोस्वामी ने बताया कि इस बार भी उनको सभी जिलों के अधिवक्ताओं से आपार समर्थन प्राप्त हो रहा है।

बुधवार को राधेश्याम गोस्वामी के शिरिस्ता में अधिवक्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत- सम्मान किया और उनको फिर से तीसरी बार जीताने का संकल्प लिया।

# निजी विद्यालय किताबों के प्रकाशकों, पुस्तकों की सूची 10-15 दिन पूर्व करें सार्वजनिक : उपायुक्त

## उपायुक्त ने की निजी विद्यालयों के प्रबंधकों के साथ बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रबंधन और प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में शिक्षा निदेशक, प्राचार्य और शिक्षक भी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों की सुविधा सुनिश्चित करना और स्कूल में पारदर्शी एवं सकारात्मक शैक्षिक वातावरण बनाना था।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी निजी विद्यालय अपनी किताबों की सूची 10-15 दिन पहले सार्वजनिक करें, ताकि अभिभावक किसी भी दुकान या ऑनलाइन माध्यम से सुविधाजनक रूप से किताबें खरीद सकें। उन्होंने कहा कि इससे अभिभावकों को समय पर तैयारी करने में मदद मिलेगी और छात्रों को पढ़ाई में कोई व्यवधान नहीं होगा।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि बच्चों की पिछली बकाया फीस के बारे में सार्वजनिक रूप से किसी अन्य छात्र या क्लास में चर्चा न की जाए, बल्कि केवल स्कूल डायरी में लिखें किया जाए। इससे बच्चों की मानसिक शांति बनी रहेगी और किसी भी तरह की शर्मिंदगी से बचा जा सकेगा।

उपायुक्त ने सभी स्कूलों से कहा कि पैरेंट-टीचर मीटिंग नियमित



रूप से आयोजित करें, जिसमें निदेशक, प्राचार्य और शिक्षक सभी शामिल हों। यह सुनिश्चित करने के लिए है कि अभिभावक बच्चों की प्रगति और विद्यालय की गतिविधियों के बारे में सीधे संवाद कर सकें इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने विद्यालयों से कहा कि अभिभावकों को बेवजह परेशान न किया जाए, और ड्रेस कोड की तस्वीर प्रकाशित की जाए, ताकि अभिभावक कहीं से भी उसे खरीद सकें।

उपायुक्त ने सभी विद्यालयों के प्रबंधन को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि इन नियमों और उपायों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू करें। उनका कहना था कि इससे न केवल अभिभावकों और छात्रों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि शिक्षा का वातावरण भी सकारात्मक और सम्मानजनक बना रहेगा। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर उपायुक्त ने चर्चा करते हुए जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।

# बाबा तिलका मांझी की जयंती पर किया नमन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** गोल बिल्डिंग स्थित बाबा तिलका माँझी चौक पर बाबा तिलका माँझी की जयंती पर बुधवार को उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर बाबा तिलका माँझी स्मारक समिति वह भाजपा नेता वीरेंद्र हांसदा के द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए समिति के सभी लोगों ने श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, मानवाधिकार प्रोटेक्शन के प्रदेश प्रभारी सुदिस्ट कुमार व उमेश तिवारी को दिल से आभार प्रकट किया। इस मौके पर श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बाबा तिलका मांझी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ अपने अदम्य साहस और संघर्ष से उन्होंने न केवल झारखंड बल्कि सम्पूर्ण भारत को स्वतंत्रता की ओर प्रेरित किया। उनका बलिदान और संघर्ष हमें हमेशा अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता रहेगा।

# प्रतिबंध के बावजूद बेरोकटोक बिक रही इंटीबायोटिक दवाइयां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले में एंटीबायोटिक्स की ओवर द काउंटर (ओटीसी) बिक्री पर रोक के दावे जमीनी स्तर पर खोखले साबित हो रहे हैं। मेडिकल स्टोरों पर डॉक्टर के पर्चे के बिना ही एंटीबायोटिक दवाएं धड़ल्ले से बेची जा रही हैं, जिससे न केवल नियमों की अनदेखी हो रही है बल्कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा है। आम लोग मामूली बुखार, खांसी या दर्द में बिना चिकित्सीय सलाह के सीधे मेडिकल स्टोर से दवाएं ले रहे हैं और संचालक भी बिना किसी पूछताछ के दवा थमा दे रहे हैं।

नियमों के अनुसार एंटीबायोटिक्स केवल पर्चे पर ही दी जानी चाहिए, लेकिन इनका पालन नहीं हो रहा है। ओटीसी बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जिला औषधि विभाग के पास न तो पर्याप्त स्टाफ है और न ही सख्त निगरानी व्यवस्था।

हालांकि समय-समय पर निरीक्षण कर स्टोर संचालकों को दिशा-निर्देश दिए जाते हैं लेकिन हालात जस के तस हैं। औषधि विभाग के पास मैन पावर और संसाधनों का घोर अभाव है। औषधि निरीक्षक एक साथ कई जिले के प्रभार में होते हैं।

जानकारों का कहना है कि जहां एक ओर एंटीबायोटिक्स की ओटीसी बिक्री को रोकने को लेकर कोई ठोस नियम नहीं हैं, वहीं मानव शरीर में एंटीबायोटिक्स के प्रयोग को लेकर डॉक्टरों के लिए भी न ही कोई सख्त नियम हैं और न ही मौजूदा नियमों की निगरानी होती है।

इसी तरह, कृषि और पशुओं में एंटीबायोटिक्स के इस्तेमाल को रोकने व नियंत्रित करने को लेकर ठोस नियमों का अभाव है। दवाओं में प्रतिरोध विकसित होने की सघन निगरानी की व्यवस्था न होना और मानव, पशु एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य विभागों में आपसी समन्वय न होना भी एएमआर को नियंत्रित करने में विफलता का एक प्रमुख कारण है।

औषधि विभाग के अधीन जिले में 300 से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित हैं। यहां प्रतिदिन लाखों रुपये की दवा बिक्री होती है, ऐसे में एंटीबायोटिक दवाएं भी बिना किसी चिकित्सीय सलाह के बेची जाती है।

बड़ी बात तो यह है कि मेडिकल स्टोर संचालकों को बिना पर्चे की इन दवाओं की बिक्री करने पर रोक है परंतु उसके बावजूद भी धड़ल्ले से एंटीबायोटिक की ओटीसी बिक्री की जा रही है। एक ओर जहां मेडिकल स्टोर पर एंटीबायोटिक्स की ओटीसी बिक्री खूब हो रही है तो वहीं अधिकांश मेडिकल ऐसे भी हैं जो बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रहे हैं।

# मतदान पदाधिकारियों का प्रथम व द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका) सह उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में तथा धनबाद नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक रोबिन टोप्पो एवं चिरकुंडा नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक सुरेंद्र कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान पदाधिकारियों का प्रथम व द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न हुआ। प्रथम रेंडमाइजेशन में चुनाव कार्य के लिए 5625 पदाधिकारियों का चयन निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। वहीं द्वितीय रेंडमाइजेशन में धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद के लिए 1125 पोलिंग पार्टी का चयन किया गया। एक पोलिंग पार्टी में प्रेसाइडिंग ऑफीसर के साथ चार पोलिंग पदाधिकारी रहेंगे।

इस मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सन्नी राज, धनबाद नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक रोबिन टोप्पो, चिरकुंडा नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक सुरेंद्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, डीएलएओ राम नारायण खलको, सभी निवार्ची पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान मौजूद थे।

# किसान ने बनाया रिकार्ड

**सिमडेगा।** प्रखंड अंतर्गत टिनगीना गांव के किसान राजेंद्र काशी ने खेती के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है।

राजेंद्र काशी ने एक ही हल्दी के पौधे से लगभग 15 किलोग्राम हल्दी उत्पादन कर एशियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। उनकी इस उपलब्धि से ना केवल क्षेत्र के किसान उत्साहित हैं, बल्कि यह सफलता पूरे राज्य के लिए गौरव का विषय बन गई है। करीब एक वर्ष तक निरंतर परिश्रम, धैर्य और नवीन प्रयोगों के बाद तैयार की गई इस विशेष हल्दी ने हाल ही में सिमडेगा में आयोजित कृषि विकास मेला सह उद्यान प्रदर्शनी में सबका ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनी के दौरान उनकी हल्दी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वहीं, किसान राजेंद्र काशी को कुल 11 अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए गए। उनकी इस सफलता की चर्चा अब जिलेभर में हो रही है। यहां तक कि विकसित की गई हल्दी की नई किस्म का नाम ह्यराजेंद्रह्न रखा गया है।

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग

### भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा कायम, अभिषेक और चक्रवर्ती नंबर-1 बरकरार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी द्वारा जारी ताज़ा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा कायम है। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर बरकरार हैं, जबकि वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रज़ा ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में नंबर-1 बन गए हैं।

**बल्लेबाजों में अभिषेक शर्मा का दबदबा** – अभिषेक शर्मा 909 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर कायम हैं। उनके बाद इंग्लैंड के फिल सॉल्ट (821), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (769), जोस बटलर (766) और श्रीलंका के पथुम निसंका (754) क्रमश: दूसरे से पांचवें स्थान पर हैं। रैंकिंग में अन्य खिलाड़ियों ने भी छलांग लगाई है। न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट एक स्थान ऊपर चढ़कर आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कुसल मेंडिस छह स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर हैं। स्कॉटलैंड के जॉर्ज मुंसी सात पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 23वें, भारत के ईशान किशन सात स्थान ऊपर 25वें और नीदरलैंड्स के माइकल लेविट छह स्थान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**गेंदबाजों में चक्रवर्ती नंबर-1** – गेंदबाजों की रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती मामूली बढ़त के साथ पाकिस्तान के अबरार अहमद से आगे शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। टॉप-10 में श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा एक स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें नंबर पर पहुंचने वाले एकमात्र बड़े बदलाव रहे। टॉप-10 के बाहर भी कई खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत के अर्शदीप सिंह तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। सलमान मिर्जा नौ स्थान की छलांग लगाकर 13वें, ब्रैड इवांस 16 स्थान ऊपर संयुक्त 15वें, मिचेल सैंटनर चार स्थान ऊपर संयुक्त 19वें और ब्रैडली करी 25 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**सिकंदर रज़ा बने नंबर-1 ऑलराउंडर** – ऑलराउंडर्स की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रज़ा ने एक स्थान की छलांग लगाकर नंबर-1 पोजीशन हासिल कर ली है। उन्होंने पाकिस्तान के सैम अयूब को पीछे छोड़ा। टी20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे की शानदार शुरुआत का फायदा रज़ा को मिला। कोलंबो में ओमान के खिलाफ मुकाबले में रज़ा ने चार किफायती ओवर में 1/17 का प्रदर्शन किया और बाद में विजयी रन बनाकर टीम को आठ विकेट से जीत दिलाई। इस प्रदर्शन ने उन्हें दोबारा शीर्ष स्थान दिलाया, जिसे उन्होंने पहली बार पिछले साल के अंत में हासिल किया था। आईसीसी की ताज़ा रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों की निरंतरता और जिम्बाब्वे के रज़ा की वापसी ने टी20 क्रिकेट में रोमांच और बढ़ा दिया है।

## टी-20 वर्ल्डकप

# साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर में हराया

### 6 बॉल पर 24 रन चाहिए थे, अफगानिस्तान 19 रन ही बना सका

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान को डबल सुपर ओवर में हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में टूर्नामेंट के इतिहास का पहला डबल सुपर ओवर देखने को मिला। ग्रुप-डी के इस मैच में दूसरे सुपर ओवर में साउथ अफ्रीका ने 6 गेंदों पर 23 रन बनाकर अफगानिस्तान को 24 रन का लक्ष्य दिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान टीम ने दूसरी ही गेंद पर मोहम्मद नबी का विकेट गंवा दिया। इसके बाद रहमानुल्लाह गुरबाज ने मुकाबला तीसरी, चौथी व पांचवीं गेंद पर लगातार तीन छक्के जड़ दिए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।

इससे पहले दूसरे सुपर ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर ने तीन छक्के लगाकर साउथ अफ्रीका को 23 रन तक पहुंचाया था। पहले सुपर ओवर में दोनों टीमों ने 17-17 रन बनाए थे, जिसकी आखिरी गेंद पर स्टब्स ने छक्का लगाकर स्कोर बराबर किया था।रहमानुल्लाह गुरबाज ने दूसरे सुपर ओवर में केशव महाराज की बॉल पर लगातार 3 सिक्स लगाए।



#### अफगानिस्तान ने जीता हुआ मैच गंवाया

अफगानिस्तान को आखिरी ओवर में जीत के लिए 13 रन चाहिए थे। ओवर की पहली ही गेंद कागिसो रबाडा ने नो-बॉल फेंकी, जिस पर कैच भी हुआ, लेकिन बल्लेबाज आउट नहीं हुए और फ्री-हिट मिल गई। इसके बाद वाइड और फिर फ्री-हिट ने साउथ अफ्रीका पर दबाव और बढ़ा दिया। 19.2 बॉल पर नूर अहमद ने सिक्स लगाकर मैच अफगानिस्तान की तरफ झुका दिया। अब 5 गेंदों पर 11 रन चाहिए थे। अगली गेंद डॉट रही, लेकिन 19.4 पर फिर नो-बॉल हो गई, जिस पर नूर ने दो रन ले लिए और अफगानिस्तान जीत के बेहद करीब पहुंच गया।

#### मैच का हाल, दोनों टीमों ने 187-187 रन बनाए

इससे पहले दोनों के बीच का मैच टाई हो गया। इसमें दोनों टीमों ने एक समान 187-187 रन बनाए। 188 का टारगेट चेज कर रही अफगानी टीम को जीत के लिए 3 बॉल पर 2 रन की जरूरत थी। लेकिन, आखिरी ओवर की चौथी बॉल पर फजलहक फारूकी रनआउट हो गए। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। अफ्रीका के लिए रायन रिकेल्टन (61) और क्विंटन डी कॉक (59) ने अर्धशतक लगाए। डेविड मिलर 20 रन बनाकर नाबाद लौटे। अफगानिस्तान के लिए अजमतुल्लाह उमरजई ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए। फजलहक फारूकी को 1 विकेट मिला।

#### प्लेइंग-11

**अफगानिस्तान** – रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, दारविश रसूली, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नाईब, राशिद खान (कप्तान), फजलहक फारूकी, नूर अहमद और मुजीब उर रहमान।

**साउथ अफ्रीका** – ऐडन मार्करम (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, रायन रिकेल्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, कगिसो रबाडा, केशव महाराज और लुंगी एनगिडी।

## टी-20 वर्ल्ड कप में रोहतक के मयंक का दम

### यूएई टीम की तरफ से खेला, न्यूजीलैंड के खिलाफ 13 गेंदों में बनाए 21 रन



**रोहतक (एजेंसी)।** रोहतक के गांव घिलौड़ के रहने वाले मयंक चौधरी ने टी-20 वर्ल्ड में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए पहले मुकाबले में ,श्व टीम की तरफ से खेलते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर 13 गेंदों में 21 रनों की छोटी, लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेली। 16वें ओवर में आए मयंक चौधरी ने 2 चौके व एक छक्के की मदद से 21 रन बनाए। मयंक चौधरी ने टी-20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम का सामना किया। 16वें ओवर में मयंक चौधरी को बैटिंग करने का मौका मिला। मयंक ने अपने स्वभाव के अनुरूप तेज बैटिंग की और 2 चौके व एक छक्के की मदद से स्कोर को 21 रनों तक पहुंचाया। इस दौरान मयंक चौधरी लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर छक्का मारने के चक्कर में मिचेल सेंटनर को कैच थमा बैठे।

**10 साल की उम्र में शुरू किया खेलना** – मयंक चौधरी जब मात्र 10 साल का था तो क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया। गवर्नमेंट मॉडल स्कूल से 12वीं की पढ़ाई की और डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ से पीजी की डिग्री ली। इसी बीच खेलना जारी रखा और पढ़ाई व खेल के बीच एक सामंजस्य बनाए रखा।

# इंडियन ओपनर अभिषेक शर्मा दो दिन से अस्पताल में भर्ती

### पेट में इन्फेक्शन, नामीबिया के खिलाफ आज खेलना मुश्किल

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा पेट के इन्फेक्शन के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। उनका गुरुवार को दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ खेलना मुश्किल है। मीडिया सूत्रों ने बुधवार सुबह अपनी रिपोर्ट में बताया कि अभिषेक पिछले दो दिनों से अस्पताल में एडमिट हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने मीडिया को बताया कि अभिषेक को पेट के इन्फेक्शन के कारण दिल्ली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समस्या की सही जानकारी के लिए कुछ जांच की जा रही हैं। यह अभी साफ नहीं है कि उन्हें आज



डिस्चार्ज किया जाएगा या नहीं। फिलहाल, नामीबिया के खिलाफ मैच में उनका खेलना मुश्किल लग रहा है। अभिषेक को पेट की समस्या होने की जानकारी पहले से थी। मुंबई में अमेरिका के खिलाफ मैच के दौरान वह बल्लेबाजी करने आए थे और पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे। हालांकि वे फील्डिंग के लिए मैदान पर नहीं उतरे थे, तब भारत के असिस्टेंट कोच रयान टेन डोशेट ने पुष्टि की थी कि वे पेट की परेशानी से उबर रहे हैं। डोशेट ने कहा था, उनके पेट में थोड़ी दिक्कत है। हमें उम्मीद है कि वे दो दिन में अगले मैच के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।

**सैमसन और ईशान करेंगे ओपनिंग** – अगर अभिषेक नामीबिया के खिलाफ मैच के लिए फिट नहीं हो पाते हैं तो भारत के पास संजू सैमसन से ओपनिंग कराने का विकल्प है। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद संजू को विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में ईशान किशन ने रिप्लेस कर दिया था। टेन डोशेट ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम अभिषेक की फिटनेस का इंतजार कर रहे हैं। उनकी उपलब्धता के आधार पर टीम संयोजन में कुछ बदलाव हो सकते हैं।संजू सैमसन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में मात्र 46 रन ही बनाए थे।

**बुमराह और वॉशिंगटन सुंदर फिट** – इस बीच भारत के लिए अच्छी खबर यह है कि जसप्रीत बुमराह नामीबिया के खिलाफ मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। वह बीमारी के कारण अमेरिका के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे। मंगलवार को दिल्ली में टीम के अभ्यास सत्र में उन्होंने पूरी रफ्तार से गेंदबाजी की। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर भी न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान लगी साइड स्ट्रेन से उबरकर टीम से जुड़ गए हैं। उन्होंने मंगलवार को नेट्स में गेंदबाजी की और सत्र के अंत में थ्रोडाउन पर बल्लेबाजी अभ्यास भी किया।

## श्याम लाल कॉलेज, आईजीआई और डीयू एलुमना फाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मेजबान श्याम लाल कॉलेज और इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के फाइनल में भिड़ेंगे। महिला वर्ग के फाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस और दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमना के बीच खिताबी मुकाबला होगा।



पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में गत चैंपियन श्याम लाल कॉलेज ने एसएलसी'बी टीम को 4-1 से हराया। विजेता टीम के मनीष को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। श्याम लाल कॉलेज के लिए पंकज ने दो, नवीन बिधूड़ी और हर्ष शर्मा ने एक-एक गोल किया। एसएलसी'बीटीम का एकमात्र गोल दीपक ने किया। दूसरे सेमीफाइनल में इंदिरा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज को सडन डेथ तक खिंचे मुकाबले में 8-7 से मात दी। निर्धारित समय में स्कोर 2-2 था। विजेता टीम के ध्रुव को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट के लिए ध्रुव ने 6 और पुलकित ने दो गोल किए। खालसा कॉलेज के लिए तनुज और विपिन ने दो-दो, दानिश, प्रियांश व मनीष ने एक एक गोल किया। महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंस ने विवेकानंद कॉलेज को 5-0 से मात दी। कल्याणी ने तीन, सोमवती और शीतल ने एक-एक गोल किया।

## तेंदुलकर ने मोदी को बेटे की शादी का न्योता दिया

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमित शाह और राहुल गांधी से भी मिले





**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और उन्हें अपने बेटे अर्जुन और सानिया चंडोक की शादी का न्योता दिया। सचिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। सचिन ने लिखा, प्रधानमंत्री को शादी का निमंत्रण देना हमारे लिए सम्मान की बात है।

# साइफर्ट-एलन ने सबसे बड़ी साझेदारी की

### दोनों के 100 सिक्स भी पूरे, पाकिस्तान ने 16 ओवर स्पिनर्स से फिंकवाए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप में मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और नीदरलैंड ने जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड की ओर से टिम साइफर्ट और फिन एलन ने इतिहास रच दिया। दोनों ने टी-20 वर्ल्ड कप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी कर डाली।

खास बात यह भी रही कि इस मैच के दौरान दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने 100 टी-20 छक्के भी पूरे किए। वहीं पाकिस्तान ने अमेरिका को 32 रन से हराया। इस मुकाबले में पाकिस्तान ने 16 ओवर स्पिनर्स से ही गेंदबाजी करवाई।



#### मैच के टॉप रिकॉर्ड्स

##### पहला मैच

**1. इरास्मस ने नामीबिया के लिए टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा कैच लपके** – नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने टी-20 वर्ल्ड कप में टीम के लिए सबसे ज्यादा कैच लेने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इरास्मस ने 16 मैचों में कुल 7 कैच लपके। इससे पहले यह रिकॉर्ड माइकल वैन लिंगेन के नाम था। उन्होंने 13 मैच में 6 कैच लिए थे।

##### दूसरा मैच

**2. साइफर्ट-एलन ने टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी साझेदारी की** – टी-20 वर्ल्ड कप में टिम साइफर्ट और फिन एलन की जोड़ी ने इतिहास रच दिया। दोनों ने यूएई के खिलाफ चेन्नई में पहले विकेट के लिए नाबाद 175 रन जोड़े, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। इस जोड़ी ने 2022 में जोस बटलर और एलेक्स हेल्स की 170* रन की पार्टनरशिप का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया।

**साइफर्ट-एलन के 100 टी-20 सिक्स पूरे** – न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टिम साइफर्ट और फिन एलन ने टी-20 इंटरनेशनल में अपने-अपने 100 सिक्स पूरे कर लिए। इस उपलब्धि के साथ दोनों कीवी टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। इस सूची में मार्टिन गप्टिल 173 छक्कों के साथ टॉप पर हैं, जबकि कॉलिन मुनरो और ग्लेन फिलिप्स क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर मौजूद हैं।

**फिलिप्स के एक ओवर में 27 रन बने** – टी-20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स के नाम अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया। यूएई के खिलाफ चेन्नई में उनके एक ओवर में 27 रन बने, जो फुल मेंबर टीम के गेंदबाज द्वारा किसी एसोसिएट टीम के खिलाफ टूर्नामेंट इतिहास का सबसे महंगा ओवर है। इससे पहले काइल एबॉट, तबरेज शम्सी और जोफ्रा आर्चर के ओवर में 22-22 रन बने थे, लेकिन फिलिप्स का ओवर इन सभी से आगे निकल गया। एसोसिएट टीम यानी ऐसी टीमें जो आईसीसी की फुल मेंबर नहीं होती हैं।

# मुंबई इंडियंस ने विराट की टीम को नहीं दिया स्टेडियम

### ● आरसीबी ने डीवाई पाटिल स्टेडियम की डिमांड की थी, मुंबई ने इनकार किया

**बेंगलूर (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल 2026 सीजन में नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम को अपना होम ग्राउंड नहीं बना पाएगी। मुंबई इंडियंस ने इस स्टेडियम के इस्तेमाल के लिए जरूरी मंजूरी देने से इनकार कर दिया है।टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई ने आरसीबी को आवश्यक नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) जारी नहीं किया, जिसके कारण यह विकल्प फिलहाल खत्म हो गया है। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली आरसीबी टीम का हिस्सा हैं।

**आईपीएल 2026 के लिए आरसीबी मैदान की तलाश कर रही** – 4 जून को बेंगलुरु में आरसीबी के आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में बड़े आयोजनों को लेकर सख्त रुख अपनाया। इसी वजह से बीसीसीआई को विजय हजारे ट्रॉफी और विमेंस वर्ल्ड कप के कुछ मैच भी बेंगलुरु से बाहर शिफ्ट करने पड़े थे।इसके बाद 17 जनवरी को कर्नाटक



स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को कर्नाटक सरकार से स्टेडियम में आईपीएल और इंटरनेशन मुकाबलों की मेजबानी की मंजूरी मिल गई हैं। केएससीए ने प्रेस नोट जारी कर इसकी जानकारी दी थी। हालांकि फिर कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि आरसीबी खुद अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने मैच नहीं कराना चाहती है। इसी वजह से आरसीबी अभी भी आईपीएल 2026 में अपने मैचों की मेजबानी के लिए मैदान की तलाश कर रही है।

**मुंबई ने कहा कि देश में कई अन्य स्टेडियम है** – अगर कोई फ्रेंचाइजी किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के होम ग्राउंड के पास अपना होम बेस बनाना चाहती है, तो उसे उस फ्रेंचाइजी से मंजूरी लेनी होती है। वानखेड़े स्टेडियम और डीवाई पाटिल स्टेडियम ज्यादा दूर नहीं हैं। अगर कोई टीम डीवाई पाटिल में बेस बनाना चाहती है, तो वानखेड़े से ऑपरेट करने वाली फ्रेंचाइजी की अनुमति जरूरी है। मुंबई ने कहा कि देश में कई अन्य स्टेडियम है और आरसीबी को पहले उन पर विचार करना चाहिए।

#### आरसीबी ने छत्तीसगढ़ सरकार से बात की

जनवरी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने छत्तीसगढ़ सरकार के साथ रायपुर में कम से कम दो होम मैच कराने को लेकर बात की थी। डीवाई पाटिल स्टेडियम के विकल्प से बाहर होने के बाद, इंदौर अब बाकी पांच मैचों की मेजबानी के लिए मजबूत विकल्प बना है। इंदौर का नाम पहले भी चर्चा में था, लेकिन अब डीवाई पाटिल के हटने के बाद यह फिर से प्रमुख विकल्प बन गया है। आरसीबी के वाइस प्रेसिडेंट राजेश मेनन और बीसीसीआई के संयुक्त सचिव प्रभतेज सिंह भाटिया ने सीएमविष्णु देव साय से मुलाकात की।

## संक्षिप्त समाचार

### पीरागढ़ी कांडः फ्लाईओवर पर 'मौत वाली कार' में मौजूद था चौथा शख्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर कार में तीन शव मिलने के मामले में अब तंत्र-मंत्र के दौरान मौत की आशंका सामने आ रही है। जांच में संकेत मिले हैं कि इस घटना में एक चौथा व्यक्ति भी शामिल था, जो कथित तौर पर तांत्रिक बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, बरामद कार में ड्राइवर सीट पर मिले रणधीर के शव के पास वाली सीट पर किसी अन्य व्यक्ति के बैठने के सुराग मिले हैं। पुलिस ने इस एंगल से जांच शुरू करते हुए तांत्रिक से पूछताछ भी की है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं की गई है। पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। सूत्रों का दावा है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक चौथा शख्स कार में बैठता और बाद में उतरता हुआ दिखाई दिया है। तकनीकी टीम की मदद से पुलिस ने उसकी पहचान कर लोनी, गाजियाबाद (यूपी) स्थित उसके घर तक पहुंच बनाई। जांच में उसकी पहचान तांत्रिक के रूप में हुई, जिसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की है। जांच में सामने आया है कि तीनों मृतक पहले कार से तांत्रिक के घर गए थे और वहां से उसे साथ लेकर पीरागढ़ी पहुंचे थे। आशंका है कि फ्लाईओवर के पास तंत्र-मंत्र की प्रक्रिया के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसके बाद तांत्रिक कार से उतरकर मौके से फरार हो गया। पुलिस को संदेह है कि तांत्रिक क्रियाओं में किसी विशेष सामग्री को जलाने या नशीले पदार्थ के सेवन के कारण कार के भीतर दम घुटने या जहरीले तत्व के प्रभाव से तीनों की मौत हुई।

### पूर्व कैग अफसर को पत्नी सहित 18 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुड़गांव में साइबर ठगी का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सेवानिवृत्त कैग अधिकारी और उनकी पत्नी को साइबर ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग का फर्जी आरोप लगाकर 18 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा और गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनके खातों से कुल 2.13 करोड़ रुपये ठग लिए। साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-64सी निवासी पीड़ित इंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि 13 जनवरी को उन्हें वाट्सएप कॉल के जरिए ठगों ने संपर्क किया और खुद को सीबीआई, ईडी और मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताकर डराया। ठगों ने कहा कि उनके साथ मनी लॉन्ड्रिंग का एक मामला जुड़ा है और नरेश गोयल नामक व्यक्ति से 20 लाख रुपये की मांग की जा रही है। ठगों ने पीड़ित दंपति पर वीडियो कॉल के जरिए लगातार निगरानी रखी और फर्जी लेटरहेड पर ईडी, सीबीआई और सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज दिखाकर गिरफ्तारी और संपत्ति जब्त करने की धमकी दी।

### भारत में कम हो गए भ्रष्टाचार के मामले! सूचकांक में सुधरी रैंकिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत मंगलवार को जारी भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक (सीपीआई) 2025 में 182 देशों और क्षेत्रों में से 91वें स्थान पर पहुंच गया। यह पिछली रैंकिंग की तुलना में पांच स्थान बेहतर है। वैश्विक गैर-सरकारी संगठन ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के नवीनतम सीपीआई के अनुसार, भारत का स्कोर पिछले साल की तुलना में एक अंक बढ़ा है। एशिया प्रशांत इलाके में भ्रष्टाचार विरोधी प्रगति की वृद्धि धीमी रही है। धारणा सूचकांक दिखाता है कि भ्रष्टाचार दुनिया के हर हिस्से में एक गंभीर खतरा बना हुआ है। हालांकि इसकी प्रगति की रफ्तार जरूर प्रभावित हुई है। रिपोर्ट में कहा गया कि नेताओं को सत्ता के दुरुपयोग और इस गिरावट को प्रेरित करने वाले व्यापक कारकों, जैसे लोकतांत्रिक जांच और संतुलन की वापसी और स्वतंत्र नागरिक समाज पर हमलों से निपटने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। इसमें आगे कहा गया है कि दुनिया भर में सरकार विरोधी प्रदर्शन यह दिखाते हैं कि लोग अक्षम नेतृत्व से उकता चुके हैं। यह लोग अब सुधार की मांग कर रहे हैं। सीपीआई दुनिया के 182 देशों और क्षेत्रों को उनके सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के अनुमानित स्तर के अनुसार रैंक करता है। परिणाम जीरो (अत्यधिक भ्रष्ट) से 100 (बहुत साफ) के पैमाने पर दिए जाते हैं।

ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं तब उन्हें जानकारी मिल रही है कि यह प्रक्रिया पूरी तरीके से बंद है, यह प्रक्रिया डेढ़ से दो महीने से बंद पड़ी है

# संपत्ति के फ्रीहोल्ड की ऑनलाइन प्रक्रिया बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में फ्लैट, प्लॉट या अन्य संपत्तियों को लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड नागरिक नहीं करवा पा रहे हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की अभी ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी तरीके से बंद है। दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलरों के अनुसार फ्रीहोल्ड की ऑनलाइन प्रक्रिया बंद होने से दिल्ली के विभिन्न नागरिक परेशान हो रहे हैं। दिल्ली के एक प्रॉपर्टी डीलर ने बताया कि हर दिन काफी लोग ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं तब उन्हें जानकारी मिल रही है कि यह प्रक्रिया पूरी तरीके से बंद है। यह प्रक्रिया डेढ़ से दो महीने से बंद पड़ी है।

दिल्ली के प्रॉपर्टी डीलरों ने संभावना जताई है कि डीडीए प्रशासन लीजहोल्ड संपत्तियों को फ्रीहोल्ड संपत्तियों में परिवर्तन करने के लिए कन्वर्जन चार्ज को बढ़ा सकता है। यदि किसी संपत्ति का कन्वर्जन चार्ज अभी 88,700 रुपये है। तब वह दो से तीन गुना तक हो सकता है।

प्रॉपर्टी डीलरों ने फ्रीहोल्ड प्रक्रिया के बंद होने के पीछे कारण बताया है कि दिल्ली सरकार की तरफ से राजधानी में सर्कल रेट को बढ़ाने का फैसला लिया गया था। हालांकि, इस फैसले के संबंध में कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है। डीडीए द्वारा दिल्ली सरकार के नए सर्कल रेट को अपनाने का निर्णय लिया है। इन कारणों से डीडीए ने फ्रीहोल्ड की ऑनलाइन प्रक्रिया को बंद कर दिया है।



### मंत्रालय के साथ बैठक कर उचित फैसला लेंगे

इस संबंध में डीडीए अधिकारियों ने बताया कि हमारी कोशिश है कि नागरिकों को एक समान संपत्ति को फ्रीहोल्ड कराने के लिए कन्वर्जन चार्ज का भुगतान करने की सुविधा प्रदान हो। इस मामले को लेकर आगामी दिनों में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। जिसमें कोई निर्णय लिया जा सकता है। प्रॉपर्टी डीलर ने बताया कि संपत्ति को फ्रीहोल्ड कराना महत्वपूर्ण है। संपत्ति के फ्रीहोल्ड कराने के बिना संपत्ति बेचना व उस पर बैंक से लोन लेना कठिन हो जाता है। इसके अतिरिक्त निर्धारित समय अवधि पर संपत्ति को फ्रीहोल्ड कराने के लिए कन्वर्जन शुल्क न कराने पर हर साल पेनल्टी भी बढ़ती है। अब इन सब कारणों से कन्वर्जन चार्ज बढ़ने की आशंका से लोग अपनी ही संपत्ति को लेकर उलझन में हैं।

# अरुण और अब्दुल की राम मंदिर पर चल रही थी बहस

जेल में आतंकी की हत्या पर नया खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फरीदाबाद की नीमका जेल में बंद संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की सहबंदी अरुण चौधरी ने पत्थर मारकर हत्या कर दी। जांच में सामने आया है कि दोनों के बीच पिछले कई दिनों से राम मंदिर को लेकर बहस चल रही थी। मामले की जांच डीएलएफ क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है और न्यायिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में शव का पोस्टमार्टम किया गया है। जिला जेल नीमका में बंद संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या के मामले की जांच शुरू हो गई है। पहले दिन पुलिस ने जेल के सुरक्षाकर्मियों के बयान दर्ज किए और जांच समिति ने साक्ष्य भी जुटाए। साथ ही मामले की जांच डीएलएफ क्राइम ब्रांच फरीदाबाद को सौंप दी गई है। इसके अलावा अब्दुल रहमान के शव का पोस्टमार्टम ईएसआईसी अस्पताल में किया गया। उसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। एसीपी अशोक कुमार ने बताया कि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट (जेएमआईसी) संचिता सिंह की मौजूदगी में पुलिस प्रशासन ने जेल परिसर में घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके से हमला करने में प्रयुक्त पत्थर और वह कपड़ा बरामद किया गया, जिसमें पत्थर बांधकर वार किए जाने की बात सामने आई। बरामद वस्तुओं को पुलिस ने कब्जे में लेकर आगे की फॉरेंसिक जांच के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके अलावा, घटना के समय जेल में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के बयान भी कलमबंद किए गए हैं। जांच एजेंसियां इस पहलू की भी पड़ताल कर रही हैं कि उच्च सुरक्षा वाली जेल में हमले के लिए इस्तेमाल किया गया सामान आरोपी तक कैसे पहुंचा। एसीपी अशोक कुमार ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम पूरे घटनाक्रम की गहनता से जांच करेगी और सभी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि अब्दुल रहमान की रविवार देर रात सहबंदी द्वारा हमले के बाद मौत हो गई थी। अब्दुल रहमान को पिछले वर्ष मार्च में गांव पाली के खेत में बने एक कमरे से उसको गिरफ्तार किया था। उससे दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए थे और उन पर राम मंदिर पर हमला करने की साजिश रचने का आरोप था। अयोध्या मंदिर पर हमले की साजिश के आरोप में गिरफ्तार बंदी संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की जिला जेल में हुई हत्या के मामले में नया खुलासा सामने आया है। जेल सूत्रों के अनुसार, पिछले कई दिनों से सहबंदी अरुण चौधरी और अब्दुल रहमान के बीच राम मंदिर को लेकर बहस चल रही थी।



सरकार की सालगिरह पर होगा बड़ा आयोजन

## बेटी की 18 से पहले शादी तो नहीं मिलेगी राशि, दिल्ली की लाड़ली योजना में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ने कहा है कि लाडली योजना में सरकार 36 हजार रुपये जमा कराती थी, लेकिन अब 12वीं पास होने और ग्रेजुएट होने के दौरान 20 हजार रुपये और जमा कराएगी। अगर 18 साल से पहले बेटी की शादी हो जाती है तो यह राशि नहीं मिलेगी।

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि लाडली योजना में 160 करोड़ का खर्च आएगा। इसके फंड की व्यवस्था सरकार करेगी। परिपक्वता राशि तब प्राप्त की जा सकेगी जब लाभार्थी ने या तो कक्षा 12 उत्तीर्ण कर 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो, अथवा स्नातक/डिप्लोमा पूर्ण कर 21 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो। लड़कियों का पंजीकरण जन्म के एक वर्ष के भीतर या बाद में कक्षा 1, 6, 9, 11 में प्रवेश के समय अथवा मान्यता प्राप्त स्नातक या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश पर कराया जा सकता है। दिल्ली में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर बड़ा आयोजन किया जाएगा। 19 फरवरी को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इससे पहले सप्ताह भर भाजपा सरकार नई-नई घोषणाओं से एक वर्ष का जश्न मनाएगी। 19 फरवरी के कार्यक्रम के लिए सरकार और संगठन स्तर पर तैयारी तेज हो गई हैं। करीब 27 वर्ष बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी करने वाली भाजपा सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर भव्य आयोजन की तैयारी में है। आने वाले सप्ताह में कई घोषणाएं की जाएंगी।



## दो वंदे भारत ट्रेनें होंगी ठप, एक नई होगी शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे मंत्रालय ने वंदे भारत ट्रेनों को लेकर कुछ अहम घोषणाएं की हैं। इनमें एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू होने की जानकारी दी गई है। वहीं, दो अन्य वंदे भारत ट्रेनों के इस हफ्ते से बंद होने की सूचना भी दी गई है। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन राजस्थान और गुजरात को कनेक्ट करेगी। यह नई सेमी-हाई स्पीड ट्रेन उदयपुर से असरवा (अहमदाबाद) के बीच चलेगी। इस ट्रेन का मेंटेनेंस और ऑपरेशन उत्तरी पश्चिमी रेलवे (एनडब्लूआर) द्वारा किया जाएगा। इससे प्रदेश में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा। एनडब्लूआर ने एक बयान में कहाकि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे बोर्ड ने उदयपुर सिटी-असरवा (अहमदाबाद) वंदे भारत ट्रेन की घोषणा की है। एक्सप्रेस ट्रेनें ठप हो जाएंगी। यह ट्रेनें, उदयपुर सिटी-आगरा कैंट और उदयपुर सिटी-जयपुर रूट पर चलती थीं। एनडब्लूआर ने एक बयान में कहाकि ट्रेन नंबर 20981/82 (उदयपुर सिटी-आगरा कैंट-उदयपुर सिटी) वंदे भारत एक्सप्रेस 15 फरवरी 2026 से नहीं चलेगी।

## अनसील्ड दस्तावेजों में 30 वैश्विक हस्तियों के नाम सामने आए, नेता-अरबपति और कलाकार शामिल

राजनीतिक और प्रभावशाली हस्तियों के नाम

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नई सार्वजनिक हुई जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी फाइलों को लेकर सोशल मीडिया पर तीखी बहस छिड़ गई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया गया है कि नई एपस्टीन फाइल्स में दुनिया के कई बड़े राजनीतिक नेताओं, कलाकारों, वैज्ञानिकों और उद्योगपतियों के नाम सामने आए हैं। हालांकि यह स्पष्ट किया गया है कि इन फाइलों में नामों का आना किसी भी व्यक्ति के खिलाफ अपराध सिद्ध होने का प्रमाण नहीं है। 2019 में जेफ्री एपस्टीन की मौत के बाद से लेकर 2024-26 के बीच, अमेरिकी अदालतों द्वारा 1,000 से अधिक पन्नों के दस्तावेज सार्वजनिक किए गए। इन फाइलों में फ्लाइट लॉग्स, ईमेल, कॉन्टैक्ट बुक्स, गवाहियों और आंतरिक मेमो शामिल हैं। इन दस्तावेजों में कई प्रभावशाली नाम सामने आए, लेकिन नाम आना अपराध सिद्ध होना, यह अंतर कानूनी तौर पर बेहद अहम है।यह सूची सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूज़र द्वारा 1 फरवरी को साझा की गई। पोस्ट में कहा गया कि नई एपस्टीन फाइल्स में कुछ प्रमुख नाम सामने आए हैं, जिसके बाद यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसी सूचियों को सावधानी से पढ़ने की जरूरत है, क्योंकि कई नाम केवल संपर्क, बैठक, यात्रा या संदर्भ के तौर पर दस्तावेज़ों में दर्ज हो सकते हैं। वायरल सूची में अमेरिका और दुनिया के कई प्रमुख राजनीतिक नाम शामिल बताए गए हैं। इनमें डोनाल्ड ट्रंप, जो बाइडन, बिल क्लिंटन, हिलेरी क्लिंटन, अल गोर, रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर, प्रिंस एंड्रयू, इज़राइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक, बिल रिचर्डसन, टॉम प्रिट्ज़कर, डग बैंड, पूर्व निदेशक लुईस फ्री और प्रसिद्ध विचारक नोम चॉम्स्की जैसे नाम शामिल बताए गए हैं। फिल्म, कला और ग्लैमर की दुनिया के नाम सूची में मनोरंजन जगत से जुड़े कई चर्चित नाम भी सामने रखे गए हैं। इनमें माइकल जैक्सन, लियोनार्डो डिकैप्रियो, केविन स्पेसी, जॉर्ज लुकास, मैडोना, केट ब्लैंचेट, कैमरन डियाज़, नाओमी कैंपबेल, हाइडी क्लम, क्रिस टकर, ब्रूस विलिस और बियांका जैगर के नाम शामिल हैं। वैज्ञानिक, शिक्षाविद और कारोबारी पोस्ट में विज्ञान और बिजनेस जगत की हस्तियों के नाम भी गिनाए गए हैं। इनमें स्टीफन हॉकिंग, बिल गेट्स, रिचर्ड ब्रैनसन, मार्विन मिन्स्की, ग्लेन डुबिन, ईवा एंडरसन डुबिन, लेस वेक्सनर, एबिगेल वेक्सनर, फेडरिक विकाई, एलेक्ज़ेंड्रा विकाई, पीटर लिस्टरमैन, रिकार्डो लेगोरेटा और एलन मस्क जैसे नाम शामिल बताए गए हैं।



## बीएनपी ने की मतदान केंद्रों पर फजर की नमाज पढ़ने की अपील

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को होने वाले आम चुनाव से ठीक पहले बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) के प्रमुख तारिक रहमान ने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से एक अनोखी अपील की है। उन्होंने कहा है कि चुनाव के दिन मतदान केंद्रों पर पहुंचकर फजर की नमाज अदा करें और वहां से वोटों की गिनती पूरी होने तक न हटें। बीएनपी प्रमुख के इस अपील के बाद चर्चाओं के बाजार गरम है, और लोग कई तरह के कयास लगा रहे हैं। लोग ये भी जानना चाहते हैं कि अखिर बीएनपी प्रमुख ने इस तरह की अपील क्यों की?

ढाका के जात्राबारी में रैली में तारिक रहमान ने कहा कि मतदान केंद्र पर जाएं और वहां फजर की नमाज अदा करें। वहीं रुकें ताकि कोई साजिश न रच सके। वोट डालना काफी नहीं है। वोट डालने के बाद मत जाइए। सुनिश्चित करें कि वोटों की सही गिनती हो। उन्होंने आगे कहा कि कई लोग कहते हैं कि फजर के बाद लाइन में लगें। मैं कहता हूं कि इस बार जल्दी उठें, तहज्जुद पढ़ें और फिर मतदान केंद्र जाएं। बता दें कि फजर की नमाज सुबह की अनिवार्य प्रार्थना है, जबकि तहज्जुद रात की स्वैच्छिक नमाज है, जो मुश्किल समय में ईश्वर से मदद मांगने से जुड़ी होती है। दरअसल, बांग्लादेश में चुनाव से पहले हिंसा की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जैसे मतदान केंद्रों में आगजनी, हथियारों के साथ गिरफ्तारियां, और राजनीतिक हत्याएं हो चुकी है। कहा तो ये भी जा रहा है कि पुलिस की कमी के कारण कानून-व्यवस्था बहुत ही खराब है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि अंतरिम सरकार (मोहम्मद यूनुस) के तहत पुलिस बल कमजोर है, जिससे केंद्रों पर कब्जे या गड़बड़ी की आशंका बढ़ गई है।



# एच-1बी वीजा प्रोग्राम खत्म करने के लिए अमेरिकी संसद में बिल पेश




● एच-1बी वीजा प्रोग्राम समाप्त ● एक लाख डॉलर किया गया शुल्क

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की संसद में एच-1बी वीजा प्रोग्राम खत्म करने के लिए एक बिल पेश किया गया है। एक रिपब्लिकन सांसद की तरफ से लाए गए बिल में यह कहा गया है कि कंपनियों ने इस प्रोग्राम का बार-बार दुरुपयोग किया है और सस्ते विदेशी कामगारों को अमेरिका लाया गया है।

अगर यह पारित होता है तो भारतीय खासे प्रभावित होंगे, क्योंकि एच-1बी वीजा भारतीय पेशेवरों में काफी लोकप्रिय है। अमेरिकी आइटी कंपनियां इसी वीजा के आधार पर विदेशी कामगारों को अपने यहां नौकरी देती हैं, जिनमें भारतीयों की बड़ी संख्या होती है।

अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में फ्लोरिडा से रिपब्लिकन सांसद ग्रेग स्ट्यूब ने एंडिंग एक्सप्लाइटेटिव इर्मोटेड लेबर इग्जेम्शन एक्ट या एग्जाइल एक्ट नामक बिल पेश किया है, जो आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम में संशोधन करेगा और एच-1बी वीजा प्रोग्राम को समाप्त करेगा।

ग्रेग ने कहा, विदेशी कामगारों को अमेरिकी नागरिकों की भलाई और समृद्धि पर प्राथमिकता देना हमारे मूल्यों और राष्ट्रीय हितों को कमजोर करता है। हमारे कामगार और युवा एच-1बी वीजा कार्यक्रम के कारण विस्थापित और वंचित होते जा रहे हैं।

हम अपने बच्चों के सपनों को सुरक्षित नहीं रख पा रहे, जबकि उनका हिस्सा गैर-नागरिकों को दे रहे हैं। इसलिए मैं अमेरिकियों को पहले रखने के लिए यह बिल पेश कर रहा हूं। उन्होंने बयान में कहा कि एच-1बी वीजा पाने वालों में 80 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय और चीन नागरिक हैं। यह एक गैर-आप्रवासी वीजा है। अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवाओं के माध्यम से गृह सुरक्षा विभाग के पास कानूनी रूप से प्रति वर्ष 65 हजार एच-1बी वीजा जारी करने का अधिकार है। इसके अलावे उच्च डिग्री वाले आवेदकों को अतिरिक्त 20 हजार वीजा प्रदान किया जाता है। अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर वर्ष हजारों कामगारों को नियुक्त करने के लिए एच-1बी पर निर्भर रहती हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी कार्यक्रम के दुरुपयोग को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए पिछले साल एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया था। इसमें नए एच-1बी वीजा के लिए शुल्क को बढ़ाकर एक लाख डालर कर दिया गया। इस कदम से भारतीयों में चिंता और भ्रम पैदा हो गया था।

# लेबर कोड के विरोध में आहूत हड़ताल को बैंक एवं बीमा संगठनों का समर्थन

## यूनियन एवं लेबर कानून नहीं बचेंगे तो हमारा अस्तित्व समाप्त हो जाएगा : एसएन दास

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन संगठनों द्वारा 12 फरवरी (आज) के आहूत एक दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल के पूर्व संध्या पर चास एवं बोकारो के बैंक एवं बीमा कर्मियों के संगठनों एआईबीईए, एआईबीओए, बीईएफआई, एआईआईईए के बैनर तले अखिल भारतीय संघर्ष में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया आंचलिक कार्यालय के समक्ष एक विशाल प्रदर्शन किया। जिसमें महिला साथियों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रदर्शन में बैंकों में कार्यरत अन्य संगठन जो हड़ताल में शामिल नहीं है किंतु अपना नैतिक समर्थन दिया उनके भी सदस्यों ने इस प्रदर्शन में भाग लिया। आज का यह प्रदर्शन मूलतः भारत सरकार द्वारा पूर्ण मजदूर विरोधी 29 लेबर लॉ को समाप्त कर नए कर 4 लेबर कोड लागू करने, बैंकों का निजीकरण, बैंकों का समावेशन तथा बीमा क्षेत्र में 100% एफडीआई लाने, के विरोध में किया गया। बैंक ऑफ इंडिया ईम्पलाइज यूनियन, झारखंड स्टेट के उप महासचिव एस एन दास ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया कि हमारी यह लड़ाई अस्तित्व की लड़ाई है। कारण जब यूनियन और लेबर कानून ही नहीं बचेंगे तो हमारा वजूद ही समाप्त हो जाएगा। नए लेबर कोड के माध्यम से हमसे हड़ताल करने का अधिकार को कुंद करने की व्यवस्था की गई है। साथ ही नियुक्ति के बदले फिक्स्ड टर्म इम्पलाइंटमेंट, महिलाओं को समानता के अधिकार के नाम पर रात्रि पाली करवाने, यूनियन बनाने की पूर्व व्यवस्था को खत्म करने, काम के निर्धारित अवधि को बढ़ाने, आदि के साथ-साथ बीमा क्षेत्र में 100% विदेशी पूंजी निवेश की अनुमति देना, सरकारी क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण एवं समावेशन आदि के विरोध में हम कल पूर्णतया हड़ताल पर रहेंगे। एवं केंद्रीय श्रमिक संगठनों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर अपनी चट्टानी एकता को प्रदर्शित करते हुए आगे भी नए श्रम कानून को निरस्त करने हेतु अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे। प्रदर्शन को संबंधित करने वालों में प्रमुख रूप से बीमा क्षेत्र के एआईआईईए के क्षेत्रीय सचिव दिलीप कुमार झा, बैंक यूनियन के राजेश ओझा, राजेश श्रीवास्तव, नीरज तिवारी, पंकज कुमार, विभाष झा, प्रदीप झा, राकेश मिश्रा आदि के साथ सुशील सिंह, राकेश कुमार शर्मा,अजय कुमार, राजकुमार, राजीव कुमार, कृष्ण कुमार, संतोष कुमार, नवजीत सिंह,अक्षत कुमार सुजीत कुमार प्रमुख रूप से सक्रिय थे।




## प्रशासन के हस्तक्षेप से 307 श्रमिकों को मिली बड़ी राहत, लंबित मजदूरी का हुआ भुगतान

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एम/एस लक्ष्या पावरटेक प्रा. लि. के श्रमिक संजय कुमार महतो सहित चार अन्य कामगारों द्वारा प्रस्तुत शिकायत के आलोक में प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया। शिकायत एम/एस लक्ष्या पावरटेक प्रा. लि. से संबंधित थी, जो कि एम/एस इक्विनॉक्स इंजीनियरिंग लिमिटेड (ओएनजीसी लिमिटेड के मुख्य ठेकेदार) की उप-ठेकेदार कंपनी है। शिकायत में श्रमिकों द्वारा देय मजदूरी का भुगतान नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया था। प्रशासन द्वारा शिकायत की गंभीरता को देखते हुए प्रबंधन एवं संबंधित श्रमिकों के साथ विस्तृत बैठक एवं चर्चा आयोजित की गई। इस दौरान सभी पक्षों को सुना गया तथा तथ्यों की गहन समीक्षा की गई। प्रशासन की ओर से सतत समझाइश, प्रभावी हस्तक्षेप एवं समन्वयात्मक प्रयास किए गए, जिसके फलस्वरूप श्रमिकों को लंबित मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित कराया जा सका। कुल 307 श्रमिकों को ₹61,86,598 की राशि का भुगतान सुनिश्चित हुआ। उल्लेखनीय है कि इस कुल राशि में पूर्व में निपटाई जा चुकी दो शिकायतों के अंतर्गत किया गया भुगतान भी सम्मिलित है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन द्वारा श्रमिक हितों की रक्षा हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी (केंद्रीय) दुर्गा प्रसाद बारीक ने कहा कि श्रमिकों के वैधानिक अधिकारों की सुरक्षा एवं समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। किसी भी स्तर पर श्रमिकों के शोषण या मजदूरी भुगतान में लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसी शिकायतों पर त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### महिला सशक्तिकरण को लेकर बुंडू पंचायत में बैठक आज

**पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल स्थित तेनुघाट में प्रेसवार्ता कर कश्वि ट्रस्ट की शिक्षिका पूजा सिन्हा ने बताया कि 12 फरवरी को 11बजे अपराह्न को महिला सशक्ति करण को लेकर पेटरवार स्थित बुंडू पंचायत में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम की जानकारी कश्वी ट्रस्ट की शिक्षिका श्रीमती सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिए एक सशक्त एवं संरक्षित मंच प्रदान करना है। वहीँ श्रीमती सिन्हा ने कहा, झारखंड मे महिलाओं के शिक्षा, अजीविका, रोजगार तथा सामाजिक चुनौतियों से सम्बंधित अपने मुद्दे को साझा कर और संस्थागत समन्वय के माध्यम से सामूहिक समाधान तालासा जा सके। वहीँ इस कार्यक्रम मे पंचायत प्रतिनिधियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला नेतृत्वकरता तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि भाग लेगें। वहीँ संवाद के दौरान लोगो के द्वारा प्राप्त सुझावो एवं विचारों का दस्तावेजीकरण कर प्रखंड स्तर पर महिला-केंद्रित पहलों को सुदृढ़ करने हेतु एक कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

### पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को अफवाहों पर विशेष नजर रखने का दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो एसपी कार्यालय सभागार में आज मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता एसपी हरविंदर सिंह ने की। इस मौके पर सभी डीएसपी इंस्पेक्टर सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। अपराध के रोकथाम और



बच्चा चोरी के अफवाह पर विशेष रूप से सजग रहने का निर्देश एसपी के द्वारा दिया गया। एसपी हरविंदर सिंह ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश जारी किया है कि कोई भी ब्लैक फिल्म लगे गाड़ियों के शीशे अगर दिखाई देते हैं तो उसे तुरंत हटाते हुए उसे पर मोटरबाइक लिफ्ट के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाल के दिनों में बच्चा चोरी किए जाने की अफवाह जोरों पर फैल रही है। इसको लेकर जागरूक करने की जरूरत है। जिन भी गाड़ियों में ब्लैक शीशे का इस्तेमाल हो रहा है।उन पर पर कार्रवाई की भी जरूरत है। क्योंकि अपराधी ब्लैक शीशे का इस्तेमाल कर अपराध को अंजाम दे सकते हैं । उन्होंने आम लोगों से भी अपील की ही लोग काले शीशे का इस्तेमाल नहीं करें।

नमिता देवी हत्याकांड का अभी तक खुलासा नहीं

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त

**चन्दनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो की नमिता देवी को इंसाफ दिलाने की लड़ाई अब फाइलों और घोषणाओं में उलझती नजर आ रही है। हाल ही में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से एक आधिकारिक घोषणा जारी हुई, जिसमें नमिता देवी हत्याकांड के फरार आरोपियों की पहचान बताने वाले को 20 हजार रुपये ईनाम देने की घोषणा की गई है। पुलिस जनता से सहयोग मांग रही है क्योंकि अपराधी अब भी 'अज्ञात' और 'फरार' हैं। लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चास, प्रवीण कुमार सिंह का एक बयान चर्चा में आया। चर्चा है कि एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा जा चुका है। अब सवाल यह उठता है कि अगर एक आरोपी पकड़ा जा चुका है, तो पुलिस के अनुसंधान की रफ्तार कहाँ थम गई? नमिता देवी हत्याकांड में 'ईनाम' की घोषणा ने पुलिस की सक्रियता तो दिखाई है, लेकिन विरोधाभासी सूचनाओं ने 'पोल' भी खोल दी है। क्या पुलिस किसी बड़े चेहरे को बचाने की कोशिश कर रही है, या फिर जांच के तार कहीं उलझ गए हैं? बोकारो पुलिस को अब इन सवालों का जवाब देना होगा ताकि नमिता देवी को मिलने वाले न्याय में और देरी न हो।

### जवाहर लाल नेहरू जैविक उद्यान में पुष्प प्रदर्शनी 21 व 22 फरवरी को

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर प्रशासन - बागवानी विभाग द्वारा 21-22 फरवरी, 2026 को जवाहरलाल नेहरू जैविक उद्यान में एक पुष्प प्रदर्शनी ( पुष्पिता - 2026 ) का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में नगर बोकारो के नगरजनों द्वारा तैयार किये गए पुष्पों को प्रदर्शित करने का भी अवसर दिया जाएगा।. प्रदर्शनी के उपरान्त एक निर्णायक मण्डल द्वारा तीन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों को चुना जाएगा और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा. सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों को बसंत मेला - 2026 में नगर प्रशासन - बागवानी विभाग के द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा।. इच्छुक नगरजनों को पुष्पिता - 2026 में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

# नन्हें सूरज ने बड़े ही मासूमियत से उपायुक्त से कहा, मेरी कॉपी को चूहे ने खा लिया

## उपायुक्त ने अध्यनरत सभी बच्चों को तत्काल कॉपी खरीद बांटा, स्कूल बैग उपलब्ध कराने का भी दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, रिजनल हॉस्पिटल फुसरो में उस समय भावुक क्षण देखने को मिला, जब जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा मतदान केंद्रों के निरीक्षण के क्रम में अचानक विद्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, उपस्थिति पंजी, कक्षा संचालन और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने विद्यालय के बरामदे में बेंच पर बैठे अध्ययनरत बच्चों की कॉपियां पलट-पलट कर देखने लगे। वे नन्हें बच्चों से पढ़ाई के बारे में सवाल पूछ रहे थे और उनकी लिखावट झ पढ़ाई की भी जांच कर रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर एक नन्हें छात्र, सूरज की कॉपी पर पड़ी, जिसके कई पन्ने फटे हुए थे।




उपायुक्त ने स्नेहपूर्वक पूछा, - तुम्हारी कॉपी क्यों फटी है ?

सवाल सुनकर सूरज कुछ क्षण चुप रहा, फिर मासूमियत से बोला - सर, मेरी कॉपी को चूहे ने खा लिया है।

**उपायुक्त ने तत्काल मदद का दिया निर्देश**

नन्हें बच्चे की सादगी और परिस्थितियों को समझते ही उपायुक्त ने उपस्थित एसडीओ बेरमो श्री मुकेश मछुआ को तत्काल अध्ययनरत बच्चों को कॉपियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारी को स्कूल बैग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा, ताकि बच्चे अपनी पढ़ाई की सामग्री सुरक्षित रख सकें। आगे, कुछ ही क्षणों में उपायुक्त द्वारा अध्ययनरत सभी दस बच्चों के बीच कॉपी बांटा गया।

**विद्यालय की अव्यवस्था पर डीसी ने जताई नाराजगी**

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं और संचालन व्यवस्था की कमी भी सामने आई। इस पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए बेरमो बीडीओ को निर्देश दिया कि बच्चों का पठन-पाठन कार्य अविलंब समीप के सामुदायिक केंद्र में अस्थायी रूप से शिफ्ट कराया जाए। साथ ही उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा को विद्यालय की मरम्मत से संबंधित प्रस्ताव अविलंब जिला मुख्यालय को समर्पित करने का निर्देश दिया।

**बच्चों से उपायुक्त ने किया संवाद, पूछा झ फरवरी में कितने दिन होते हैं ?**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बच्चों के साथ आत्मीय संवाद भी किया। उन्होंने सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे, जिनमें फरवरी माह में कितने दिन होते हैं ? भी शामिल था। बच्चों ने उत्साहपूर्वक जवाब देकर अपनी तैयारी दिखाई।

# डीइओ सह डीसी ने फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का लिया जायजा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 अंतर्गत फुसरो नगर परिषद क्षेत्र में आगामी चुनाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने बुधवार को विभिन्न मतदान केंद्रों (सामुदायिक भवन सह वार्ड विकास केंद्र फुसरो, रामरतन उ. वि. ढ़ोरी, प्र. वि. रिजनल हास्पिटल फुसरो,कपूरी ठाकुर सामुदायिक भवन करगली, पीडब्ल्यूडी कार्यालय बेरमो,डीएवी पब्लिक स्कूल ढ़ोरी आदि) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीईओ सह डीसी ने विशेष रूप से साफझसफाई की व्यवस्था सुदृढ़ रखने, पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने, शौचालयों को क्रियाशील स्थिति में रखने तथा मतदान केंद्र का नाम स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने और वैकल्पिक बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो। कहा कि मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग होगी। इसलिए बिजली की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए।

**मतदाताओं व मतदान कर्मियों को नहीं हो असुविधा**

निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए बैठने की व्यवस्था, छाया, रैंप और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कई मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां स्वच्छता, सुगम पहुंच और व्यवस्थित प्रबंधन का विशेष ध्यान रखा जाए।

**दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था का निर्देश**

डीईओ सह डीसी ने दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने और वापस घर पहुंचाने की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही, मतदान केंद्रों पर व्हीलचेयर, रैंप और स्वयं सेवकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी मुकेश मछुआ, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निवार्ची पदाधिकारी मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी बेरमो सह निवार्ची पदाधिकारी संजीत कुमार, अंचलाधिकारी जरीडीह सह निवार्ची पदाधिकारी ऋतुराज, एवं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे। डीईओ सह डीसी ने सभी को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।

**निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय का भी किया निरीक्षण**

डीईओ सह डीसी अजय नाथ झा ने नगर परिषद फुसरो के निवार्ची पदाधिकारियों के कार्यालय प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल कार्यालय बेरमो का भी निरीक्षण किया। विभिन्न जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में निर्वाचन संबंधित ब्रांडिंग को लेकर जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। उन्होंने मतदाता पर्ची का वितरण शुरू करने को कहा।

# गोमिया में बाल विवाह रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रखंड सह अंचल कार्यालय गोमिया एवं कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पेटरवार में बाल विवाह मुक्त रथ का स्वागत करते हुए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस दौरान गोमिया प्रखंड कार्यालय में बाल विवाह निषेध रोकथाम से संबंधित जागरूकता रथ का स्वागत किया। जागरूकता रथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों एवं गांवों में भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों, दंडनीय अपराध तथा इसके सामाजिक-शैक्षणिक प्रभावों की जानकारी देगा। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे



पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी आफताब आलम एवं प्रमुख प्रमीला चोवडे ने बाल विवाह मुक्त रथ यात्रा को स्वागत किया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों ने बाल विवाह के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए समाज से इसे जड़ से समाप्त करने की अपील की। इस अवसर पर अंचल अधिकारी आफताब आलम ने बाल विवाह रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे कानून का पालन करें और बच्चों को शिक्षा एवं बेहतर भविष्य देने में सहयोग करें। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी के रवि कुमार राय ,अनिल कुमार हेंब्रम, विकास कुमार गोस्वामी, सूरजमानी देवी,अशोक कुमार महतो, सुनील कालिंदी ,मंटू करमाली, पायल कुमारी आदि उपस्थित थी।

# डीसी व डीडीसी ने मैट्रिक- इंटर परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में संचालित मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने बेरमो स्थित राम रतन उच्च विद्यालय ढ़ोरी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में उन्होंने परीक्षा कक्षों, वीक्षण व्यवस्था,सीसीटीवी, केंद्र पर तैनात दंडाधिकारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। डीसी ने केंद्राधीक्षकों एवं वीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराई जाए तथा परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थियों को अनुशासित एवं सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार ने भी बोकारो के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीयकृत मध्य विद्यालय बीएमपी झ फोर चास एवं प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय चास आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा के आयोजित विषयों की जानकारी ली। डीडीसी ने केंद्राधीक्षक से छात्रों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति से संबंधित जानकारी प्राप्त किया।

# प्रेक्षकों ने वज्रगृह एवं अन्य मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत, चास नगर निगम के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्याम नारायण राम एवं फुसरो नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर ने बुधवार को विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान, चास नगर निगम की निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ सुश्री प्रांजल ढ़ांडा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक ने वार्ड 01, 07 एवं 10 के मतदान केंद्रों का जायजा लिया और संबंधित निवार्ची पदाधिकारी तथा बीडीओ/सीओ - कार्यपालक दंडाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में, फुसरो नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर ने फुसरो नगर निगम क्षेत्र के हिन्दुस्तान पुल झ बेरमो एसएसटी चेक पोस्ट, वार्ड संख्या 13 एवं 06 के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्रों में एएमएफ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, डीईओ सह डीसी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में फुसरो स्थित गेस्ट हाउस में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर ने अपने सुझाव और आवश्यक दिशा-निर्देश सभी निवार्ची पदाधिकारियों को प्रदान किया। इस निरीक्षण और बैठक से यह सुनिश्चित किया गया कि आगामी नगर पालिका चुनाव 2026 सभी मतदान केंद्रों पर सुव्यवस्थित, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हों। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी मुकेश मछुआ, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निवार्ची पदाधिकारी मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी बेरमो सह निवार्ची पदाधिकारी संजीत कुमार, अंचलाधिकारी जरीडीह सह निवार्ची पदाधिकारी ऋतुराज, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह उपस्थित थे।



# डीइओ सह डीसी ने एस.एस.टी. चेक पोस्ट हिंदुस्तान पुल का किया निरीक्षण

## छोटे-बड़े सभी वाहनों की सघन जांच का दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पालिका (आम) निर्वाचन 2026 अंतर्गत फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत एस.एस.टी. चेक पोस्ट हिंदुस्तान पुल का बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों से आवागमन करने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों की जानकारी ली तथा वाहन पंजी (रजिस्टर) की जांच की। डीईओ सह डीसी ने चेक पोस्ट पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने का निर्देश देते हुए छोटे-बड़े सभी वाहनों की अनिवार्य रूप से जांच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी मुकेश मछुआ, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सह निवार्ची पदाधिकारी मुकेश कुमार, अंचलाधिकारी बेरमो सह निवार्ची पदाधिकारी संजीत कुमार, अंचलाधिकारी जरीडीह सह निवार्ची पदाधिकारी ऋतुराज, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। डीईओ सह डीसी ने सभी अधिकारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने और विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल

फोन नंबर- 9431145865 8210783623

आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655

E-mail- nbtimesbihar@gmail.com